CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 24°C
तापमान

सेंसेक्स 82,059.42
निफ्टी 24,945.45

सोना 96,530
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, मंगलवार 20 मई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 175 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 21 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### बाइडन प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर अवस्था में

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### हरप्रीत बरार ने पत्नी को समर्पित किया प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पाकिस्तान ने स्वर्ण मंदिर को बनाया था निशाना : सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो



- स्वर्ण मंदिर को निशाना बनाकर दागी थी मिसाइल
- एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था हमला
- ऑपरेशन सिंदूर के लिए बने सांसदों के डेलीगेशन में शामिल नहीं होंगे पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान ने अमृतसर के गोल्डन टेंपल पर निशाना बनाकर मिसाइल दागी थी। इसे भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था।

सेना के जवानों ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा भी दिखाया। वहीं पंजाब में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात एक जवान ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने अचानक फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। जिसे हमने नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह होते-होते दुश्मन घुटनों के बल पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा फहरा दिया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने एक और नया वीडियो जारी किया। इसमें सेना ने दिखाया कि पाकिस्तान की तरफ से दागे गए ड्रोन को कैसे मार गिराया। वेस्टर्न कमांड ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि हमने जमीन से आसमान की रक्षा की। इधर, तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का संदेश देने जाने वाले डेलीगेशन के साथ जाने से मना कर दिया है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि टीएमसी तय करेगी कि उनकी तरफ से डेलिगेशन में कौन जाएगा। केंद्र सरकार या भाजपा नहीं।

# संघर्ष विराम में नहीं थी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता

शाह टाइम्स ब्यूरो



- संसदीय समिति की बैठक में ट्रम्प के दावे पर उठे सवाल, विदेश सचिव ने कहा: फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था

**नई दिल्ली।** संसद के एनेक्सी भवन में विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के मध्यस्थता के दावे पर सवाल उठाए।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि संघर्ष विराम में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। यह फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हमेशा पारंपरिक क्षेत्र में रहा है और पड़ोसी देश की ओर से कोई परमाणु संकेत नहीं दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंच का इस्तेमाल किया था? इस पर मिस्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने समिति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संसदीय समिति को बताया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद, सतनाम सिंह, नवीन जिंदल, अपराजिता सारंगी, अरुण गोविल और आरपीएन सिंह शामिल हैं। बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष को लेकर हो रही है। पाकिस्तान को बेनकाब करने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में से एक का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मेरे प्रतिनिधिमंडल की ब्रीफिंग शुक्रवार को ही होगी। इसलिए मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा।

### सेना प्रमुख ने लोंगेवाल का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में जैसलमेर से कच्छ तक फैले रेगिस्तान में दुश्मन के नापाक इरादों को विफल करने के लिए सेना, वायु सेना और बीएसएफ के जवानों और अधिकारियों की सराहना की तथा स्थिति की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी ने सोमवार को कोणार्क कोर के अग्रिम क्षेत्रों में लोंगेवाला का दौरा किया और सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने विशेष रूप से सेनाओं और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई के दौरान तालमेल की समीक्षा की। इन संयुक्त कार्रवाइयों में न केवल दुश्मन के इरादों को कुंद किया गया, बल्कि पश्चिमी मोर्चे पर संचालन प्रभुत्व बनाए रखने में भी सफलता मिली ।

### जीईएम से लालफीताशाही खत्म, बचत भी सुनिश्चित : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकारी ई मार्केट प्लेस, जीईएम लालफीताशाही को खत्म कर वंचित लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, जिससे उन्हें बचत भी हो रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का जीईएम पर लिखा गया एक लेख साझा किया है। श्री मोदी ने इस पोस्ट में लिखा है कि सरकार के पारदर्शी शासन के प्रयासों को डिजिटल बढ़ावा मिला है। जीईएम इंडिया हाशिए पर पड़े लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, लालफीताशाही को खत्म कर रहा है और भारी बचत सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा है कि श्री गोयल ने इस विषय पर पूरी जानकारी देने वाला ज्ञानवर्धक लेख लिखा है।

### पहली बार BNS के तहत पांच आरोपियों को ठहराया दोषी

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 112 के तहत पहली बार आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने इस मामले में एक संगठित मोबाइल फोन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को एक वर्ष के सश्रम कारावास और प्रत्येक को 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया। अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अभियुक्तों को सजा सुनाते समय स्थानीय गिरगाम अदालत ने नए कानूनी प्रावधानों के तहत जब्त संपत्ति और इलेक्ट्रॉनिक पंचनामा सहित डिजिटल साक्ष्य को मान्य किया।

### ट्रेकोमा के उन्मूलन के लिए भारत सम्मानित

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत को आंखों की बीमारी 'ट्रेकोमा' के उन्मूलन के लिए मान्यता प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की जेनेवा 78वीं बैठक में डब्ल्यूएचओके महानिदेशक डा. घेब्रेयस टेड्रोस ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को 'ट्रेकोमा उन्मूलन प्रमाणपत्र' प्रदान किया। भारत को यह प्रमाण पत्र जन स्वास्थ्य की समस्याओं के निवारण के लिए प्रदान किया गया है।

### प्रो. महमूदाबाद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित सोशल मीडिया टिप्पणी के बाद हरियाणा पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के मामले का विशेष उल्लेख कर तत्काल सुनवाई की मांग पर कहा कि अदालत मामले को 20 या 21 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगी।

# भारत कोई धर्मशाला नहीं, जो सबको शरण देता रहे

## शीर्ष अदालत ने की श्रीलंकाई नागरिक की याचिका खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कोर्ट ने कहा: हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं
- शरणार्थी ने भारत छोड़ने के आदेश को दी थी चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई शरणार्थी से जुड़े एक मामले में सोमवार को कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। दुनियाभर से आए शरणार्थियों को भारत में शरण क्यों दें? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। हम हर जगह से आए शरणार्थियों को शरण नहीं दे सकते।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने यह टिप्पणी श्रीलंकाई तमिल नागरिक की शरण याचिका खारिज करते हुए की। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने श्रीलंकाई नागरिक को यूएपीए मामले में 7 साल की सजा पूरी होते ही तुरंत भारत छोड़ देने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर हस्तक्षेप करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की तरफ से आर. सुधाकरन, एस. प्रभु रामसुब्रमण्यम और वैरावन एएस ने कोर्ट में दलील दी। यह केस एक श्रीलंकाई तमिल नागरिक का है, जिसे 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) से जुड़े होने के शक में तमिलनाडु पुलिस की ब्रांच ने दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था। लिट्टे पहले श्रीलंका में सक्रिय एक आतंकी संगठन था। 2018 में एक निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 10 साल की सजा सुनाई थी। 2022 में मद्रास हाईकोर्ट ने -शेष पृष्ठ दो पर



## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मप्र के मंत्री शाह को फटकार

- जांच के लिए एसआईटी गठित करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर भाजपा नेता एवं मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के लिए उन्हें फटकार लगाई और जांच के लिए प्रदेश कैडर के तीन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने का सोमवार को आदेश दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने अपने आदेश में पुलिस महानिदेशक को मंगलवार तक एसआईटी गठित करने का आदेश देते हुए कहा कि इस बीच आरोपी शाह को गिरफ्तार नहीं किया जाए। शीर्ष अदालत ने आरोपी मंत्री शाह को जांच में सहयोग देने का भी आदेश दिया। पीठ अपने आदेश में कहा कि हम तीन आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी गठित कर रहे हैं। उनमें से एक आईजी या डीजीपी स्तर का अधिकारी होना चाहिए।

### हाईकोर्ट के सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन के हकदार: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों सहित सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पेंशन और सेवानिवृत्ति संबंधी लाभों के हकदार स्थायी या अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत सभी होंगे। पीठ ने कहा कि नियुक्ति के तरीके के आधार पर न्यायाधीशों के बीच सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों में अंतर करना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। यह अनुच्छेद समानता के अधिकार की गारंटी देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद टर्मिनल लाभों के लिए न्यायाधीशों के मध्य कोई भी भेदभाव अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले सभी उच्च न्यायालय न्यायाधीश पूर्ण पेंशन के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि इस आधार पर कोई अंतर नहीं किया जा सकता है कि कोई न्यायाधीश जिला न्यायपालिका से पदोन्नत हुआ है या बार से पदोन्नत हुआ है। पीठ ने अतिरिक्त न्यायाधीशों के परिवारों को भी समानता का लाभ दिया।

# सम्भल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी को झटका

## हाईकोर्ट ने की पुनरीक्षण याचिका खारिज

प्रयागराज, वार्ता



- हिन्दू पक्ष के वाद को उच्च न्यायालय ने पोषणीय माना

**इलाहाबाद उच्च** न्यायालय ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी है। न्यायालय के इस आदेश से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। सम्भल की शाही जामा मस्जिद को लेकर दाखिल हिन्दू पक्ष के वाद को उच्च न्यायालय ने पोषणीय माना।

कमीशन की जांच के लिए निचली अदालत के आदेश पर उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया। हाईकोर्ट ने कमीशन जांच एवं दाखिल वाद जारी रहने में हस्तक्षेप नहीं किया है। इसी के साथ न्यायालय ने पूर्व पारित अंतरिम आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने सोमवार को जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश दिया। न्यायालय ने अपने विस्तृत आदेश में सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए हिन्दू पक्ष की ओर से दाखिल वाद को पोषणीय माना। उच्च न्यायालय के इस आदेश से संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले को लेकर रास्ता साफ हो गया। इंतजामिया कमेटी ने पुनरीक्षण याचिका में दीवानी मुकदमे की पोषणीयता को चुनौती दी थी। सम्भल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका में सम्भल जिला न्यायालय में लंबित मूल वाद की आगे की अदालती कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस मामले में हिंदू पक्ष के वादी ने यह घोषणा करने की मांग की है कि उन्हें सम्भल जिले के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री हरिहर मंदिर में प्रवेश का अधिकार है, जो कथित तौर पर जामा मस्जिद है। इस मामले में न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने गत 13 मई को सुनवाई पूरी होने के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया था।

# फिर विवादों में ध्रुव राठी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यूट्यूबर ने सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाया, SGPC ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध यूट्यूबर ध्रुव राठी सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर विवादों में घिर गए हैं। राठी ने एक 'द राइज ऑफ सिख' शीर्षक से एक एआई वीडियो जारी किया है। जिसमें सिख योद्धाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो की कड़ी निंदा की है। बवाल के बाद यूट्यूबर ध्रुव राठी ने अपने चैनल से वीडियो को हटा लिया। हरियाणा के रहने वाले यूट्यूबर ध्रुव राठी (फिलहाल जर्मनी में रहते हैं) ने द सिख वॉरियर हू टेरिफाइड द मुगल शीर्षक से एक वीडियो बनाया है। इसमें उन्होंने सिखों को लेकर एआई से बनाए हुए कुछ विजुअल भी शामिल किए हैं। इसे लेकर सिख समुदाय के लोग आपत्ति जता रहे हैं। सिख समुदाय के लोग इसे सिख धर्मगुरु का अपमान बता रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने वीडियो की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार के चित्रण सिख रहत मर्यादा का उल्लंघन करते हैं, जो गुरु साहिबान के दृश्य रूप में प्रदर्शन पर रोक लगाती है।

# पंजाब में ISI के दो जासूस गिरफ्तार



- सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने में लगे हुए थे

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, आईएसआई को संवेदनशील सैन्य जानकारी उपलब्ध कराने में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि 15 मई को विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं से संकेत मिला कि सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, आईएसआई के साथ ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने में लगे हुए थे, जिनमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सेना की आवाजाही और प्रमुख रणनीतिक स्थान शामिल थे। श्री यादव ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच ने खुफिया सूचनाओं की पुष्टि की है। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और आठ कारतूस (-30 बोर) भी बरामद किए हैं। प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि आरोपी आईएसआई संचालकों के सीधे संपर्क में थे और उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रसारित की थी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि दोरंगला में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी और भी खुलासे होने की उम्मीद है।

### शोपियां में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों को जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) शोपियां, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 178 बटालियन और सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) द्वारा स्थापित एक चौकी पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उनकी तलाशी लेने पर चार हथगोले, दो पिस्तौल, 43 जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पुलिस ने कहा कि एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। शोपियां पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि आतंकवाद के खिलाफ एक उल्लेखनीय अभियान में, एसओजी शोपियां, सीआरपीएफ 178 बीएन और 34 आरआर के संयुक्त नाके पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी तलाशी लेने पर, 4 ग्रेनेड, 2 पिस्तौल, 43 जिंदा राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई और तदनुसार एक प्राथमिकी दर्ज की गई।




# भगोड़े नीरव को फिर लगा बड़ा झटका

## ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका, अब तक 10वीं बार हुई जमानत याचिका खारिज

लंदन, वार्ता

- नीरव मोदी पीएनबी के एक अरब डॉलर के घोटाले के मामले में है मास्टरमाइंड



**ब्रिटेन की हाईकोर्ट** ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में एक अरब डॉलर के घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को जमानत देने से इन्कार कर दिया। 2019 में हिरासत में लिए जाने के बाद यह 10वीं बार है, जब उसकी जमानत याचिका खारिज हुई है।

वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने एक बार फिर नीरव मोदी को जमानत देने से इन्कार कर दिया। नीरव मोदी पीएनबी के एक अरब डॉलर के घोटाले के मामले में मास्टरमाइंड है। यह फैसला 15 मई 2025 को उसकी चौथी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान लिया गया। ईडी ने आगे लिखा, सुनवाई में नीरव मोदी के बचाव पक्ष और भारत सरकार की ओर से पेश अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विस्तार से चर्चा हुई। ईडी ने लिखित में बताया कि कैसे नीरव मोदी ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) किया, शेल कंपनियों के जरिये पैसा ब्रिटेन जैसे दूसरे देशों में भेजा। घोटाले की राशि का एक हिस्सा जब्त करके वापस बैंकों को भी लौटाया गया है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं, इस फैसले के बाद सीबीआई ने एक बयान में कहा कि नीरव मोदी की नई जमानत याचिका लंदन की हाई कोर्ट (किंग्स बेंच डिवीजन) में खारिज कर दी गई। भारत की तरफ से क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के वकील ने जोरदार तरीके से विरोध किया, जिन्हें सीबीआई की एक मजबूत टीम ने मदद दी। सीबीआई ने कहा कि हमने अदालत में मजबूत दलीलें दीं, जिसकी वजह से यह याचिका खारिज हुई। नीरव मोदी 19 मार्च 2019 से ब्रिटेन की जेल में है। वह भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है और उस पर भारत में सीबीआई द्वारा 6498.20 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा चलाया जाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सैनिकों की नियुक्ति पर विचार करें उमर: महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अनुरोध किया है कि वह केन्द्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के अपने हाल के फैसले पर पुनर्विचार करें। सुश्री सईद ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखे अपने एक पोस्ट में केन्द्र शासित प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी के संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि सेवा. निवृत्त कर्मियों के लिए आम बेरा. जगारों की दुर्दशा को नजरअंदाज करना सामाजिक- आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ा सकता है। सुश्री सईद ने कहा कि उमर साहब को पत्र लिखकर मैंने उनसे आग्रह किया है कि वह प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के अपनी सरकार के फैसले पर पुनर्विचार करें। मेरे मन में हालांकि हमारे पूर्व सैनिकों के लिए बहुत सम्मान एवं कृतज्ञता है, लेकिन हमें जम्मू-कश्मीर में युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी के संकट को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जिनकी संख्या अब लाखों में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी सिर्फ आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह एक 'सामा. जिक आपातकाल' है।

### कश्मीर में अनैतिक कारोबार में चार लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में कुन्जर में पुलिस ने एक कथित अनैतिक तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को कहा कि विशिष्ट और विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुन्जर क्षेत्र में एक रैकेट का भंडाफोड़ किया। उन्होंने कहा कि पुलिस थाना कुन्जर की एक टीम ने एक त्वरित और समन्वित छापेमारी की, जिससे अनैतिक गतिविधियों में लिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उटिकू शेखपोरा के अब्दुल अहद वाजा, बरजुल्ला कुन्जर के मोहम्मद अब्दुल्ला वाजा और बामरोदा के बिलाल अहमद भट के रूप में की गई है। जबकि महिला की पहचान का खुलासा नहीं किया गया। पुलिस ने बताया कि कुन्ज़र थाने में अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (पीआईटीए) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### भारत की विदेश नीति फेल: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह से विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देश की की विदेश नीति पिछले छह-सात दशकों में निरंतर और प्रभावी रही है, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसकी नींव को केवल कमजोर करने का काम किया है। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पीएम ने भारत की विदेश नीति को खत्म कर दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेता ने कहा कि विश्व गुरु का ढिंढोरा पीटने से विदेश नीति नहीं बनती। विदेश नीति सिर्फ विश्व गुरु होने का दावा करना नहीं है।

# आतंकवाद के खिलाफ सरकार के हर फैसले के साथ: आप

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर साफ किया है कि आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार जो भी कदम उठाएगी उसमें पार्टी पूरी तरह साथ देगी। पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को कहा कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ कोई भी निर्णय लेगी या कदम उठाएगी, तो आप हमेशा उसके साथ खड़ी रहेगी। अब विश्व के तमाम मुल्कों को बताना जरूरी हो गया है कि पाकिस्तान में किस तरह आतंकवाद पनपता है और आतंकवादियों को प्रशिक्षित किया जाता है। इस आतंकवाद का खामियाजा भारत के लोगों को भुगतना पड़ता है और निर्दोष लोगों की जान जाती है।

सुश्री कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार सभी विपक्षी पार्टियों को साथ लेकर कुछ कदम उठाने के बारे में सोचा है। यह बहुत अच्छी पहल है, लेकिन इससे पहले यह भी जरूरी है कि प्रधानमंत्री अपने घर के अंदर उठे मुद्दों का भी समाधान करें। सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और उसमें प्रधानमंत्री खुद मौजूद रहें, ताकि विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विशेष तौर पर चर्चा की जा सके। आप नेता ने कहा कि सारी विपक्षी पार्टियां संसद का विशेष सत्र बुलाने की काफी दिनों से मांग कर रही हैं। प्रधानमंत्री को चाहिए कि वह विशेष सत्र बुलाएं और सारे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो।

# सुप्रीम कोर्ट ने डीआईसीसीआई को दी अंतरिम राहत

**नई दिल्ली, वार्ता**

उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय में लंबित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में दलित इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) को सोमवार को अंतरिम राहत दी।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी और निर्देश दिया कि डीआईसीसीआई को कार्यवाही में एक पक्ष के रूप में शामिल किया जाए। डीआईसीसीआई शुरू में उच्च न्यायालय की कार्यवाही में पक्ष नहीं था, जिसकी अगली सुनवाई 21 मई को होनी है। यह मामला तमिलनाडु सरकार की वार्षिक अंबेडकर बिजनेस चैंपियंस योजना (एएबीसीएस) के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार का आरोपों से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया, मौजूदा याचिकाकर्ताओं (डीआईसीसीआई) को प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाए।



■ मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश पर लगाई रोक

उच्च न्यायालय आवेदन पर विचार करे और सभी पक्षों को सुनने के बाद आदेश पारित करे। ऐसा आदेश पारित होने तक, इस आदेश (उच्च न्यायालय के) को स्थगित रखा जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि मामले में कोई भी आगे की कार्रवाई करने से पहले उच्च न्यायालय को डीआईसीसीआई को अवश्य सुनना चाहिए। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान यह भी सवाल किया कि उच्च न्यायालय ने अपनी गर्मी की छुट्टियों के दौरान इस मामले को इतनी जल्दी क्यों उठाया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश गवई ने पूछा, आखिर इतनी जल्दी क्या थी कि न्यायालय ने छुट्टियों के दौरान इस मामले को उठाया? यह मामला यूट्यूबर सवुक्कू शंकर द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से शुरू किया गया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि एएबीसीएस योजना को मनमाने ढंग से और अवैध रूप से डीआईसीसीआई को सौंपा गया था।

उन्होंने आगे दावा किया कि डीआईसीसीआई नेताओं के तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष और विधायक के सेल्वापेरुन्थगई से संबंध थे। साथ ही, यह भी दावा किया गया था कि इस योजना का लाभ इच्छित दलित लाभार्थियों के बजाय राजनीतिक रूप से जुड़े लोगों को दिया गया। शंकर ने मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच की मांग की है, जिसमें गड़बड़ी और राजनीतिक पक्षपात का आरोप लगाया गया है। जनहित याचिका पर मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति वी. लक्ष्मीनारायणन की अवकाश पीठ सुनवाई कर रही है। उच्च न्यायालय ने 14 मई को राज्य को नोटिस जारी किया था और नगर प्रशासन एवं जल आपूर्ति विभाग, एमएसएमई विभाग और चेन्नई महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (सीएमडब्ल्यूएसएसबी) सहित कई सरक. ारी विभागों को पक्षकार बनाया था। अदालत ने संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया था। इस मामले में 16 मई को नगर प्रशासन विभाग की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता जे. रविन्द्रन ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए और समय मांगा था। एएजी रविन्द्रन और महाधिवक्ता पीएस रमन दोनों ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर की गई थी और न्यायालय के निर्देश के बिना तमिलनाडु में सीबीआई के पास अधिकार क्षेत्र नहीं है।

## यूपी के नौ जिलों से फरियादी पहुंचे सीएम के पास

# अफसरों की जवाबदेही तय की जाएगी: योगी

**लखनऊ, वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का एकमात्र उद्देश्य प्रदेशवासियों की सुरक्षा, सम्मान और समस्याओं का समाधान करना है। इसी भावना के साथ सीएम सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में सभी फरियादियों से मिले, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में कुल 60 से अधिक फरियादी पहुंचे। सबसे अधिक मामले प्रयागराज जिले से आए। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा, पेंशन, सड़क, बिजली और जमीन विवाद से जुड़े मुद्दे रखे गए। सीएम योगी ने हर फरियादी को भरोसा दिलाया कि उनकी बात पर पूरा ध्यान दिया जाएगा और समस्या का समाधान हर हाल में कराया जाएगा। उन्होंने अफसरों से कहा कि वे संवे. दनशीलता के साथ लोगों की शिकायतों पर कार्य करें। सीएम ने न सिर्फ मंच पर बैठकर सुनवाई की, बल्कि खुद चलकर पीड़ितों के पास पहुंचे। वे लोगों से उनकी समस्याओं के साथ-साथ परिवार की स्थिति और ज़रूरतों के बारे में भी बात करते नजर आए। कई फरियादी के साथ बच्चे भी आए थे, जिन्हें मुख्यमंत्री ने दुलारा और चॉकलेट देकर पढ़ाई में अच्छा करने की सलाह दी।



■ सभी से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं
■ अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा कि सभी मामलों में समय से कार्रवाई हो और कोई भी पीड़ित बार-बार चक्कर लगाने को मजबूर न हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस बार जनता दर्शन में प्रयागराज से 8, देवरिया से 4, सहारनपुर, बस्ती और फतेहपुर से 3-3 फरियादी आए। वहीं मुरादाबाद, पीलीभीत, अमरोहा, गाजीपुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी और भदोही से भी दो-दो लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे।

### परंपरा को नियमित रूप से निभाया

जनता दर्शन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वह कार्यक्रम है, जिसमें वे सीधे आमजन से मिलते हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही योगी आदित्यनाथ ने इस परंपरा को नियमित रूप से निभाया है। गोरखपुर में जब वे महंत और सांसद थे, तब भी वे रोज सुबह जनता से मिलते थे। अब लखनऊ में भी यह सिलसिला जारी है। इसका उद्देश्य है कि शासन की ऊपरी परत तक आम जनता की आवाज सीधे पहुंचे और त्वरित न्याय मिले। यह जनता दर्शन उत्तर प्रदेश सरकार की 'जनसुनवाई' प्रणाली का एक मानवीय विस्तार है, जो बताता है कि सरकार सिर्फ फाइलों में नहीं, जमीन पर लोगों के बीच भी सक्रिय है। मुख्यमंत्री के इस व्यवहार को लोगों के बीच बेहद सकारामक प्रतिक्रिया मिल रही है।

### यूपी में अब प्रिंसिपल पहुंचेंगे बच्चों के घर परिजनों से पूछेंगे स्कूल न आने का कारण

**जब तक स्कूल नहीं आएगा, तब तक करेंगे फालोअप**

**लखनऊ।** यूपी के परिषदीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए नए निर्देश जारी किए गए हैं। बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि यदि कोई भी छात्र छह दिन या उससे अधिक दिन तक स्कूल से गैरहाजिर रहता है, तो स्कूल के प्रिंसिपल उस बच्चे के घर जाकर उसके परिजनों से मिलेंगे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव ने बताया कि प्रिंसिपल परिवार से बच्चे के स्कूल न आने का कारण पूछेंगे। साथ ही अभिभावकों से उसे स्कूल भेजने की बात कहेंगे। जब तक छात्र स्कूल नहीं आता, तब तक उसका फालोअप भी करते रहेंगे। निर्देश के अनुसार, अगर कोई छात्र एक महीने में 6 दिन, 3 माह में 10 दिन, 6 महीने में 15 दिन से अधिक विद्यालय से अनुपस्थित रहता है, तो प्रिंसिपल उसके माता-पिता को बैठक में बुलाएंगे और उनसे बातचीत करेंगे। इसके अलावा अगर छात्र 9 महीने में 21 दिन या पूरे शैक्षणिक सत्र में 30 दिन से अधिक अनुपस्थित रहते हैं, तो उनको अति संभावित ड्रॉपआउट की श्रेणी में रखा जाएगा। ऐसे छात्र अगर परीक्षा में 35 फीसदी से कम अंक प्राप्त करते हैं, तो उन्हें ड्रापआउट मानकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। अनुपस्थित रहने के बाद स्कूल आने वाले छात्रों के लिए विशेष कक्षा का संचालन किया जाएगा, ताकि उनकी शैक्षिक कमी को दूर कर अन्य छात्रों के साथ उसकी भी पढ़ाई निरंतर कराई जा सके। इस निर्देश के बाद अब स्कूल के प्रधानाचार्यो और अध्यापकों की जिम्मेदारियां बढ़ जाएंगी कि उनके स्कूल में छात्रों की ड्रापआउट संख्या कम हो। आगर ऐसा होता है, तो प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को विशेष कक्षाएं चलाकर अनुपस्थित रहने वाले छात्रों की पढ़ाई पूरी करवानी होगी। अब उन प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को भी सचेत रहना होगा, जो अपने स्कूल में छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए किसी तरह बच्चों का एडमिशन तो कर लेते थे, लेकिन वो स्कूल आएं या न आएं, इससे उनका कोई लेना-देना नहीं होता था।

# विदेश मंत्री के बयान पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान को 'कूटनीतिक विफलता' बताते हुए कहा है कि ऐसा कर भारतीय जनता पार्टी सरकार ने दूसरी बार आतंकवादी हाफिज सईद को बचाया है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पर जवाब देना चाहिए।

खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनी. तिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं। सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम भूमिका हो जाती है, जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि जयशंकर ने खुद मीडिया को बताया है कि हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था। अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है। क्या विद. ेश मंत्री को भरोसा है कि पाक के कहने पर आतंकवादी चुपचाप बैठेंगे। सवाल है कि विदेश मंत्री ने पहले पाकिस्तान को क्यों बताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले का न्याय नहीं मिल पाएगा, क्योंकि देश का नेतृत्व चीन और अमेरिका से डरता है। इस युद्ध में चीन और अमेरिका की भूमिका सबको मालूम है। अमेरिका खुद युद्ध रोकने में अपनी भूमिका बढ़-चढ़कर बता रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का मुंह नहीं खुलता। ऐसे कौन से राज हैं कि कभी अमेरिका और चीन के आगे इनके मुंह नहीं खुलते। जब भी मुंह खुलता है, तो इससे देश को सीधा नुकसान पहुंचता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि दरअसल इसे कूटनीति नहीं, बल्कि मुखबिरी कहा जाता है। विदेश मंत्री ने जो बोला उसे सबने सुना, फिर भी इस पर लीपापोती की जा रही है। क्या इसी मुखबिरी की वजह से मसूद अज़हर जिंदा बच गया और हाफिज सईद जिंदा भाग गया।



■ जयशंकर के बयान को कूटनीति विफलता बताया

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

**मुबई, वार्ता**

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज के अमेरिकी सरकार की रेटिंग घटाए जाने से वैश्विक धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 271.17 अंक लुढ़ककर 82,059.42 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 74.35 अंक टूटकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24945.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और



छोटी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.27 प्रतिशत बढ़कर 45,127.64 अंक और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत उछलकर 51,429. 95 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4273 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2531 में तेजी जबकि 1565 में गिरावट रही वहीं 177 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कुल 3005 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1842 में लिवाली जबकि 1074 में बिकवाली हुई, वहीं 89 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में लिवाली हुई, वहीं अन्य में तेजी का रुख रहा। इससे ऊर्जा 0.37, एफएमसीजी 0.07, आईटी 1.23, दूरसंचार 0.24, कैपिटल गुड्स 0. 16, तेल एवं गैस 0.32, टेक 1.07 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.33 प्रतिशत लुढ़क गए। वही हेल्थकेयर 0.58, यूटिलिटीज 0.42, ऑटो 0.41 और रियल्टी समूह के शेयरों में 2.22 प्रतिशत की तेजी रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक बढ़कर 82,354. 92 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 82,424.10 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 81,964.57 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### अब दिल्ली मेट्रो की टिकट उबर ऐप से होगी बुक

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवा प्रदाता कंपनी उबर के ऐप से अब दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की टिकटें बुक की जा सकेंगी। इसके लिए उबर ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ करार किया है। यह सुविधा यात्रियों को क्यूआर कोड और एपीआई-सक्षम भुगतान के माध्यम से टिकट बुक करने में सक्षम बनाएगी, जिससे उन्हें मेट्रो सफर के लिए अलग ऐप या लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा। उबर के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर प्रवीण नेपल्ली नागा ने कहा कि भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में गहराई से शामिल होना हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेंत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 53 रिंगिट की तेजी के साथ 3892 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.30 सेंट चढ़कर 49.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी:



मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100- 7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# खाली नहीं, काम करने वाले बढ़ते हैं आगे: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के संदर्भ में विवादित बयानों के फेर में फंसे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक पत्र लिखा है। कन्नौज सांसद ने लिखा है कि यह इस मामले में उनका अंतिम पत्र है, क्योंकि उन्हें जनहित के काम पर निकलना है। अखिलेश का यह पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया के बाद आया है, जिसमें उन्होंने सपा चीफ और उनकी पार्टी को नसीहत दी थी कि भाषा का संयम बरकरार रखा जाए।सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि खाली बैठे लोग बात आगे बढ़ाते हैं, काम करने वाले आगे बढ़ जाते हैं। चलो हम सब पीडीए मिलकर सकारात्मक राजनीति के मार्ग पर आगे बढ़कर संकल्प उठाएं कि अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे, सामाजिक न्याय का राज लाएंगे। उन्होंने लिखा कि जो लोग अपने दलों में पूछे नहीं जाते हैं, अपने मंत्रालय को नाकामी का तमगा पहनाते हैं, निरर्थक बातों में, चाटुकारिता में अपना दिन और समय बिताते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत कोई...** सजा को सात साल कर दिया और कहा कि सजा पूरी होने के बाद उसे देश छोड़ना होगा और निर्वासन से पहले शरणार्थी कैंप में रहना होगा। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह वीजा लेकर भारत आया है। श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है। उसकी पत्नी और बच्चे भारत में बसे हैं, और वह तीन साल से हिरासत में है, लेकिन निर्वासन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने बताया कि वह 2009 में श्रीलंकाई युद्ध में लिट्टे के सदस्य के रूप में लड़ा था, इसलिए श्रीलंका में उसे ब्लैक-गजटेड (वांटेड) घोषित किया गया है। अगर उसे वापस भेजा गया, तो उसे गिरफ्तारी और यातना का सामना करना पड़ सकता है। उसने यह भी कहा कि उसकी पत्नी कई बीमारियों से पीड़ित है और उसका बेटा जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्या शरणार्थियों के डिपोर्टेशन में भी हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया था।

# नए वक्फ कानून के समर्थन में उतरे मुस्लिम बुद्धिजीवी

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया: शीराज

मुस्लिम बुद्धिजीवियों के संगठन 'भारत फर्स्ट' ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनहित की दिशा में बेहद सामयिक एवं जरूरी कदम बताते हुए सोमवार को कहा कि इस कानून ने लंबे समय से दुर्व्यवस्था, मुकदमों और अनियमितताओं से जूझ रही भारत की मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों और सामाजिक कल्याण के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया है।

भारत फर्स्ट संगठन के राष्ट्रीय संयोजक शीराज़ कुरैशी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कौम का रहनुमा बनने के फेर में कुछ मुस्लिम नेता इस विधेयक पर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं कि सरकार वक्फ की जमीन हड़पना चाहती है, जबकि धारा 91-ख में साफ़ प्रावधान है कि किसी वक्फ संपत्ति का अधिग्रहण तभी हो सकता है, जब बोर्ड की मंजूरी हो और पूरी कीमत बाजार के दर से वक्फ विकास कोष में जमा हो। मालिकाना हक राज्य को हस्तांतरित नहीं होता। कुरैशी ने इस कानून से धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट पहुंचने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह संशोधन ऑडिट, डिजिटलीकरण एवं सीईओ की योग्यता जैसी प्रशासनिक पारदर्शिता से जुड़ा है और नमाज़, इमामत एवं मजहबी रस्मों में कोई दखल नहीं देता। उच्चतम न्यायालय ने 15 मई 2025 की सुनवाई में इसी बिंदु को रेखांकित किया कि वह केवल अंतरिम राहत पर सुनवाई कर रहा है, कानून के निलंबन पर नहीं। इस विधेयक से मुस्लिम पहचान को खतरे के आरोपों को हास्यास्पद करार देते हुए उन्होंने कहा कि तुर्किए, मलेशिया और खाड़ी देशों के जन सेवा कोष (औकाफ) मॉडल में इसी तरह के ऑनलाइन रजिस्टर और सामा. जिक-कल्याण कोटे के प्रावधान हैं और जब वहां मुस्लिम पहचान को कोई खतरा नहीं हुआ, तो यहां कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि विधेयक पर भावनाएं भड़का कर कुछ लोग चुनावों में लाभ चाहते हैं। इस विरोध के पीछे कारण है कि बोर्ड-स्तर पर पेशेवर भर्ती से उन लोगों की पकड़ ढीली पड़ सकती है, जो वर्षों से बिना योग्यता के पदों पर हैं। इस कानून के बारे में जानकारी का अभाव है और अधिकांश लोग डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, कैग ऑडिट, 50 फीसदी सामाजिक व्यय जैसे इसके प्रावधानों को पढ़े बिना ही इसका विरोध कर रहे हैं। कान्फ्रेंस में अन्य वक्ताओं ने कहा कि नया वक्फ कानून पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देता है।

इस कान्फ्रेंस में सैयद राशिद अली, फ़ैज़ान रहीस क़ुरैशी, अधिवक्ता जावेद खान सैफ़, ताहिर खान, सैफ़ राणा, मोहम्मद साबरीन, अधिवक्ता सैफ़ क़ुरैशी, अकील खान, कैसर अंसारी, इक़बाल अहमद, मज़ाहिर खान, शालिनी अली, नज़ीर मीर, मौलाना कोकब मुज़तबा, फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, इरफ़ान पीरज़ादा, मोहम्मद अफ़जाल, अबू बकर नकवी और अधिवक्ता दीवान सैफ़ुल्लाह भी मौजूद थे। इन लोगों ने कहा कि नई व्यवस्था से वक्फ की प्रशासनिक सरंचना सुदृढ़ होगी। बहु-धार्मिक प्रतिनिधित्व के लिए जोड़ी गई नई धारा 14-क के अनुसार प्रत्एक राज्य के लिए वक्फ बोर्ड में एक गैर-मुस्लिम कानूनी विशेषज्ञ तथा एक महिला सामा. जिक-कार्यकर्ता को नामित करना अनिवार्य है, ताकि सभी हितधारक वर्गों और लैंगिक दृष्टि से संतुलित निगरानी सुनिश्चित हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हर जरूरतमंद को मिले पक्का आवास:मलिक

## आयुष्मान कार्ड का न हो दुरूपयोग, समय से मिले पात्रों को पेंशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रमुखता के आधार पर पात्रों को दिया जाये। उन्होंने आयुष्मान योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनवाने के निर्देश दिये जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना में हर जरूरत मंद को आवास मुहैया कराने को कहा।

कलक्ट्रेट सभागार में पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने विकास कार्यो की समीक्षा की। सबसे पहले उन्होंने पीडब्लूडी विभाग द्वारा बनाये जा रहे गैस्ट हाउस के बारे में जानकारी ली। जिस पर अधिशासी अभियंता ने आश्वस्त किया कि अगस्त माह के अंत तक काम पूरा हो जायेगा। श्री मलिक ने सीएमओ सत्यपाल सिंह को निर्देश दिये कि वह गोल्डन कार्ड बनवाने के लिये जनता के बीच अधिक से अधिक प्रचार करें। इस कार्ड का किसी भी हाल में दुरूपयोग नहीं होना चाहिये। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि

### प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यो की समीक्षा

क्षतिग्रस्त ट्रांसफामर को निर्धारित अवधि में बदला जाये। ग्रामीण, शहरी तथा टयूबैल को जो शेडयूल है उसके हिसाब से लोगों को विद्युत आपूर्ति की जाये। आंधी तूफान के कारण जिन गावों की बिजली अभी तक बाधित है उसे जल्द से जल्द सुचारू कराया जाये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत अधिक से अधिक महिलाओं को व्यवसाय से जोड़कर योजन का लाभ दिलाये। श्री मलिक ने उपकृषि निदेशक को आदेश दिये कि पीएम किसान सम्मान योजना के अन्तर्गत जो किसान छूट गये है कैम्प लगाकर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाये। जिले के किसानों को खाद, बीज व उर्वक की कमी नहीं होनी चाहिये। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन का सत्यापन कराकर समय पर पात्रों को लाभ दिलाये। शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने अपनी निधि से लाइब्रेरी बनवाने का प्रस्ताव रखा। बीएसए मोनिका ने आपरेशन काया कल्प तथा पाठय पुस्तकों के बारे में जानकारी देते बताया कि सभी बच्चों को पुस्तकों को वितरण कर दिया गया है। प्रभारी मंत्री ने टीबी को समाप्त करने के लिये चलाये जा रहे 100 दिन के अभियान की जानकारी भी ली तथा कहा कि लोगों की अधिक से अधिक जांच कराकर दवाई का वितरण कराया जाये। प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों को चेताते कहा कि जो निर्देश उनके द्वारा दिये गये है उसे अमल में लाया जाये। इस मौके पर डीएम निधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनन्द, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम ब्रजेश त्रिपाठी, सीएमओ सत्यपाल सिंह, परियोजन निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में विकास कार्यों की समीक्षा करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक।

## नकदी समेत हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** चोरों ने नकदी समेत हजारों कीमत का जेवर चोरी कर लिया। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी गयी है।

घटना थानाक्षेत्र के गांव हुसैनपुर की है। यहां जयपाल सिंह पुत्र मटरू का परिवार रहता है। 17 मई को परिवार के लोग घर में सो रहे थे। रात किसी समय चोरो ने घर मेंधावा बोलकर सेफ में रखी एक जोड़ी सोने के कुंडल, दो चांदी की चीजें, 1500 रूपये की नकदी, एक बकरा व एक बकरी चोरी कर ली। घटना की जानकारी सुबह होने पर हुई। सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची, छानबीन की। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

# मनरेगा में फंसे तीन वीडीओ को हाईकोर्ट से राहत

## तीनों की गिरफ्तारी पर रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बहन शबीना की ससुराल से जुड़े मनरेगा घपले में फंसे तत्कालीन तीन ग्राम पंचायत सचिव को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। याचिका पर जारी सुनवाई के बीच हाईकोर्ट ने चार्जशीट दाखिल नहीं होने और अगली सुनवाई नहीं होने तक तीनों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। इससे पूर्व हाईकोर्ट ने आरोपियों में शामिल तत्कालीन लेखाकार बिजेंद्र पाल की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

जानकारी के मुताबिक फरवरी माह में जोया ब्लॉक की ग्राम पंचायत पलौला में मनरेगा मजदूरी हड़पने के नाम पर की गई घपलेबाजी का चौकाने वाला खुलासा हुआ था। दरअसल, पलौला में क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बहन शबीना की ससुराल है और उनकी सास गुले आयशा मौजूदा ग्राम प्रधान हैं। शमी की बहन शबीना व बहनोई गजनवी समेत परिवार के 18 लोगों के जॉब कार्ड बनाकर मजदूरी निकाली जा रही थी। खुलासा होने पर डीएम निधि गुप्ता ने पूरे मामले में जांच बैठा दी थी। इसके बाद ग्राम प्रधान से 8,68,344 लाख रुपये की रिकवरी भी की गई थी। जांच के बाद बीती तीन मार्च को बीडीओ जोया लोकचंद ने मामले में तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव पृथ्वी सिंह, अंजुम, हुमा परवीन के अलावा तत्कालीन लेखाकार विजेंद्र सिंह, तत्कालीन कम्पयूटर ऑपरेटर मनरेगा शराफत अली, तकनीकी सहायक अजय निमेश, तत्कालीन एपीओ बृजभान सिंह और सेवा मुक्त ग्राम रोजगार सेवक झम्मन सिंह के घखिलाफ डिडौली कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। प्रशासनिक जांच में दस्तावेजी रिकार्ड से आरोपों की पुष्टि होने पर मामले में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने तीनों पंचायत सचिव समेत सभी आठ कर्मियों को पहले ही निलंबित कर दिया था। मामले में तत्कालीन पंचायत सचिव हुमा परवीन, अंजुम और पृथ्वी सिंह ने एफआईआर को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट की शरण ली थी। इसके अलावा गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए भी हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था।

# दरोगा की तहरीर पर तीन सगे भाईयों पर रिपोर्ट

## जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईकोर्ट में सीए दाखिल करने के लिए मुकदमे के आरोपियों से दस हजार रुपये मांगने के मामले में वीडियो वायरल होने के बाद निलंबित चल रहे दरोगा परशुराम की तहरीर पर अमरोहा देहात थाने में तीन सगे भाईयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों पर धोखाधड़ी के मुकदमे में चार्जशीट दाखिल करने की रंजिश में घेरकर मारपीट करने तथा जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप है। इसके अलावा अदालत को भ्रमित कर झूठा मुकदमा दर्ज कराने का भी आरोप है।

एसपी अमित कुमार आनंद ने करीब दो महीने में शहर की वासुदेव चौकी के प्रभारी परशुराम को निलंबित कर दिया था। दरअसल, उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें दरोगा परशुराम शहर के मोहल्ला त्रिपोलिया निवासी मुजीबुर्रहमान से हाईकोर्ट में काउंटर एफिडेविट करने के नाम पर दस हजार रुपये मांगते हुए दिख रहे थे। इससे पहले मुजीबुर्रहमान व उसके दो भाईयों के खिलाफ शहर कोतवाली में गाली–गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। हाईकोर्ट ने इस मुकदमे में स्टे कर विवेचक को सीए दाखिल करने का आदेश दिया था। दरोगा परशुराम का आरोप है कि इससे पहले उन्होंने आरोपियों से संबंधित धोखाधड़ी के एक मुकदमे की विवेचना की थी। जिसमें मोहम्मद अजीम उर्फ नईम, मोहम्मद शमी और मुजीबुर्रहमान आरोपी थे। मामले में दरोगा परशुराम की ओर से आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी जबकि आरोपी पक्ष मुकदमे एफआर लगाना चाहता था लेकिन चार्जशीट दाखिल होने के बाद आरोपियों ने उनके साथ रंजिश रखनी शुरू कर दी। इसके चलते ही आरोपियों ने एक फर्जी वीडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल कर दरोगा परशुराम को निलंबित करा दिया था। आरोपियों ने मुकदमा खत्म नहीं करने पर दरोगा को झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी दी थी। मामले में निलंबित चल रहे दरोगा परशुराम 23 अप्रैल को किसी काम से पुलिस ऑफिस जा रहे थे। उनका आरोप है कि जैसे ही कचहरी के पास जिला जज के आवास वाले रास्ते पर पहुंचे, तभी मोहम्मद शमी, मोहम्मद अजीम उर्फ नईम ने बाइक आगे लगाकर रास्ता रोक लिया और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। तभी पीछे से मुजीबुर्रहमान भी मौके पर आ गया। तीनों आरोपियों ने दरोगा परशुराम के साथ मारपीट का प्रयास किया, लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। दरोगा परशुराम का आरोप है कि तीन आरोपी लगातार मानसिक रूप से उत्पीड़न कर रहे हैं, जिससे उनकी जान को खतरा बना है। सीओ अवधभान भदोरिया ने मामले में मोहम्मद अजीम, मोहम्मद शमी और मुजीबुर्रहमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कर जांच शुरू करने की बात कही। बताया कि आरोपी आपस में सगे भाई हैं।

## रंगोली, दौड़ व निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में भाजपा संगठन के तत्वाधान में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्जयंती के अवसर पर रंगोली व दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की और उन्हें पुरस्कृत किया। वहीं विद्यालय के तत्वाधान में आयोजित दूसरे कार्यक्रम में

### बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करके पाई सराहना

अरुणाचल एवं मेघालय की स्थानीय भाषाओं पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने विचार व्यक्त किए, जबकि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार, पप्पू कुमार यादव, उमेश कुमार, महेश कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

# धार्मिक स्थल पर छात्र से हैवानियत

## वीडियो देख उड़े पिता के होश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना इलाके में तीन नाबालिकों की तरफ से अपने से आधी उम्र के एक अन्य नाबालिक कक्षा एक के छात्र संग हैरान करने वाली आपराधिक घटना सामने आई है। आरोप हैं कि पहले तो आरोपियों ने नाबालिक को अपने साथ खेल में लगाया इसके बाद प्राइवेट पार्ट को पीड़ित के मुंह में डालकर वीडियो बनाया गया।

थाना क्षेत्र के एक गांव में मंदिर के बाहर बैठे तीन नाबालिक किशोरों ने गांव के ही कक्षा एक के सात वर्षीय मासूम छात्र से हैवानियत कर दी पहले उसे अपने साथ खेल में लगाया फिर मासूम के मुंह मे प्राइवेट पार्ट डालकर वीडियो भी बनाया और इस हैवानियत की घटना को अंजाम दिया। मासूम ने डर के कारण परिजनों को भी घटना की जानकारी नही दी। लेकिन जब मासूम के पिता ने मासूम के साथ हुई हैवानियत की वीडियो देखी तो उनके पांव तले जमीन खिसक गई। बताया जा रहा है कि मासूम के साथ घटना को अंजाम देने वाले तीनो नाबालिक किशोर भी उसी गांव के हैं और उम्र में पीड़ित छात्र से बड़े है। गांव निवासी युवक का आरोप है कि उनका सात वर्षीय पुत्र कक्षा एक का छात्र है। उनका मासूम बेटा रविवार की शाम गांव में ही अपनी दादी अम्मा को बुलाने के लिए किसी ग्रामीण के घर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में मंदिर के बाहर बैठे गांव के ही कुछ नाबालिक किशोरो ने उसे रोक लिया पहले तो उसे खेल में लगाया फिर उसके साथ अश्लीलता करते हुए हैवानियत की घटना को अंजाम दिया। आरोप हैं कि इस दौरान मासूम के मुह में प्राइवेट पार्ट डालकर उसका वीडियो भी बनाया गया। पीड़ित मासूम ने घर पर घटना की जानकारी नहीं दी लेकिन जब मासूम के पिता ने मासूम के साथ हुई हैवानियत की वीडियो देखी तो उनके पांव तले जमीन खिसक गई। पीड़ित छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उपनिरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि इस मामले में नाबालिक छात्र के पिता की तहरीर पर गांव के ही तीन नाबालिक किशोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है पीड़ित छात्र के बयान भी दर्ज कराए गए हैं मामले में नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# बिजिलेंस चैकिंग के नाम पर रुके अवैध वसूली

## व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता विद्युत द्वितीय से भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान से जुड़े व्यापारी अधिशासी अभियंता द्वितीय के कार्यालय पहुंचे तथा ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष खत्री मनोज टंडन ने बताया कि बिजली विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। स्मार्ट मीटर केबिल के बदले पैसे की वसूली की जा रही है। उन्होने ठेका निरस्त कर किसी दूसरी संस्था को ठेका देने की मांग की। नगर के 99 बिजलीघर में तैनात प्रवीण गोला टीजी 2 भ्रष्टाचार में संलिप्त है। वह उपभोक्ताओं को डरा धमकाकर अवैध वसूली कर रहा है। पूर्व में इसे अमरोहा से हटा दिया गया था लेकिन फिर इसकी तैनाती यही कर दी



गयी है। बिजिलेंस चैकिंग के नाम पर अवैध वसूली को रोका जाये। ज्ञापन सौंपने वालों कपिल शर्मा, समीर खान, कमर नकवी, रजा आदिल, मोनू यादव, हरीश अरोड़ा, अर्पण सिंघल, नबी पहलवान, फजल आदि मौजूद रहे।

# दो बच्चों का बाप साली को लेकर फरार

## साढ़ू ने दी कोतवाली में तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** ससुराल में बच्चों व पत्नी को छोड़कर दो बच्चों का पिता साली को लेकर फरार हो गया। पति ने पत्नी को बरामद करने के लिए कोतवाली में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी कस्बे के मोहल्ले की एक युवती से हुई थी। शादी के बाद महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। परन्तु इस बीच युवक के प्रेम संबंध अपनी साली से हो गये। जिसकी भनक उसकी पत्नी को लग गयी। घर में आये दिन क्लेश रहने लगा। जिससे परेशान युवक पत्नी व दोनों बच्चों को होली के पर्व पर मायके छोड़ आया। परन्तु उसके प्रेम संबंध साली से जारी रहे। इस बीच परिजनों को जब भनक लगी तो उन्होने युवती की शादी करा दी। परन्तु इसके बाद भी दोनों की प्रेम कहानी जारी रही। बीते दिन युवक अपनी साली को लेकर फरार हो गया। आज साढ़ू ने पत्नी को वापस दिलाने की गुहार को कोतवाली में तहरीर दी है।

# खेल के माध्यम से देंगे सामाजिक एकता की प्रेरणा

## क्रिकेटर मौहम्मद शमी ने की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। शिष्टाचार भेंट के दौरान शमी की सीएम के साथ राज्य के विकास, नेतृत्व और सामाजिक प्रगति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई. मोहम्मद शमी ने इस मुलाकात को प्रेरणादायक बताते हुए मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण और समर्पण की जमकर सराहना की।

क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने मुलाकात के बाद अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में सीएम योगी से मिलने का जिक्र करते हुए लिखा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के लिए एक प्रभावशाली विकास योजना प्रस्तुत की, जिसमें सतत विकास और समुदायों के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया. शमी ने कहा, मुख्यमंत्री के साथ चर्चा दूरदर्शिता, नेतृत्व और राज्य के लिए संभावनाओं से भरा है। उनका लक्ष्य सभी को सशक्त बनाना है. उनका संकल्प प्रेरणादायक है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मुलाकात को



सौहार्दपूर्ण बताया और शमी को भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, भारतीय क्रिकेट टीम के प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी से आज लखनऊ में शिष्टाचार भेंट हुई। इस मुलाकात को दोनों पक्षों ने सकारात्मक और प्रेरक बताया। योगी आदित्यनाथ ने मोहम्मद शमी के साथ खेल के माध्यम से सामाजिक एकता और युवा प्रेरणा को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर विचार साझा किए। शमी ने भी उत्तर प्रदेश में क्रिकेट और अन्य खेलों को बढ़ावा देने के लिए अपनी ओर से सहयोग का आश्वासन दिया। सीएम से मुलाकात के बाद क्रिकेटर ने आगे कहा, 'समुदायों को सशक्त बनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता गहराई से गूंजती है, जो हम सभी को सकारात्मक बदलाव में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। हमारे समाज की बेहतरी के लिए इस तरह के समर्पण को देखना आश्वस्त करने वाला है और मैं उत्तर प्रदेश के उज्जवल भविष्य की दिशा में इस सहयोगी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। साथ मिलकर, हम दृष्टि को वास्तविकता में बदल सकते हैं।

# फर्जी बिल निकालने में एसडीओ जेई व मीटर रीडर पर मुकदमा

## चैकिंग के दौरान किसानों को थमाया था दस लाख का बिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बिजली चेकिंग के दौरान किसान का 10 लाख 27 हजार 904 रुपये का फर्जी बिल निकालने के मामले में थाना पुलिस ने एसडीओ व जेई समेत मीटर रीडर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर मामले में कार्रवाई के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव रामपुर घना में किसान अकबर अहमद का परिवार रहता है। 15 जुलाई 2023 को उन्होंने एक नया घरेलू बिजली कनेक्शन लिया था। मीटर की रीडिंग के मुताबिक वह हर महीने में नियमित बिल जमा करा रहे थे। 3 अप्रैल 2024 में उन्होंने आखिरी बिल नौ हजार रुपये का जमा किया था। आरोप है कि 21 जून 2024 को एसडीओ आरके मिश्रा, जेई उदयराज सिंह अपने साथ जोया के रहने वाले मीटर रीडर मो. हसिन को लेकर घर पहुंच गए और 10 लाख 27 हजार 904 रुपये का बिल निकालने के बाद जमा कराने की बात कहकर तीनों गांव से चले गए। नए कनेक्शन पर लाखों रुपयों का बकाया बिल देख अकबर अहमद दंग रह गए थे। दफ्तरों के चक्कर लगाने के बाद एक्सईएन कार्यालय के बाबू ने बिल की धनराशि को घटाकर 3 लाख 20 हजार 613 रुपये कर दिया था। मामले में पीड़ित अकबर अहमद ने कोर्ट की शरण ली थी। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने भी प्रथम दृष्टया बिजली बिल को संदिग्ध माना। मामले में सीजेएम कोर्ट ने थानाध्यक्ष रजबपुर को एसडीओ आरके मिश्रा, जेई उदयराज व मीटर रीडर मोहसिन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए विवेचना करने का आदेश दिया था। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# सख्त पैरवी से अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता

## टॉप टेन सूची में शामिल चार बदमाशों को दिलाई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को उनके गुनाह की सजा दिलाने की अमरोहा पुलिस मुहिम असरदार साबित हो रही है। जनवरी से अब तक अदालतों में सशक्त पैरवी के चलते अमरोहा पुलिस टॉप टेन सूची में शामिल चार अपराधियों को सजा दिलाने में कामयाब रही है।

जानकारी साझा करते हुए एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि इसी कड़ी में मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव मिलक मोती खेड़ा के रहने वाले सुखबीर उर्फ पपिया को जानलेवा हमले से जुड़े दो मामलों में छह व सात साल की सजा हुई है तथा 11 हजार रुपये जुर्माना लगा है। वहीं, प्रभावी पैरवी के चलते ही गजरौला थाना क्षेत्र के गांव नाईपुरा के रहने वाले पिंदर को एनडीपीएस एक्ट में चार साल की जेल हुई तथा अदालत ने दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कांकर सराय के रहने वाले मोहम्मद रफी को भी गैंगस्टर एक्ट से जुड़े मुकदमे में दो साल तीन महीने 5 दिन की सजा कराई गई है। प्रभावी पैरवी के नतीजे में उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगा है। हसनपुर सर्किल से सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव ढक्का निवासी दिलशाद को गौवध अधिनियम से जुड़े मुकदमे में 30 दिन के कठोर करावास की सजा सुनाई गई है। अदालत से सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगा है। एसपी ने बताया कि उक्त चारों सजायाफ्ता संबंधित थानों की टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल थे। इसके अलावा दूसरे अपराधियों से जुड़े कई अन्य मुकदमों को भी चिन्हित करते हुए अदालतों में प्रभावी पैरवी की जा रही है। सजा के रूप में इसका नतीजा भी जल्दी सामने आएगा।

# जवानों के शौर्य का लोहा दुनिया ने माना

## सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से नगर में भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा होलीपार्क से शुरू होकर मेन मार्केट से होते हुए गोलघर तक निकाली गई, जहां देश के वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर यात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा पर मुस्लिम समाज के लोगो ने भी पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति गीतों के माध्यम से आमजन को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गौस्वामी ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा यात्रा मां भारती और भारतीय सेना के शौर्य का जयघोष है। यह विजयी संकल्प का उत्सव है ,जो हमारे जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये सिद्ध किया है। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि देश की सेना के शौर्य और पराक्रम का लोहा दुनिया ने माना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कूटनीतिक कौशल के साथ सैन्य सामर्थ्य का सही उपयोग कर विश्व को स्पष्ट संदेश दिया है कि अब भारत आतंक के खिलाफ चुप नहीं रहेगा। जिलाउपाध्यक्ष शरद गर्ग ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। यह यात्रा देश की एकता, अखंडता और वीर जवानों को श्रद्धांजलि का प्रतीक है। सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक कौशिक ने कहा कि हर नागरिक का दायित्व है कि वह देश की गौरवशाली परंपरा को जाने और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सम्मान दे। यह तिरंगा यात्रा उसी संकल्प का प्रतीक है। यात्रा में सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के चौयरमेन अभिषेक कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, जिलाउपाध्यक्ष शरद गर्ग, शुभम चौधरी, हेमंत सरस्वत, अशोक सैनी, गीतेश अग्रवाल, राजीव उपाधयाय, उमंग जैन, राजू बादशाह, रोहित शर्मा, सोनिया अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, विनेश चौधरी, प्रीति, मीनाक्षी सिंह, आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मंडी धनौरा। नगर में शौर्य यात्रा निकालते भाजपाई।

# व्यापारियों ने जाम की समस्या दूर करने की मांग की

## एसपी ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। व्यापारियों की समस्या को सुनने व उनके समाधान के लिए पुलिस कार्यालय सभागार में सोमवार को एसपी ने व्यापारिक संगठनों के पदधिकारियों के बैठक की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर न सिर्फ व्यापारियों से उनके सुझाव जाने बल्कि उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

एसपी अमित कुमार आनंद ने व्यापारियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए उनके साथ बैठक की। इस दौरान एसपी ने बैठक में मौजूद व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। व्यापारियों को पुलिस विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही व्यापारियों से दुकानों की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगवाने व उनकी समय-समय पर जांच करवाने की बात कही। साथ ही कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। जिससे समय रहते कार्रवाई कराई जा सके। यातायात के सुचारू रूप से संचालन एवं जाम की समस्या के निराकरण के लिए सड़क पर अतिक्रमण न करके अपने-अपने प्रतिष्ठान के अंदर ही व्यापार करने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने व्यापारियों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी। बताया कि किसी भी तरह के साइबर फ्रॉड का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। साथ ही, धमकी भरे कॉल या फर्जी पुलिस अधिकारी के कॉल आने पर थाने में शिकायत करने की सलाह दी गई। इस दौरान व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के अध्यक्ष खत्री मनोज टंडन, कमर नकवी, वाजिद अली, राकेश वर्मा, अनिल जग्गा व फैसल जफर आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में मजबूत हो रहा है भारत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद भारतीय सैनिकों के सम्मान एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभिनंदन के लिए भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव के नेतृत्व में सोमवार को नगर के स्व. रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क (अवंतिका पार्क) से 'शौर्य तिरंगा यात्रा' निकाली गई। जो पार्क से प्रारंभ होकर शिव मंदिर थाना चौराहा में पहुंचकर समाप्त हो गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत हो रहा है। आज का नया भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारता है। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों को समाप्त करने का काम किया है, जिसकी जितनी सराहना हो वह कम ही है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख पति चौ. विरेन्द्र सिंह, मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, अंजू कुमारी, डॉ.आशुतोष भूषण, महेश प्रधान, सुरेंद्र सिंह स्टेट, देवेश शर्मा, मनमोहन सिंह सेन, अंकुर नागर, शशि चौहान, सपना प्रजापति, डॉ.उत्तम सिंह प्रजापति, अनुराग बंसल, गजराज सिंह, प्रियंका शर्मा, सतेंद्र प्रधान सुखबीर सिंह, रविराज, उधम सिंह, चौ.सत्येंद्र, बृजपाल सिंह, संजीव कुमार, होशियार सिंह, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली 'शौर्य तिरंगा यात्रा'



# डंपर से टकराई रोडवेज बस, सात यात्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। गजरौला में बस और डंपर में टक्कर होने से सात यात्री जख्मी हो गए। देर रात हुए हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दिल्ली हाईवे पर रोडवेज बस आगे चल रहे डंपर में घुस गई। इस हादसे में सात यात्री घायल हो गए। उन्हें पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। क्रेन मंगाकर बस को हटवाकर यातायात सुचारु करवाया गया। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि रविवार रात सोहराब गेट मेरठ डिपो की रोडवेज बस को चालक नरेश व परिचालक फहीम रुपेडिया से दिल्ली लेकर जा रहे थे। करीब दो बजे बस गजरौला थाना क्षेत्र में शहबाजपुर डोर के निकट टूटी पुलिया के पास पहुंची थी। बस में 37 यात्री सवार थे। ड्राइवर का कहना है कि बस के आगे चल रहे डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे बस पीछे से उसमें घुस गई। बस में सवार नारद मुनि व अरुण पाल निवासी बहजोई, वीवाई खान और अशोक निवासी रामपुर, नरेंद्र पाल, इरफान, ऋषभ घायल हो गए। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान, औद्योगिक चौकी इंचार्ज सुनील चौहान पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। क्रेन मंगा कर बस को खिंचवाकर अलग किया। हादसे में घायलों को तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया।

■ मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल



# लूट के 22 साल पुराने मुकदमे में तीन साल की कैद

## सात हजार का जुर्माना भी ठोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अदालत ने लूट की 22 साल पुरानी वारदात में तीन साल कैद की सजा सुनाई तथा दोषी पर सात हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

मामला मंडी धनौरा थाना क्षेत्र से जुड़ा था। साल 2002 में बदमाशों ने एक किसान के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें बिजनौर जिले के चांदपुर के रहने वाले सुभाष और इसी थाना क्षेत्र के गांव नवादा के रहने वाला रामौतार, मुरादाबाद के मझौला थाना क्षेत्र के मोहल्ला सूर्य नगर का रहने वाला सुरेश कुमार शर्मा और चांदपुर कस्बे का रहने वाला काशी उर्फ रांची शामिल निकला था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार चालान किया था। फिलहाल सभी बदमाश जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई एफटीसी प्रथम की अदालत में चल रही थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने रामौतार को दोषी करार दिया। तीन साल कैद की सजा सुनाई तथा सात हजार रुपये जुर्माना लगाया।

# एडी हेल्थ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एडी हेल्थ डॉ.ऋतु कत्याल ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कार्यवाहक सीएचसी प्रभारी को सुधार के लिये जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में मरीजों व तीमारदारों के लिये पानी की व्यवस्था निश्चित रूप से होनी चाहिये। सोमवार में दोपहर के वक्त निरीक्षण को पहुंची एडी हेल्थ ने गर्मी के मौसम में विशेष वार्ड बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान टीबी के मरीजों की संख्या और दवाओं के बारे में पूछते हुए रैबीज इंजेक्शन के बारे में जानकारी ली। एडी हेल्थ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जो कमियां मिली हैं। उन्हें दूर करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में ओपीडी की व्यवस्था भी बेहतर मिली है और दवाएं आदि भी उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सक व कर्मचारी भी मौजूद मिले हैं। इस मौके पर कार्यवाहक सीएचसी प्रभारी डा. अजीत सिंह, डॉ.पल्लवी गंगवार, फार्मासिस्ट बीके शर्मा, डीपी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

■ गर्मी के मौसम में स्पेशल वार्ड बनाने के दिए निर्देश



# आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए भूमि का चिन्हीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली में बनने वाले राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए एसडीएम सुधीर कुमार ने भूमि का चिन्हीकरण किया है। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द चिकित्सालय का निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा। बताते चलें कि डिडौली में ग्राम समाज की भूमि पर पूर्व में सदर तहसील का निर्माण किया जाना था परन्तु किन्ही कारणवश तहसील का निर्माण गांव गुलड़िया में हो रहा है। बिल्डिंग भी बनकर लगभग पूरी तरह तैयार हो चुकी है। डिडौली में ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीन को सरकारी उपयोग में लेते यहां राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण के लिए चिन्हीकरण कर दिया गया हैं एसडीएम सुधीर कुमार, हल्का लेखपाल तेजपाल सिंह, आयुर्वेदिक चिकित्सक डा. दीपक अग्रवाल ने आज उक्त भूमि का निरीक्षण किया तथा चिकित्सालयके लिए इस जमीन का निरीक्षण किया।

# रंगोली में नैंसी ने पाया पहला स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के शिव इंटर कॉलेज में भाजपा संगठन के तत्वाधान में अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में कक्षा 10 व 12 के मध्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10 की छात्रा नैंसी प्रथम, कशिश द्वितीय व स्वीटी तृतीय रहीं। मुख्य अतिथि भाजपा नेता सत्यपाल सिंह पाल ने प्रतिभागियों के प्रयास को सराहा और अहिल्याबाई होल्कर के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डॉ.शलभ भारद्वाज ने भी अहिल्याबाई होल्कर के बारे में बताया। इस मौके पर गगन अग्रवाल, शैलेंद्र कुमार, जसपाल सिंह, चंचल रानी का सहयोग रहा।

■ नगर के शिव इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## गुस्साए परिजनों ने किया रोड जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। कार की टक्कर से बाइक सवार की उपचार के लिए मेरठ ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई जिससे पारिजनो में कोहराम मच गया गुस्सयाए परिजनों ने लगभग 5 घंटे अलीगढ़ मार्ग जाम रखा जिससे रोड पर गुजरने वाले वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई मौके पर पहुंची आदमपुर पुलिस एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत ने वमुश्किल लोगों को समझाकर जाम खुलवाया थाना आदमपुर क्षेत्र गांव बागडपुर छोईया निवासी प्रताप पुत्र शंकर उम्र लगभग 26 साल आज अपने गांव से बाइक द्वारा आदमपुर से रस्सी एवं नल का सामान लेने गया हुआ था आदमपुर से वापस आते हुए गांव से 1 किलोमीटर पहले आदमपुर संभल रोड पर कार ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर मारने के बाद कार बाइक सवार को काफी दूर तक घसीटती हुई ले गई जिससे बाइक सवार प्रताप बहुत बुरी तरह घायल हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उसे उपचार के लिए मेरठ ले जाने लगे लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया मृतक के पिता शंकर पुत्र चेतराम की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शब पीएम के लिए भेज दिया है मृतक अपने पीछे पत्नी एवं दो बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया ह



# सेना के सम्मान में निकाली शौर्य यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के द्वारा में नगर में सेना के सम्मान में शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। शौर्य यात्रा का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा तिरंगा दिखाकर किया गया। शौर्य यात्रा में पुरुष एवं महिलाएं देशभक्ति नारे लगाती हुई चल नहीं थी। भाजपा हाई कमान के निर्देश पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह शौर्य यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत सोमवार को हसनपुर नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद कार्यालय से महाराणा प्रताप चौक तक सेना के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। शौर्य यात्रा का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी द्वारा तिरंगा दिखाकर किया गया।देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों के बीच इसमें शामिल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सेना और भारत माता का जयघोष किया।इस मौके पर जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, उषा शर्मा, अतुल गर्ग, संजय शर्मा,कृष्णा वाल्मीकि, प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, बबीता सैनी,ज्योति गर्ग, मनोज गोयल,अमित अग्रवाल,विवेक शर्मा,अतुल शर्मा, दिनेश अग्रवाल, हिमांशु त्यागी, पंकज भटनागर, दीपमाला वर्मा सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# रानी आहिल्याबाई के जीवन पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर स्थित एक इंटर कॉलेज में शासन के निर्देश पर रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभा का बहुत ही सुंदर तरीके से प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों द्वारा किया गया। शासन के निर्देश पर पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्डर की 300 वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं उनके विषय में छात्र-छात्राओं को जानकारी देने के निर्देश दिये गये हैं। सोमवार को शासन के निर्देशों का अनुपालन करते हुए नगर स्थित श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में रंगोली एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षक विधायक डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों द्वारा किया गया। शिक्षक विधायक द्वारा छात्र-छात्राओं को रानी अहिल्याबाई होल्कर के इतिहास के विषय में विस्तार से बताया और बच्चों से आग्रह किया कि उनके जीवन से सीख लेकर कार्य करें। इसके बाद शिक्षक विधायक द्वारा प्रतियोगिता में विजय छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मुकेश बाबू, भाजपा नेता रामकिशोर चौहान, अक्षी अग्रवाल, राहुल शर्मा,अर्पण गुप्ता, मनोज गोयल, विवेक शर्मा, श्री नारायण यादव,संजय सिंह, रेखा सिंह, अभिषेक चौधरी,संदीप कुमार, हिमांशु त्यागी, महिपाल सिंह,सचिन कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बच्चों के जवाब से खुश एसडीएम ने खिलाई आईस्क्रीम

## कन्या पाठशाला स्कूल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सोमवार को नगर के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंची एसडीएम चंद्रकांता बच्चों का शैक्षिक स्तर देख काफी खुश हुई। जिस तरह से बच्चों ने सवालों के तुरंत जवाब दिए। इससे खुश होकर एसडीएम ने बच्चो का आइसक्रीम का वितरण किया। शिक्षकों को भी उन्होंने लगन से पढ़ाने की हिदायत दी। एसडीएम ने विद्यालय में अध्यनरत छात्रो से पाठ्यक्रम में शामिल कई सवाल दागे। छात्राओं ने उनके सटीक उत्तर दिए। स्कूल का निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने मिड डे मील, बच्चों की उपस्थिति, स्टाफ की उपस्थिति आदि का अवलोकन किया उन्होंने सभी स्कूल में उपस्थिति पंजिका और अन्य आवश्यक रजिस्टरों का भी अवलोकन किया उप जिलाधिकारी ने बच्चों को दी जा रही शिक्षा का स्तर जांचने के लिए उनसे सवाल जवाब भी किया बच्चो से कई सवाल दागे। छात्राओं ने सवालों के सटीक जवाब देकर बहुत अच्छी परफॉर्मेंस एसडीएम के सामने प्रस्तुत की। इससे खुश होकर एसडीएम ने पूछा बताओ बच्चों क्या खाना है एक छात्र में खड़े होकर कहां आइसक्रीम जिस पर एसडीएम ने तुरंत ड्राइवर को पैसे देकर आइसक्रीम मंगाई और बच्चों को वितरित की। एसडीएम ने कहा कि बच्चों का शिक्षित होना न केवल परिवार बल्कि समाज के लिए भी आवश्यक है इसलिए शिक्षक का दायित्व है कि उन्हें दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए शिक्षण कार्य कराए इसके साथ ही छात्र-छात्राओं से उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान करते हुए अनुशासन में रहकर शिक्षण कार्य करें



# मकान में चोर की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बंद पड़े मकान में चोर आने की सूचना पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर दौड़ पड़ी। लेकिन पुलिस को कोई नहीं मिला। वही पड़ोसियों में डर का माहौल व्याप्त है।

नगर के पुराना डाकघर के निकट स्थित विशाल शर्मा का एक मकान बंद पड़ा है। एक मई को अज्ञात चोरों द्वारा मकान के ताले तोड़कर चोरी कर ली गई थी। रविवार की देर रात्रि विशाल शर्मा के पड़ोसियों द्वारा सूचना दी गई कि उनके बंद पडे मकान में अज्ञात लोग देखे गये हैं जिससे विशाल शर्मा व उनके भाई मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर मकान में कोई भी नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस वापस लौट गई। लेकिन अज्ञात चोरों के कारण पड़ोसियों में डर बना हुआ है। वही विशाल शर्मा का कहना है कि एक सप्ताह में बंद पड़े दो मकान में चोरी हुई थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई भी कार्रवाही नहीं की गई। वहीं प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार का कहना है बंद मकान में आदमी होने की सूचना पर पुलिस भेजी गई थी लेकिन कोई नहीं मिला।

# कछला गंगा में राजस्थान के छः डूबे, चार को निकाला, दो लापता

■ हादसा देख एक महिला अचैत एक किशोरी जिला अस्पताल रेफर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी।** राजस्थान प्रदेश के जिला भरतपुर के थाना चिकसाना के गांव पीरनगर निवासी एक परिवार के 30 सदस्य दादा की अस्थियां विसर्जित करने को कछला के गंगा घाट आऐ स्नान करते वक्त एक किशोरी सहित छह युवक गंगा के जल में समां गये। परिजनों ने गोताखोरों की मदद से चार को बाहर निकाल लिया जिसमें एक किशोरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसा देख मची चीख-पुकार पर एक महिला अचौत होकर गिर पड़ी उसे भी गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं गंगा घाट पर पुलिस गोताखोरों की मदद से लापता दोनों युवकों को तलाश करा रही है। राजस्थान से आऐ अमित ने बताया कि हादसा सुबह दस बजे के आस-पास का है। दादा की अस्थियां विसर्जित कर सभी लोग स्नान कर रहे थे उसी वक्त समीर 15 पुत्र रामवीर, सुमित 17 पुत्र विजय, राजरानी 20 पुत्री वीर सिंह, गोरव 21 पुत्र विजय सिंह, दीवान 20 पुत्र वीर सिंह व मोनू 18 पुत्र इंद्र कुमार गहरे जल में समां गये। सभी को डूबते देख चीख-पुकार मच गई। परिजनों के साथ घाट पर मौजूद गोताखोरों ने दीवान, राजरानी, गोरव, मोनू को बाहर निकाल लिया। मगर समीर व सुमित गहरे जल में समां गये। हादसा पर मची चीख-पुकार से एक महिला पिंकी 30 पत्नी मनीष अचौत होकर गिर पड़ी। सूचना पर पहुंची कछला चौकी पुलिस ने आनन-फानन में पिंकी व राजरानी को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझानी भेजा जहा दोनों की हालत खराब देख चिकित्सक हरीश कुमार ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोपहर तक पुलिस गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों को गंगा में तलाश करा रही है। बताते हैं कि पीएसी के गोताखोरों को बुलाने को सूचना दी गई है।

# विद्युत संविदा कर्मचारी करेंगे कार्य बहिष्कार

■ उपभोक्ताओं को झेलना पड़ेगा गर्मी में बिजली का दंश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आपको बताते चलें कि बीते एक मई से लगातार विद्युत संविदा कर्मचारी अपनी विभिन्न समस्याओं व छंटनी को लेकर लगातार सत्याग्रह आंदोलन कर रहे हैं। जिले के विद्युत संविदा कर्मचारी छः मई को मध्यांचल प्रबंध निदेशक कार्यालय लखनऊ व 15 मई को उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन अध्यक्ष शक्ति भवन पर भी सत्याग्रह आंदोलन कर चुके हैं लेकिन इनकी समस्याओं का समाधान नहीं होने से नाराज संविदा कर्मचारी 16 मई से लगातार विद्युत उपकेंद्र, उपखंड कार्यालय, खंड कार्यालय व सर्किल कार्यालय पर सत्याग्रह आंदोलन कर रहे हैं वहीं प्रांतीय आह्वान पर आज मध्य रात्रि 12 बजे से पूर्ण रूप से कार्य वहिष्कार पर चले जायेंगे जिससे जिले व क्षेत्र की जनता को बिजली का फाल्ट होने पर परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

क्योंकि बिजली विभाग के पास संविदा कर्मचारियों के अलावा लाइनों की देख रेख व मरम्मत करने के लिए सरकारी कर्मचारी ही नहीं है। विद्युत संविदा कर्मचारीयों के कार्य वहिष्कार से सीधे जनता को भीषण गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ेगी। विद्युत वितरण खंड कार्यालय बिसौली पर विद्युत संविदा कर्मचारीयों के द्वारा सत्याग्रह आंदोलन कर जम कर नारेबाजी की वहीं प्रदेश संगठन मंत्री हरीश चंद्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व अध्यक्ष पावर कार्पोरेशन अपनी हठ धर्मिता पर अड़े हुए हैं जोकि पावर कार्पोरेशन को घाटे में दिखा कर 9000 व 11000 रुपए महीने के अल्प वेतन कार्य करने वाले गरीब संविदा कर्मचारीयों निकाला जा रहा है यह संघटन बर्दाश्त नहीं करेगा संविदा कर्मचारियों को मध्यांचल उपाध्यक्ष प्रेमपाल प्रजापति व जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सिंह ने भी सम्बोधित करते हुए कार्य वहिष्कार में सहयोग करने की अपील की।इस दौरान प्रदीप कुमार सिंह, छविराम, रतनलाल, मनवीर सिंह, अमर सिंह, हरपाल, नेत्र पाल प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, सुभाष, सौरभ दिवाकर, सौरभ उपाध्याय, गुलाब सिंह, राम खिलाड़ी, पिंटू, मौ शानू आदि सैकड़ों संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुन्ना लाल इन्टर कालेज में अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान पर हुए विभिन्न कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** कस्बा वजीरगंज स्थित विद्यालय मुन्नालाल इंटर कॉलेज में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें नारी सशक्तिकरण तथा बेटी बचाओ थीम पर आधारित रंगोलियां बनाई गईं एवं महिला सशक्तिकरण हेतु दौड़ कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में चार टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें दुर्गा टीम में कुमारी प्रियांशी ने, जया टीम में कुमारी नंदिनी ने, रमा टीम में कुमारी साक्षी ने एवं छात्रों की भगत सिंह टीम में विकास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता हेतु चार टीम बनाई गई। जिसमें अहिल्याबाई टीम ने प्रथम, जानकी टीम ने द्वितीय तथा लक्ष्मीबाई टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयपाल दिवाकर (जिला पंचायत सदस्य) एवं कार्यक्रम संयोजक अनुज सक्सेना (पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा) उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त राजीव वार्ष्णेय, उपेंद्र सिंह मौर्य (महामंत्री), गौरव वार्ष्णेय (महामंत्री), रामबाबू शर्मा, पुष्पेंद्र सैनी एवं अनिल गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए नीलेश वर्मा, कीर्ति सोलंकी, निशीश सक्सेना, राजेश कुमार, अजय कुमार सिंह पटेल, राम विलास, रामनिवास, दीपक बाबू, मयंक वार्ष्णेय, मदन गोपाल एवं विशाल मिश्रा का आभार व्यक्त किया।

# चौकी प्रभारी की अभद्रता भ्रष्टाचार भाकियू कार्यकर्ता थाने के सामने धरने पर बैठे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन असली गैर राजनैतिक ने थाना सिविल लाइन गेट पर भ्रष्टाचार अभद्रता को लेकर सोमवार के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर का आरोप है नवादा पुलिस चौकी प्रभारी का फरियादियों के प्रति बातचीत करने का रवैया सही नहीं है वह हिटलर शाही रवैया अख्तियार कर रहे है।चौकी में फरियादियों को बिठाकर और आर्थिक साठ- गांठ कर गलत फैसला कराए जाते है और नवादा चौकी प्रभारी की आर्थिक साठ गांठ से चौकी क्षेत्र में अवैध खनन कराकर प्लाटों का भराव कराया जा रहा है शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होती है चौकी क्षेत्र में छह रातों से जेसीबी से भराव पड़ रहा है। चौकी प्रभारी को पता ही नहीं चला जेसीबी मालिक का कहना है तुम जाओ हम पैसे देते हैं।चौकी के सामने डग्गामार वाहन भूसे की तरह सवारियां भरकर फर्राटा भर रहे है। चौकी पर तैनात सिपाही देखता रहता है गाड़ी वालों का कहना है कि हम पुलिस चौकी पर महीनादारी देते है। चौकी के पास से डबल डेकर बसें खड़ी होती है एक राज्य से दूसरे राज्य सवारियां और अवैध सामान ले जाती है। जिससे सरकार को राजस्व की हानि होती है डबल डेकर बसों की चौकी प्रभारी कोई जानकारी नहीं है। नवादा चौकी के पास लकड़ी टॉल पर बिना अनुमति के नीम, शीशम, आम के हरे पेड़ों का कटान हो रहा है। इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं करते हैं बल्कि उल्टा शिकायत करने वाले को धमका कर मारते हैं चौकी प्रभारी कहते है मैंने क्या ठेका ले रखा है। पूनम गुप्ता ने कहा कि थाना सिविल लाइन में फरियादी अपनी फरियाद देता है उसकी बात नहीं सुनी जाती एफआईआर फिर भी नहीं होती प्रभारी से मिलने के बाद केवल आश्वासन दे दिया जाता है कि एफआईआर हो जाएगी राजनेताओं का दबाव रहता है या फिर आर्थिक साथ गांठ जिसके चलते एफआईआर नहीं होती है थाने पर आने पीड़ितों की फरियाद नहीं सुनते उल्टे इसी व्यक्ति पर 151 में चालान कर देते है। जबकि पुलिस का दायित्व जनता की सुरक्षा करना कानून व्यवस्था बनाए रखना अपराधों को रोकना अपराध करने वालों को पकड़ना सही जांच करके दोषी को सजा दिलाना और कानून व्यवस्था लोक व्यवस्था स्थापित करना तथा अपराध नियंत्रण व निवारण तथा जनता से प्राप्त शिकायतों का निवारण करना एवं निष्पक्ष रूप से कानून को बनाए रखना आपसी संघर्ष की घटनाओं को रो. कना आदि होना चाहिए था उन्होंने कहा कि नवादा चौकी प्रभारी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहे हैं इन्हें शीघ्र ही इस चौकी से हटना चाहिए दस दिनों में चौकी प्रभारी को नहीं हटाया तो यूनियन जिला कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। आंदोलन के दौरान किसी तरह की कोई घटना घटती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।सूरजपाल सिंह की अध्यक्षता में जिला उपाध्यक्ष जमुना सिंह ने संचालन किया। इस मौके पूनम गुप्ता, विपिन माहेश्वरी, गंगा सिंह, मनीष कुमार पंडित, कलेक्टर सिंह, सर्वेंद्र यादव, सतपाल यादव, अखिलेश गुप्ता, नवीन अंसारी, महिपाल वर्मा, मोहम्मद तारीक, मोहम्मद मोइन, रजत कुमार, प्रदीप, मुनींद्र सिंह, ऋषिपाल सिंह, द्वारकी सिंह, हरीश सिंह, अशोक हरबंस पटेल, श्रीपाल, कमल गुप्ता, जसवीर यादव, राजपाल, सूरजपाल सिंह उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** सोमवार को स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी संदीप कुमार अवस्थी के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मॉडल संकुल स्तरीय संघ का एनवल एक्शन प्लान फेस -2 का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी संदीप कुमार अवस्थी व मुख्य प्रशिक्षिका नीरज द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आसफपुर क्षेत्र के लगभग 40 महिला प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 मई सोमवार से 21 मई 25 तक चलाया जाएगा । इस दौरान विकास खंड आसफपुर के बी एम एम अरुण कुमार , महिला प्रतिभागी सायमा खान , नितिशा , नजमा बी आदि प्रतिभाग ले रही हैं । यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी ।

## भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत पर आपत्तिजनक टिप्पणी, गिरफ्तारी की मांग, ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित एडीएम न्यायिक राजीव पांडे को ज्ञापन सौंपा।भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को धमकी देने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी को लेकर यूनियन ने मांग की है।

मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह व मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना के कुशल नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता मालवीय आवास गृह में एकत्र हुए। उन्होंने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा जिस सिरफिरे ने ऐसी बयान बाजी कर धमकी दी है उसको तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।मुख्यमंत्री के लिए प्रेषित किया जा रहा है तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह ने कहा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंतरराष्ट्रीय नेता हैं सरकार को संज्ञान लेना चाहिए उनकी जान माल को खतरा है इसलिए जेड प्लस की सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए काफी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।

## सदा से ही संगीत, कला व नृत्य में रुचि मनुष्य की पहली पसंद : मीनू बत्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** श्री देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर मे नृत्य की कक्षा में कक्षा तीन तथा कक्षा चार के छात्र छात्राओं ने बड़े ही जोश व उत्साह से नृत्य सीखा। शिक्षिकाए मेघा, सिम्मी एवं कृति ने अभी तो पार्टी शुरू हुई है, सेम टाइम सेम जगह, आज ब्लू है पानी पानी एव घर मोरे परदेसिया पर नृत्य सिखाया। साक्षी, रूही, विकांत, प्रियल, रिया, माधव, काव्या, शैली, सृष्टि, इन्दू, अगम्य, सानवी, रोनक, नयासा, डोली, दीक्षा, अंशिका, प्रतीक, पावनी, सपना, आदर्श, अनिका, आर्यन एव भव्या आदि ने बड़े ही अच्छे भाव भंगिमा से नृत्य प्रदर्शन किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मीनू बत्रा ने कहा कि सदा से ही संगीत कला व नृत्य में रूचि हर मनुष्य की पहली पसंद होती है। जीवन में मनोरंजन का सबसे सशक्त माध्यम संगीत है। संगीत हमारी थकान व मानसिक तनाव को दूर करने मे सक्षम होता है। एक्टिविटी इंचार्ज शारदा बवेजा ने कहा कि हम अपने सुख दुख, अपनी प्रशंशा, खुशी, उत्सव, पर्व तथा परम्परागत रीति - रिवाजो में अपने भाव केवल गीत व संगीत के माध्यम से ही व्यक्त करते है। बच्चो को सर्व प्रतिभा सम्पन्न बनाने के लिए सभी विद्यायो को सीखना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त पूनम कश्यप, गुंजन, चेतना, नीलम, श्वेता रोमा आदि अनेक शिक्षिकाओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दहेज की मांग पूरी न करने पर पति व परिजनों ने गर्भवती युवती की गला दबाकर की हत्या



**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**

**सहसवान।** मुजरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सराय मुड़िया में एक विवाहिता ने की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई मृत्यु की खबर सुनकर उसके ससुराल वाले युवती को घर पर छोड़कर भाग गए ग्रामीणों ने मामले की जानकारी मृतका के परिजनों को मोबाइल से दी तो आनंन-फानन में मृतका के परिजन मौके पर पहुंच गए तथा पुत्री के सबको देखकर दहाड़े मारकर होने लगे ग्राम प्रधान ने मामले की जानकारी तत्काल थाना अध्यक्ष मुजरिया सुरेंद्र सिंह को दी सुरेंद्र सिंह ने मामले से तत्काल पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्मवीर सिंह को अवगत कराया जिस पर दोनों ही अधिकारी गण पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मृतका के शब को कब्जे में लेकर सील करके पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया इससे जिला मुख्यालय से फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया फॉरेंसिक टीम ने घटनाक्रम के साक्ष्य एकत्रित किए। मृतका सत्यपाल सिंह निवासी ग्राम खेड़ा फतेहपुर थाना जूनाबई तहसील गुन्नौर जनपद संभल ने बताया कि उसने अपनी पुत्री लालतेश की शादी दो-तीन वर्ष पूर्व विजयपाल पुत्र सूरज पाल सिंह निवासी ग्राम सराय मुडिया खागी मैं की थी शादी के बाद से ही उपरोक्त लोग मेरी पुत्री लालतेश को प्रताड़ित करने लगे तथा उसे तरह-तरह की मांग करने लगे मेरी पुत्री ने मुझे कई बार बताया कि उपरोक्त लोग कभी मुझसे कुछ लाने के लिए कहते हैं कभी कुछ लाने के लिए कहते हैं तथा मेरे इंकार करने पर मेरे साथ मारपीट एवं गाली गलौज करते हैं तथा कहते हैं कि हम तुझे मार कर विजयपाल की दूसरी शादी कर लेंगे तथा हमें दूसरी शादी से मनमर्जी का दहेज मिलेगा मैं उपरोक्त लोगों को कई बार समझाने की कोशिश की परंतु उपरोक्त लोग मानने को तैयार नहीं थे पिता सत्यपाल सिंह ने पुत्री ललतेश की हत्या करने के लिए सूरजपाल विजयपाल आदि लोगों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उपरोक्त लोगों ने एक राय होकर मेरी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी हत्या के उपरांत उपरोक्त लोग भाग गए। पीड़ित पिता ने बताया कि उसे जानकारी मिली है कि कल शाम से विजयपाल सिंह के परिवार वाले मेरी पुत्री के पीछे पड़े थे उसे गाली गलौज और मारपीट कर रहे थे जिसका शोर सरावा गांव में काफी ग्रामीणों ने सुना है उपरोक्त लोगों ने ही मेरी पुत्री की हत्या की है पीड़ित पिता ने बताया कि मेरी पुत्री के पास एक वर्षीय पुत्री है तथा वह गर्भवती है। पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मृतका ललतेश के शव को शील करके पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजा है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने डीएम से मांगा ग्रीष्म कालीन अवकाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के बैनर तले मासिक बैठक का आयोजन मालवीय आवास गृह बदायूं पर किया गया।बैठक में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपना मुद्दा उठाया कि प्राथमिक विद्यालयों की भांति आंगनबाड़ी केंद्रों में भी अवकाश होना चाहिए। क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से छोटे होते हैं। आंगनबाड़ी केंद्र पर 3 से 6 वर्ष के बच्चे आते हैं। जिन्हें लू लगने एवं अन्य बीमारी लगने का खतरा ज्यादा बना रहता है। इस मौके पर एक ज्ञापन जिला अधिकारी महोदय के लिए सौपा गया। जिलाधिकारी महोदय ने आश्वासन दिया कि आपकी मांग जायज है।ज्ञापन में चावल राशन डीलर से आंगनबाड़ी को हस्तगत कराया जाए। एवं ड्राई राशन पंजीकृत लाभार्थियों के अनुसार दिया जाए तथा परियोजना पर प्राइवेट व्यक्तियों को हटाया जाए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मोर श्री गुप्ता, खजाना देवी, शोभा वर्मा, कुमकुम जौहरी, शशि रानी सक्सेना, अनुपम देवी, पुष्पा देवी, उषा देवी, प्रेमवती, कुसमा देवी, बिंदेश्वरी शर्मा, मना. रमा शर्मा, बबीता शर्मा, प्रीति देवी, जाहिरा बेगम, विभा शर्मा, उषा, निशा सक्सेना, लक्ष्मी देवी, कुसुम लता, उर्मिला यादवआदि मौजूद रही।कार्यक्रम में विशेष सहयोग दिनेश यादव एवं राजेश्वर सिंह का रहा।

## रानी अहिल्याबाई होल्कर कि त्रिशताब्दी स्मृति पर श्रद्धापूर्वक किया नमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई - बसई में सोमवार को रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दौड़ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम दास ने कहा कि रानी अहिल्याबाई महान वीरांगना थी जिनका संघर्ष और बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण रहा। वरिष्ठ प्रवक्ता रामाधार शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर न केवल शासक थी वरन वह महान समाजसेविका भी थी। कार्यक्रम का संचालन हरदीप सिंह ने किया। इस अवसर पर मुकेश चन्द्र मिश्रा मण्डल उपाध्यक्ष भाजपा, सुमित कुमार सिंह मण्डल महामंत्री भाजपा, शैलेश शर्मा महामंत्री भाजपा, सुधाकर शर्मा, मनोज कुमार, आनन्द सिंह, अंकित सिंह, विपिन शर्मा, रऊफ अहमद, राकेश कुमार शर्मा, विषवेश पाठक, कामेन्द्र सिंह, रेनू, शिवानी, अमित पाराशरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरदीप सिंह ने किया।रानी अहिल्याबाई होल्कर कि त्रिशताब्दी स्मृति पर श्रद्धापूर्वक किया नमन।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

## एक नजर

### शरह बरौलिया में निकाली गई शौर्य तिरँगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भारतीय सेना की ओर से हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न किए गए ऑपरेशन सिंदूर और वीर जवानों के अदम्य साहस को सम्मान देने के लिए शरह बरौलिया में एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।तिरँगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वाष्णेय व पूर्व ब्लाक प्रमुख अमित पाठक ने किया।तिरँगा यात्रा में सेंकडो छात्र-छात्राए व ग्राम वासी रैली में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज से आरंभ हुई और ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः कॉलेज परिसर पर आकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान नोजवानों के हाथ में गर्व से लहराता तिरंगा और गगनभेदी नारों ने पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वाष्णेय ने कहा भारतीय सेना का शौर्य और बलिदान देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व की बात है। ऑपरेशन सिंदूर जैसी सैन्य कार्यवाहियां हमें यह एहसास कराती हैं कि हमारी सीमाएं सुरक्षित हाथों में हैं। यह तिरंगा यात्रा भारतीय सैनिकों के सम्मान की एक छोटी-सी अभिव्यक्ति है। रास्ते भर ग्राम वासियों ने तिरँगा यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया, जगह-जगह फूल बरसाए गए और कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने जयघोष करते हुए छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया।तिरँगा यात्रा में पंडित श्याम पाल पाठक, बृजेश शंखधार, सत्यपाल शर्मा, वैभव शर्मा नगर महामंत्री भाजपा विसोली मनोहर लाल, कारगिल युद्ध के हीरो सर्वेश पाठक फौजी, अमर सिंह, सुमित पाठक कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा, संजय उपाध्याय, वेदपाल ठाकुर, यतीन्द्र पाठक आदि थे।



### खंड विकास आधिकारी ने ग्राम सचिवों का रोक दिया मनोयोग वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** जिससे लंबे समय से अटके वेतन को नज़हीं देने का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र दिया है, सचिवों का कहना है कि जिले के आला अधिकारी भी उनके अटके तथा लंबित वेतन भुगतान में रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे उनके आगे आर्थिक और मानसिक परेशानी की समस्या खड़ी हो गई है।

खंड विकास अधिकारी ज्योति शर्मा को यह शिकायत देने वाले सचिव केशव भारती, अवधेश कुमार, तरुण कुमार, विवेक चौधरी, अंकित कुमार, विनीत कुमार, कपिल गौतम सेवाराम विनेश कुमार आदि सचिवों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र में कहा है कि वर्ष 2014, 2023, 2024 में उनका वेतन किन्हीं कारणों से रोक दिया था जिनका स्पष्टीकरण विभाग को समय पर दे दिया गया था अब लंबा समय बीत चुका है, जिले के अफसरों के यहां भी परिक्रमा कर चुके हैं लेकिन उनकी किसी ने भी नहीं सुनी है शिकायत कर्ताओं ने बी डीओ से जल्दी से जल्दी रुके वेतन का भुगतान कराने की मांग की है, कथित तौर पर बताया गया है सचिवों का वेतन समय पर मिल रहा है सूत्रों बताया है कुछ सचिवों का आरोप गलत है हमें वेतन समय पर मिलता है।

# बजरंग दल कार्यकर्ता को पुलिस ने पकड़ा

■ विरोध में गिरफ्तारी देने थाने पहुंचे हिंदू वादी नेता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील आंवला पुलिस द्वारा एक बजरंग दल के कार्यकर्ता को हिरासत में लिए जाने से क्षेत्र के हिंदू संगठनों में भी आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में कई संगठनों के नेता और कार्यकर्ता कोतवाली जा धमके, और अपनी गिरफ्तारी की मांग करने लगे, उनकी इस मांग से कोतवाली में हड़कंप मच गया।

गौरतलब हो कि आंवला पुलिस ने कस्बे के एक बजरंग दल के कार्यकर्ता को प्रदेश सरकार के एक मंत्री के दबाव में हिरासत में ले लिया था, कार्यकर्ता कोतवाली हिरासत में लिए जाने से जनपद के हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया।

सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बाबूराम गंगवार, हिंदू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष हरिपाल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता कोतवाली जा धमके, और पुलिस के सामने अपनी गिरफ्तारी पेश करते हुए कहा कि या तो आंवला पुलिस बजरंग दल कार्यकर्ता को रिहा करे, या फिर उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, हिंदू नेताओं की इस मांग से कोतवाली में हड़कंप मच गया।

हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं की इस मांग की जानकारी आला अधिकारियों को दी गई, जिसपर कुछ देर बाद बजरंग दल कार्यकर्ता को रिहा कर दिया गया।

इसकी जानकारी हिंदू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष हरिपाल सिंह ने मीडिया को दी। इसमें बृजेश भोजवाल, वीरपाल महंत, राजू गंग. वार, राकेश सक्सेना, इंदरपाल सक्सेना, तेजपाल, नंदकिशोर, सूरज गंगवार, हरीश कुमार, सूरज वर्मा, प्रेम कुमार कृष्ण औतार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। हिंदू नेताओं के कोतवाली से चले जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

# आरसीसी रोडों के किनारे भरी जाए मिट्टीः डीएम

■ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के मध्य मासिक समन्वय बैठक हुई सम्पन्न
■ जिला पंचायत द्वारा रिबोर कराए गए हैण्डपम्पों की जांच करेगा जल निगम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सांसद छत्रपाल सिंह गंग. वार की अध्यक्षता में रविवार को आम जनमानस की समस्याओं के समाधान हेतु मासिक समन्वय की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जनप्रतिनिधिगणों में महापौर डा. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, विधायक नवाबगंज डा. एमपी आर्य, विधायक फरीदपुर डा. श्याम बिहारी लाल, विधायक मीरगंज डा. डीसी वर्मा, वन एवं पर्यावरण मंत्री के प्रतिनिधि, सांसद पीलीभीत के प्रतिनिधि, विधायक कैण्ट के प्रति. निधि, विधायक भोजीपुरा के प्रति. निधि तथा अधिकारियों में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह सहित समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम बैठक में विगत बैठकों में उठाये गये बिन्दुओं की अनुपालन आख्या पर चर्चा की गयी। जिसके अन्तर्गत एमएलसी बहोरन लाल मौर्य द्वारा नैनीताल रोड पर पचदौरा रोड से पखुर्नी रोड जर्जर अवस्था में है, व रोड को सही कराने व चौड़ीकरण कराने की बात रखी थी, जिसपर अवगत कराया गया कि उक्त कार्य वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में सम्मिलित कर लिया गया है।

विधायक फरीदपुर ने मुड़िया भीकमपुर के पुल की मरम्मत व भदरखपुर-मुड़िया रोड पर टूटे हुए पुल को सही कराने की अपेक्षा की थी, जिसपर अवगत कराया गया कि यह मार्ग जिला पंचायत के स्वामित्व में है, और वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में सम्मिलित कर लिये गये हैं। विधायक नवाबगंज द्वारा हैण्डपम्प रिबोर में विभाग द्वारा मानकों की अनदेखी की शिकायत पर निर्देश दिए गए कि जिला पंचायत राज अधिकारी रिबोर हैण्डपम्पों की सूची जल निगम को उपलब्ध करा दें, वह इसकी जांच करेंगे। आज बैठक में सांसद ने अगवत कराया कि बहेड़ी से बरेली के मध्य पनवड़िया पुल व रजपुरा के निकट पुल की रोड कट गयी है, अतः उक्त रोड की मरम्मत का कार्य कराया जाए।

विधायक नवाबगंज द्वारा अवगत कराया गया कि दलेलनगर-अधकटा के बीच अप्सरा नदी पर ब्लैक स्पॉट है, जहां आये दिन दुर्घटनाएं होती हैं, जिसपर अवगत कराया गया कि विगत वर्ष भी कार्य योजना में सम्मिलित किया गया था, लेकिन स्वीकृति नहीं मिली, इस वर्ष भी कार्य योजना भेजा गया है। विधायक द्वारा कुंडरा कोठी रोड के चौड़ीकरण हेतु भी कहा गया। विधायक ने ग्राम अमीन नगर में बाढ़ की स्थिति में कटान की समस्या की भी बात रखी।

विधायक मीरगंज ने कहा कि मीरगंज में शाही मिर्जापुर-अटामांडा सीसी रोड पर साइडों पर गड्ढे हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। साइडों पर मिट्टी का भराव कराया जाए। उन्होंने ढकिया डैम पर रेगुलेटर बनवाने व शामपुर-हरदोई पैंटून पुल हेतु प्रस्ताव भेजने हेतु कहा गया।

बैठक में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि बीसलपुर रोड पर नई जेल के निकट संकरा पुल है, जिसपर दुर्घटनाएं होती हैं, अतः पुल का चौड़ीकरण कराया जाए, जिसपर अवगत कराया गया कि यह एनएच का मार्ग है उनसे समन्वय स्थापित कर कार्य कराया जाएगा। उनके द्वारा बरेली-बदायूं रोड पर इचौरिया के पास खराब रोड को सही कराने के लिए कहा गया।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के बारे में जानकारी दी गयी, जिसके अन्तर्गत लम्बे समय तक विद्युत कटौती की समस्या रखी गयी, साथ ही पूछा गया कि ट्यूबवेल कनेक्शन में कितने लोगों को पैसा जमा है, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लगे हैं। एसडीओ भुता व फरीदपुर की भी शिकायते की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने उनके कार्य स्थल बदलने के निर्देश दिए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत ग्रामों में रोडों की खराब स्थिति व नियमित जलापूर्ति न होने की भी शिकायतें की गयी।

इसके साथ ही नवाबगंज व बहेड़ी शुगर मिल द्वारा गन्ना किसानों के भुगतान न किये जाने की भी समस्या रखी गयी, जिसपर जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि बहेड़ी शुगर मिल की आरसी की संस्तुति कर दी गयी है। बैठक के अंत में कलाकारों को जनप्रतिनिधियों के हाथों वाद्य यंत्रों का भी वितरण कराया गया।

## एक नजर

### युवक ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** चौकी क्षेत्र मानपुर के एक गांव निवासी युवक ने मफलर के सहारे पंखे के कुंडे से लटककर संदिग्ध हालात में आत्महत्या कर ली। सुबह 10 बजे तक युवक जब सोकर नहीं उठा तो परिजनों ने किबाड़ से झांककर देखा तो युवक पंखे से लटका हुआ था। तुरन्त ग्रामीणों की मदद से किबाड़ तोड़कर युवक को फंदे से उतारा गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से पूंछताछ कर मृतक के शव को पीएम को भेज दिया।

मृतक महिपाल पुत्र विजयपाल उम्र लगभग 22 वर्ष ग्राम रुस्तम नगर (ऊंचा गांव ) का निवासी है। मृतक के परिजनों ने बताया कि रात में सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। सुबह को मृतक के पिता व भाई मेहनत मजदूरी करने को चले गए। घर पर महिलाएं थीं। महिपाल घर के कमरे में सोया था, जो सुबह 10 बजे तक जब सोकर नहीं उठा तो परिवार की महिलाओं ने किबाड़ से झांककर देखा तो महिपाल को कुंडे से लटका देखकर मृतक के पिता को जानकारी दी। अनहोनी की सूचना मिलने पर पिता व भाई काम से घर लौट आए और ग्रामीणों की मदद से कमरे की किबाड़ तोड़कर शव को नीचे उतारा। मृतक पांच भाइयों में दूसरे नम्बर का था। परिवार के सभी लोग मेहनत मजदूरी कर जीविका चलाते हैं।

चौकी प्रभारी मानपुर नैपाल सिंह ने बताया कि युवक ने बन्द कमरे में मफलर के सहारे पंखे के कुंडे से लटक कर आत्महत्या की है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। मृतक के शव को पीएम को भेज दिया है।

### डा. रूप किशोर प्रजापति बने जिला महासचिव बरेली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन जनपद बरेली ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की हैं। डा. रूप किशोर प्रजापति को जिला महासचिव बरेली, सुनील आजाद को तहसील अध्यक्ष बहेड़ी और अंग्रेज सिंह को तहसील उपाध्यक्ष बहेड़ी नियुक्त किया गया है।



इन नियुक्तियों से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी, और सामाजिक न्याय की लड़ाई को नए आयाम मिलेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश विकास बाबू एडवोकेट, जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, जिला उपाध्यक्ष सैम मैसी और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की नीतियों और विचार धारा का पालन करते हुए समाज के वंचित, शोषित और पीड़ित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने की शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर गुलाब सिंह, गुलाब रजा, वरिष्ठ नेता ताहिर, शादाब रजा, सतनाम सिंह, जसवंत सिंह, जसविन्द्र सिंह और दानिश बाबा सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीएम ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों की 29 मई से प्रस्तावित हड़ताल के संबंध में की बैठक




**प्रस्तावित हड़ताल के दौरान जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार से बाधित न करने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कर्मचारियों की दिनांक 29 मई 2025 से प्रस्तावित हड़ताल के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि 29 मई से प्रस्तावित हड़ताल के दौरान जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति किसी प्रकार से बाधित न की जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि हड़ताल के समय यदि किसी जगह में विद्युत फाल्ट होता है, तो उसे समय से सही कराया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में डीएम ने कहा कि जो भी विद्युत कर्मचारी हड़ताल में जाएं, उनकी सूची नाम व मोबाइल नम्बर सहित पुलिस विभाग को उपलब्ध करायी जाये, जिससे कि खुराफाती तत्व आराजकता न फैला सकें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवयानी, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक अंशिका वर्मा, विद्युत विभाग के अधिकारीगण सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## भागवत कथा में हुआ श्री कृष्ण जन्म का वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** गांव सिंगतरा में स्थित शिव मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आज कथा व्यास स्वामी राज कमल दास महाराज ने श्री कृष्ण जन्म कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब जब होय धर्म की हानी श्बाढै असुर महा अभिमानी तब प्रभु मनुष्य रूप धारण कर प्रथ्वी पर अवतार लेते हैं। उनके भजनों पर साधु संत व आयोजक बाबा केशवदास सहित सैकड़ों भक्त जन जमकर झूमे। जन्म कथा के बीच भगवान का छप्पन प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया। यहाँ बता दें कि बाबा केशव दास को मंदिर पर आये लगभग छह माह हुए हैं, तब से दो बार भागवत कथा रुद्र अभिषक सुन्दर कॉंड पाठ साहित अनेक प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान होते रहे हैं। आयोजक पुजारी बाबा केशव दास ने बताया कि भागवत कथा का आयोजन 20 मार्च तक होगा, उसके बाद 21 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भन्डारे मे अयोध्या नेपाल व्रन्दावन धाम सहित कई स्थानों के साधू सन्त पधारे हुए हैं।

# जनपद न्यायाधीश ने सौंपे प्रत्यायन प्रमाण पत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जनपद न्यायाधीश, उमा शंकर कहार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा बताया गया कि मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली हेतु नामित मध्यस्थ अधिवक्ता, जो 40 घण्टे का मध्यस्थता प्रशिक्षण न्यायिक प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में प्राप्त कर चुके हैं, को प्रत्यायन प्रमाण पत्र वितरित किये जाने हेतु उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रमाण पत्र प्रेषित किये गये हैं, जिनका वितरण जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा किया गया।

जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार द्वारा मध्यस्थ अधिवक्ताओं को प्रोत्साहित करते हुये विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया गया कि आपसी विवादों का सबसे सरल समाधान मध्यस्थता ही है। मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक तटस्थ व्यक्ति, जिसे मध्यस्थ कहा जाता है, विवादित पक्षों को आपसी समझ और सहमति से अपने मामलों को सुलझाने में मदद करता है। मध्यस्थता एक गोपनीय प्रक्रिया है जिसमें मध्यस्थ द्वारा पक्षों में बातचीत कराने और एक समाधान पर पहुंचने पर प्रोत्साहित किया जाता है।

जनपद न्यायाधीश द्वारा मध्यस्थ अधिवक्ता ओमकार सिंह रघुवंशी, आदर्श बहादुर जौहरी, सुनील कुमार भटनागर, हरिन्दर जीत कौर चड्डा, सुशील कुमार एवं राजेश शर्मा को प्रत्यायन प्रमाण पत्र वितरण किये गये। उपरोक्त समस्त मध्यस्थ अधिवक्ताओं द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त कर, जनपद न्यायाधीश, बरेली एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली का सधन्यवाद किया गया।

# छात्रा को फोन पर गालियां देता है शोहदा, रिपोर्ट दर्ज

■ शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दूसरे समुदाय का एक शो. हदा बीएससी की छात्रा के पीछे पड़ गया है, उसे फोन पर आए दिन गालियां देता है। उसका कॉलेज आना जाना मुश्किल कर दिया है। शोहदे ने कॉलेज में सरेआम छात्रा का मोबाइल छीनने का प्रयास किया, और कहीं शिकायत करने पर साथियों संग जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

थाना क्षेत्र की एक युवती यहां के एक कॉलेज की बीएससी की छात्रा है, और वह गांव से पढ़ने के लिए कॉलेज आती है। जहूरगंज का मोहित गंगवार उसके पीछे पड़ गया है, और वह उसे आये दिन तंग करता रहता है। छात्रा का कहना है कि युवक उसे फोन पर गन्दी गालियां देता है। युवक की इन हरकतों से तंग आकर जब उसने एक बार युवक की शिकायत पुलिस में की, तब युवक ने उसे फोन करना बंद कर दिया। लेकिन वह कॉलेज आ धमका और उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। जब वह छुट्टी में पिता के साथ घर जा रही थी, तब उसने दो साथियों संग पीछा कर उससे कहा कि अगर उसने उसकी कहीं शिकायत की तो वह उसे जान से मार देगा। पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हजरत हिसामुद्धीन की दरगाह पर उर्स-मेला शुरू

■ दरगाह पर जुटी अकीदतमंदों की भीड़, कब्वाली मुकाबले भी शुरू




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** नगर पंचायत देवर. नियां में स्थित हजरत हिसामुद्धीन उर्फ थाने वाले मियां की दरगाह पर छह रोजा उर्स-मेला शुरू हो गया है। दूर-दराज से आने वाले अकीदतमंदों का जुटना भी शुरू हो गया है।

कस्बा देवरनियां में बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे कोतवाली के बराबर में स्थित सेख हजरत हिसामुद्धीन उर्फ थाने वाले मियां की दरगाह पर सलाना उर्स-मेला 18 मई से उर्स कमेटी अध्यक्ष रईस मियां की सरपरस्ती में शुरू हो गया है। पहले दिन जलसा का आयोजन हुआ, सोमवार की रात से कव्वाली मुकाबले शुरू हो गए। उर्स कमेटी अध्यक्ष रईस मियां ने बताया कि सोमवार की रात को कव्वाल चांद अनवर और महिला कब्वाल सोनम वारसी के बीच मुकाबला हुआ। इसके अलावा मंगलवार को कब्वाल इल्यास मस्ताना और महिला कब्वाल शबनम वारसी, बुधवार को कब्वाल गुलाम हबीब पेन्टर और महिला कब्वाल मुसकान डिस्को, वृहस्पतिवार (जुमेरात) को कब्वाल फैजान अजमेरी और सुफिया चिश्ती के बीच कव्वाली मुकाबले होंगे। 23 मई शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद कुल शरीफ की रस्म अदा होने के बाद उर्स-मेले का समापन हो जाएगा। सोमवार को दरगाह पर कस्बे के अलावा दूर-दराज गांवों से आए अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजरी दी।घ उर्स कमेटी के लोग व्यवस्था सम्भालने में लगे रहे। मेले में भी भीड़ दिखी।

# कमिश्नर ने ली 300 बेडेड अस्पताल को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में संचालित करने को मीटिंग




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में 300 बेडेड अस्पताल को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु एक बैठक कमिश्नरी स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि 01 अप्रैल 2025 को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली में बैठक के दौरान 300 बेडेड अस्पताल को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के लिए प्रस्ताव भेजने के आदेश दिए थे, और अस्पताल को पीपीई मॉडल पर संचा. लित करने के निर्देश दिए थे।

बैठक में व्यापक चर्चा के उपरांत कमिश्नर ने निर्देश दिए कि पीपीई मॉडल पर अन्य जनपदों में सीएचसी संचालित किए जा रहे हैं, वे किन नियम और शर्तो पर संचालित किए जा रहे हैं, इसकी व्यापक जानकारी शासन से मंगा ली जाए।

बैठक में आईएमए के प्रतिनिधि के रूप में डा. एसके सिंह ने अवगत कराया कि उत्तराखंड में भी सीएचसी-पीएचसी पीपीई मॉडल पर संचालित हो रहे हैं, जिसपर कमिश्नर ने वहां से भी नियम व शर्तो की प्रति मंगाने के निर्देश दिए।

उक्त व्यापक नियम व शर्तो पर आईएमए से प्रस्ताव प्राप्त करने के भी निर्देश दिए कि वह पीपीई मॉडल पर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल संचालित करने के लिए तैयार हैं।

बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण मणिकंदन ए., मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला/पुरुष), अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, आईएमए के प्रतिनिधि डा. एसके सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आठ लाख की अवैध औषधि की सीज

■ वित्तीय वर्ष 2024-25 में औषधि विभाग द्वारा 18 जगह की गई छापेमार कार्यवाही
■ 23 नमूने अमानक जिसमें बीस अधोमानक व तीन मिथ्याछाप घोषित किए गए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश जनपद बरेली द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 में औषधियों के अवैध कारोबार के विरुद्ध छापेमार कार्यवाही का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया है, जिसमें बीते वित्तीय वर्ष में 18 छापेमार कार्यवाही में अवैध औषधियों व्यापारियों के विरुद्ध की गई। कार्यवाही में 8.15 लाख की अवैध औषधियों को सीज किया गया, साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर 3 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।

> शासन के मंशानुरूप एवं डीएम के निर्देशों के अनुपालन में अवैध औषधि, नकली एवं अधोमानक औषधियों के व्यापार में संलिप्त पाए जाने वाले समस्त दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, गुणवत्तापरक औषधियों की उपलब्धता हेतु जनपद में सतत रूप से छापेमार कार्यवाही जारी रहेगी, तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।
> **राजेश कुमार/अनामिक अंकुर जैन, औषधि निरीक्षक बरेली**

अवैध औषधि व्यापार में लिप्त 4 दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध माननीय सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल किया गया, 10 निर्माण इकाइयों का निरीक्षण कर आख्या मुख्यालय लखनऊ प्रेषित की गई।

औषधि एवं कॉस्मेटिक के कुल 394 नमूने जिसमें 376 औषधियों के नमूने 6 कॉस्मेटिक 12 वेटरनरी ड्रग्स के नमूने शामिल हैं, जांच एवं विश्लेषण हेतु संकल्पित कर राजकीय प्रोगशाला लखनऊ भेजे गए, राजकीय विश्लेषक द्वारा 23 नमूनों को अमानक घोषित किया गया, 20 नमूनों को अधोमानक एवं 3 नमूने मिथ्याछाप घोषित किए गए,

अधोमानक घोषित नमूनों में से कुल 14 प्रकरणों में विवेचना के उपरांत माननीय सक्षम न्यायालय में दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध परिवाद दाखिल किया गया। आठ प्रकरणों में अन्य राज्यों में स्थित निर्माता फर्मों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की संस्तुति के साथ आख्या मुख्यालय प्रेषित की जा चुकी है, अग्रिम कार्यवाही प्रकरणों में संबंधित राज्यों से संपादित की जाएगी। अन्य शेष प्रकरणों में विवेचना की प्रक्रिया प्रचलित है, जिसमें विवेचना पूर्ण होने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# बिजली चोरी के खिलाफ चलाया अभियान, 22 लोगों पर रिपोर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला नूरी नगर में अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश के नेतृत्व में विद्युत चौकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 22 लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया, और 50 लोगों के बकाया पर कनेक्शन काटे गए। विद्युत चौकिंग अभियान में एसडीओ अमित गंगवार, एसडीओ प्रेम चंद यादव, नीरज कुमार, जेई संतोष कुमार, जेई अरविंद कुमार सहित सभी लाइनमैन साथ रहे। जेई रमेश सैनी ने 22 लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश ने लोगों से बिल जमा करने और बिजली चोरी न करने की अपील की। उन्होंने बताया कि 21 तारीख को धोबी तालाब पॉवर हाउस पर एक मेगा कैम्प लगेगा, जिसमें बिजली से संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। विद्युत उपभोक्ता इस कैम्प में आकर लाभ उठा सकते हैं।

# बरेली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ सात शातिर अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट, बी-क्लास निगरानी में लिए गए
■ एसएसपी की कार्रवाई से अपराधियों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपराधियों के खिलाफ बरेली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत जनपद के सात शातिर और सक्रिय अपराधियों की बी-क्लास हिस्ट्रीशीट खोली गई है। ये अपराधी हत्या, लूट, वाहन चोरी, एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध और फर्जी दस्तावेज तैयार करने जैसी गंभीर वारदातों में लिप्त रहे हैं।



पुलिस विभाग से जारी प्रेस नोट के अनुसार इन सभी अपराधियों के खिलाफ उनके संबंधित थानों में पहले से कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इनकी बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए अब इन्हें निगरानी सूची में शामिल कर बी-क्लास हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया है। इसमें मुजीबुर्रहमान ग्राम जाम सावंत सुमाली, थाना बहेड़ी। इसके खिलाफ अपराध चोरी के वाहनों के कूटरचित दस्तावेज तैयार करने जैसे आठ मुकदमे दर्ज हैं। मो. रजा उर्फ गुड्डू निवासी सैदपुर चुन्नीलाल, थाना भोजीपुरा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के छह मुकदमे दर्ज हैं। मयंक अवस्थी उर्फ मोहित निवासी मकान नंबर 130, पंजाबपुरा, थाना किला के खिलाफ हत्या और जुए के 5 मुकदमे दर्ज, गुड्डू निवासी ग्राम सिसई, थाना शेरगढ़ के खिलाफ लूट जैसे अपराधों में चार मुकदमे दर्ज हैं। बब्लू उर्फ इंतजार अहमद निवासी ग्राम सिसई, थाना शेरगढ़ के खिलाफ लूट के तीन मुकदमे दर्ज, अब्दुल रऊफ निवासी ग्राम जाम सावंत सुमाली, थाना बहेड़ी के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों से जुड़ी चोरी के दो मुकदमे और जोधा सिंह निवासी ग्राम सिठौरा मढ़ीनाथ, थाना सुभाषनगर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मुकदमा दर्ज है।

### पुलिस की सख्त निगरानी शुरू, अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर

एसएसपी बरेली अनुराग आर्य के अनुसार इन सभी अपराधियों की गति. विधियों पर अब सतत निगरानी रखी जाएगी। थानों को निर्देश दिए गए हैं कि ये अपराधी किसी भी गैर कानूनी गतिविधि में न संलिप्त हो सकें, इसके लिए स्थानीय स्तर पर भी खूफिया निगरानी बढ़ाई जाए। पुलिस का मानना है कि इस तरह की कार्रवाई से संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

# सत्गुरु का नामदान ही कल्याणकारी: पंकज महाराज



**मथुरा।** जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे पांच दिवसीय वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला के तीसरे दिन संस्थाध्यक्ष पंकज महाराज ने श्रद्धालुओं को नामदान देकर, सत्गुरु महिमा, शाकाहार प्रचार और शब्द, नाम कमाई करने पर जोर दिया कहा कि वह कुल मालिक जब किसी जीव को पार करना चाहता है, तो किसी संत के जरिये अपना भेद प्रकट करता है। भवसागर से पार होने की इच्छा रखने वालों को संत की खोज कर, उनकी सेवा, सत्संग और नाम की कमाई करनी चाहिये। उन्होंने कहा अपने सत्गुरु का नाम दान ही कल्याण कारी है। उन्होंने बाबा जयगुरुदेव जी महाराज द्वारा 1970 के दशक में की गई भविष्यवाणियों की तरफ इशारा किया यदि लोग शाकाहार और नशामुक्त जीवन शैली नहीं अपनायेंगे तो पहले बीमारियों की आंधी चलेगी फिर तुफान आयेगा और फिर सुनामी आयेगी। कोरा. ना महामारी का दुःखद दृश्य देखा गया। लोगों को आक्सीजन का एक सिलेण्डर तक नहीं मिल पाया। उन्होंने भक्तों से अपील कि आप शाकाहारी रहे और नशीली वस्तुओं का सेवन बन्द कर दें। जब आप राम, कृष्ण, बजरंग बली और बौद्ध को मानते हैं तो उनके आदर्शों पर चलना भी सीखें। उन्होंने सत्संग प्रेमी भाई–बहनों से शाकाहारी–सदाचारी मद्यनिषेध के प्रचार को जन–जन तक पहुंचाने के लिये एक–एक गांव गोद लेने के लिये संकल्प लें और बराबर प्रचार करते रहें। जयगुरुदेव नाम योग साधना मन्दिर में पंकज बाबा ने पूजा कर लोगों के लिये कल्याणकारी प्रसाद तैयार किया। लोग लाइन में लगकर मन्दिर और सत्संग भवन में पूजा करते हुये दया की याचना करते दिखे। उन्होंने आगामी 8 से 12 जुलाई 2025 तक गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में आयोजित किये जाने की घोषणा की। उसमें एक–एक नये प्रेमी को

# रीसन सामाजिक सेवा ट्रस्ट ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



**मथुरा।** रीसन सामाजिक सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विशिष्ट नागरिकों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन समाज में सकारात्मक प्रेरणा देने एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।

समारोह के शुभारंभ में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि सुनील चौधरी, रेखा चौधरी, समाजवादी महिला मोर्चा की अध्यक्ष सिम्मी बेगम और खेल रत्न का खिताब पाने वाले बंटी सिद्दकी का पारंपरिक तरीके से माला एवं पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा एक अत्यंत सराहनीय पहल करते हुए गरीब कन्याओं के विवाह हेतु आर्थिक सहायता के रूप में चौक प्रदान किए गए। जिससे कई जरूरतमंद परिवारों को राहत मिली। समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को उनकी शिक्षा, खेल, कला एवं सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर छात्र–छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी, और उनके माता–पिता व गुरुजनों के लिए यह एक गर्व का क्षण था। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा, ''रीसन ट्रस्ट जिस प्रकार से समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य कर रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से न केवल प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और प्रोत्साहन की भावना भी मजबूत होती है। अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों, अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पूर्व जिला अध्यक्ष को बनाया गया मैनपुरी कांग्रेस का कॉऑर्डिनेटर मैनपुरी में जाकर करेंगे संगठन को मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मथुरा।** पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट को कांग्रेस हाई कमान ने जिला मैनपुरी का कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है जल्द ही वह मैनपुरी पहुंचकर के संगठन की जानकारी करेंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा को पार्टी हाई कमान ने संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें मैनपुरी जिले का कॉर्डिनेटर बनाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट ने बताया कि उनके द्वारा जिला अध्यक्ष के रूप में जिस तरह से जिम्मेदारी निभाई गई थी उसी तरह से वह मैनपुरी जिले के संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी निभाएंगे उनके द्वारा मैनपुरी में आदर्श संगठन तैयार किया जाएगा। पार्टी हाई कमान ने जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसके प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे।

## आर्य कन्या पाठशाला में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हापुड़ में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती मनाई गई। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे दौड़ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूमि सागर, आरती, अलीना, निशा परवीन (XII B) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान दीक्षा, खुशी, विशाखा रानी, साक्षी (X E) ने प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजना, रवि कुमार ने द्वितीय स्थान ज्योति, अमरपाल सिंह ने तृतीय स्थान अंशिका चमन सिंह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन पवन गर्ग द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या डा.स्नेह प्रभा ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्चना गोतम नोडल अधिकारी, सुमन लता व सहायक संगीता, सरोज भारती, संजना का विशेष सहयोग रहा।



## युवक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने थाना क्षेत्र के रविदास चौक पर स्थित शराब के ठेके पर ओवर रेटिंग का विरोध करने पर दलित युवक के साथ धारदार हथियार और बोतल से मारपीट कर जानलेवा हमला करने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में फरार आरोपी सेल्समेन को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि पीड़ित युवक द्वारा थाने पर तहरीर देते हुए बताया गया था कि थाना क्षेत्र के रविदास चौक स्थित शराब के ठेके पर बियर लेने गया था। ठेके पर ओवर रेटिंग का विरोध करने पर ठेके के सेल्समैन ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए पीड़ित दलित युवक पर धारदार हथियार और बोतल से उसके सर पर हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी ठेके के सेल्समैन शेरा उर्फ राहुल पुत्र राजेन्द्र सिह निवासी ग्राम गोविन्दपुर थाना किठौर जनपद मेरठ को मीरा की रेती बैरी के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।




## टूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनमपेट, चेन्नई-600018.
**शाखा कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051.
**website: www.truhomefinance.in**

### सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण उक्त डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है।

उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 16.5.2025 को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि के लिए टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

**उधारकर्ता का नाम और पता**

श्रीमती सेती देवी पत्नी तुलसी राम .....उधारकर्ता नं.1
श्री भरत सिंह .....उधारकर्ता नं.2
पता:- मकान नं.-175, प्रतापपुर चौधरी इज्जत नगर बरेली यूपी 243122.
इसके अलावा:- रोड नं.-1, राम नगर कॉलोनी इज्जत नगर, बरेली यूपी - 243122.

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

रु.11,59,626/-(ग्यारह लाख उनसठ हजार छह सौ छब्बीस रुपये मात्र) 16 जून 2021 तक ऋण खाता संख्या SLPHBRLY0000040 के संदर्भ में संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज सहित, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर।
डिमांड नोटिस की दिनांक - 24/06/2021

**गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण**

यह पूरी संपत्ति ग्राम परतापुर चौधरी, इज्जत नगर बरेली यूपी में स्थित है। क्षेत्रफल 150 वर्ग गज है।
सीमाएं:- पूर्व:- रास्ता मनोहरमा देवी की भूमि, पश्चिम:- रज़ा खान की भूमि
उत्तर:- मनोहरमा देवी की भूमि, दक्षिण:- राधा रानी की भूमि

स्थान: बरेली
दिनांक: 16.05.2025
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, टूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)


## भारतीय सेना के शौर्य पर गढ़ में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा अब तीनों सेनाओं के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। सोमवार को गढ़ नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निक. ालते हुए सेना के शौर्य को नमन किया। भाजपा ने देश की सुरक्षा के लिए सीमा पर तैनात सैनिकों के पराक्रम व वीरता की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक हरेंद्र तेवतिया ने कहा कि आज भारतीय सेना पर सभी गर्व है। उन्होंने पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर सिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब जब पाकिस्तान ने आंख दिखाने का काम किया, तब तब भारत ने सबक सिखाने काम किया है। पूर्व मंत्री मदन ने कहा कि पाकिस्तान ने कायरता का परिचय देते हुए पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया था। देश के प्रधानमंत्री की देखरेख में सेना के जवानों ने आप. रेशन सिंदूर के माध्यम से उनको सबक सिखाने काम किया है। नगर पालिका अध्यक्ष राक. श बजरंगी ने कहा कि भारत की सेना का डंका अब विदेश तक बज रहा है। उन्होंने कहा कि सेना ने साबित कर दिया है कि उनसे भिड़ने का नतीजा क्या होता है। इस दौरान सतपाल यादव, दीपक गौड़, आशीष चौधरी, तरूण चौहान, अंकुर सिरोही, पिंकी त्यागी, मनवीर सिंह, दीपक शर्मा, सोनू बाके, अंकुर त्यागी, रणधीर प्रधान आदि मौजूद रहें।



## गंगा किनारे के गांव को गढ़ में जोडने् की मांग हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा किनारे वाले जनपद अमरोहा के गांव को गढ़ में जोड़े जाने की मांग करते हुए सामाजिक संगठन ने इससे होने वाले फायदे गिनाते हुए प्रमुख सचिव को पत्र भेजा। सामाजिक संगठन मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संघ के राष्ट्रीय महासचिव पंकज लोधी ने प्रमुख सचिव के साथ ही डीएम को ज्ञापन दिया है। जिसमें उल्लेख किया है कि गंगा नदी के किनारे हापुड़ की साइड में स्थित जनपद अमरोहा के गांव लठीरा और फरीदपुर एतमाली को गढ़ तहसील, ब्लॉक और थाने से जुड़वाने की मांग की है। पंकज लोधी का कहना है कि एसडीएम धनौरा द्वारा डीएम अमरोहा को 26 जून 2008 को भेजी गई आख्या में उल्लेख किया गया था कि जनपद अमरोहा के उक्त दोनों गांव गंगा नदी के किनारे गढ़ की साइड में स्थित हैं। जिनकी दूरी धनौरा तहसील से करीब 40 किलोमीटर और गढ़ तहसील से महज छह किलोमीटर है। पंकज लोदी का कहना है कि कार्तिक माह में गंगा किनारे प्रतिवर्ष अमरोहा के गांव लठीरा और फरीदपुर में ही मेला भरता है, इसलिए उक्त दोनों गांवों को गढ़ में शामिल करने पर मेला आयोजन से जुड़ीं दिक्कत स्वत ही दूर हो जाएंगी।

## गंगा में बाढ़ आने से फसलों की बर्बादी को लेकर भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी

**गढ़मुक्तेश्वर।** बरसात के सीजन में आए साल गंगा के उफान से फसलों में होने वाली बर्बादी रोकने को व्यापक बंदोबस्त न किए जाने पर नाराजगी जताते हुए भाकियू ने फिर से आंदोलन करने की हुंकार भरते हुए सीएम को संबोधित ज्ञापन तहस. ीलदार को सौंपा। भाकियू जनशक्ति की बैठक सोमवार को तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गिल की अध्यक्षता और सरजीत सिंह के संच. ालन में हुई। जिला अध्यक्ष सुधीर चौधरी ने कहा कि पिछले कई दशकों से खादर क्षेत्र के जंगल में बरसात के दौरान गंगा में ऊान आने से ्सलों में बड़े स्तर पर नुकसान होता है, जिससे किसान बुरी तरह कराह उठते हैं। परंतु शासन और प्रशासन द्वारा पीड़ित किसानों को कोई मुआवजा देने की बजाए महज राशन वितरण कर अपने दायित्व की इतिश्री कर ली जाती है। उन्होंने कहा कि बरसात का सीजन बेहद करीब आता जा रहा है, इसलिए प्रशासनिक स्तर से नालों की सफाई के साथ ही अन्य बंदोबस्त जल्द से जल्द कराने होंगे। जिलाध्यक्ष ने आरा. ेप लगाया कि घरोनी समेत कृषि भूमि के दस्तावेजों से जुड़ीं त्रुटि ठीक कराने को किसान आए दिन तहसील के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं।

## चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के एक क्लीनिक से मोबाइल चोरी करने के मामले में फरार चल रहे हैं चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कर के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए हैं।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोर द्वारा थाना क्षेत्र में स्थित एक क्लीनिक में रख दो मोबाइल फोन चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया था। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। क्लीनिक में हुई चोरी की घटना को खुलासा करते हुए मोबाइल फोन चोरी करने वाले चोर इमरान पुत्र कलवा निवासी ग्राम पलवाडा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड को पलवाडा मार्ग शराब ठेके के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## दौड़ में दीपिका ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दौड़ में दीपिका पहले, चित्रा दूसरे स्थान पर रहीं। जेएस हिन्दू इंटर कालेज में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के मौके पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सौ से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दौड़ का शुभारंभ प्रधानाचार्य डा. जीपी सिंह व मंडल महामंत्री राजेश आर्य ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ में दीपिका पहले, चित्रा दूसरे, सृष्टि तीसरे स्थान पर रही। विजेता छात्राओं को प्रधानाचार्य ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जबकि रंगोली प्रतियोगिता में चार–चार छात्राओं की दो टीमे बनायी गयीं। विजयी टीम में खुशी, वंशिका, कशिश सैनी, अदिति रहीं। इस मौके पर मधुलिका गुप्ता, सावित्रि देवी, डा. गीता ढिल्लो, सविता विश्नोई, नैनसी शर्मा, सारिका बाहेती, अनिल कुमार, शैलेष कुमार, डा. शिव शंकर आदि मौजूद रहे।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी धनौरा

पत्रांक 403/गौ–आश्रय/भूसा/ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक– 19.5.2025

### ई–निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड धनौरा में संचालित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल ग्राम चुचौला कंला एवं ग्राम डींगरा में संरक्षित गौवंश के भरण–पोषण हेतु वित्तीय 2025–20 में 31, मार्च, 2020 तक गेहूँ के भूसे / हरा चारा एवं दाना चोकर की आपूर्ति हेतु प्रति कुन्तल की दर निर्धारण में एकरूपता बनाये रखने एवं न्यूनतम दर वाली फर्म के चयन हेतु ई–टेण्डिरिंग के माध्यम से दर अनुबन्ध (R ATE contrate) के तहत गेहूँ के भूसे / हरा चारा एवं दाना चोकर की आपूर्ति करने हेतु इच्छुक दुकानदारों/फर्मों/एजेन्सियों से उक्त सामग्रियों की ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता निविदा की समस्त नियम व शर्ते उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य बैंक ड्राफ्ट खण्ड विकास अधिकारी अमरोहा के नाम से प्रस्तुत करना होगा तथा आनलाईन अपलोड की गई समस्त प्रपत्रों की हार्ड कॉपी खण्ड विकास अधिकारी, धनौरा के कार्यालय में निविदा खुलने की तिथि से पूर्व उपलब्ध कराना होगा। निविदा प्रपत्र एंव निविदा से सम्बन्धित नियमों एवं शर्तों की जानकारी खण्ड विकास अधिकारी धनौरा के कार्यालय एवं ई–टेण्डर वेवसाईड से डाउनलोड की जा सकती है। मानक के अनुसार निविदा प्राप्त न होने की दशा में निविदा समिति को निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। तकनीकी निविदा दिनांक 29–05–2025 पूर्वान्हन 12:00 बजे तथा वित्तीय विड दिनांक 29–05–2025 को अपराहन 02:00 बजे गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खण्ड विकास अधिकारी धनौरा के कार्यालय में खोली जायेगी।

**विवरण निम्नवत है:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ई–निविदा का माध्यम | Etender .up.nic.in | | |
| कार्य का विवरण | विकासखण्ड धनौरा के अन्तर्गत संचालित गौवंश आश्रय स्थल ग्राम चुचैला कलां एवं डींगरा में गेहूं के भूसे/हरा चारा एवं संतुलित पशु आहार की आपूर्ति | | |
| मद/सामग्री का विवरण | मात्रा अनुमानित (कुन्तल में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में जी.एस.टी. सहित (रूपये में) | धरोहर राशि |
| 1– गेहूं का भूसा | मांग के अनुसार (अनुमानित 6000 कुंतल) | 3800.00 | 25000.00 |
| 2– हरा चारा | मांग के अनुसार (अनुमानित 12000 कुंतल) | | |
| 3– दाना चोकर | मांग के अनुसार (अनुमानित 600 कुंतल) | | |
| ई–निविदा सूचना एवं प्रपत्र के प्रकाश की तिथि | 20–05–2025 | | |
| निविदा प्रस्तुत करने की प्रारम्भ तिथि | 21–05–2025 | | |
| निविदा प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 28–05–2025 अपरन्ह 05.00 बजे तक | | |
| तकनीकी ई–निविदा का खोला जाना | 29–05–2025 पूर्वान्हन 12.00 बजे | | |
| वित्तीय ई–निविदा का खोला जाना | 29–05–2025 अपरान्ह 02.00 बजे | | |

निविदा आमंत्रणकर्ता को परिशिष्ट/शुद्ध पत्र जारी करने का अधिकार होगा। जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संबंधित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

(नरेन्द्र पाल सिंह गंगवार)
खण्ड विकास अधिकारी
धनौरा

# कार पलटने से आठ घायल, एक की मौत

## परिजनों ने जिला अस्पताल पर किया हंगामा, डॉक्टर व पुलिस पर लगाया अभद्रता का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हलालपुर गांव से तेहरवीं में शामिल होकर अपने गांव लौट रहे एक परिवार की इक्को गाड़ी पलट गई। हादसे में एक सात वर्षीय किशोर की मौत हो गई और आठ लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिजनों का आरोप है जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और कहा कि जब दोनों घायलों को जिला अस्पताल में लाया गया तो डॉक्टरों ने समय से उपचार नहीं किया जिस कारण सात वर्षीय देव की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने शराब पी रखी थी और उपचार करने के बजाय अभद्रता करने लगे । परिजनों ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा



मृतक देव का फाइल फोटों



घायल अंजू का फाइल फोटो

किया और डॉक्टर को बर्खाशित करने की मांग की है। सिंघावाली अहीर क्षेत्र के गांव तेडा में एक भट्टे के निकट ईको कार पलटले से एक सात वर्षीय किशोर देव की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतक किशोर देवा के परिजनों ने देर रात अस्पताल में हंगामा किया। उन्होंने डॉक्टर और पुलिस पर उचित उपचार न करने का आरा.



प लगाया। तेहरवीं से हलालपुर गांव से तेडा गांव जा रहे थे। रास्ते में उनकी इक्को गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें आठ लोग घायल हो गए। हादसे में सात वर्षीय देव और 28 वर्षीय महिला अंजू की हालत गंभीर थी।

उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही सात वर्षीय देव ने दम तोड़ दिया। रात को मृतक बालक देवा के परिजनों ने इलाज न मिलने पर अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया। उनका आरोप है कि न डॉक्टर समय पर पहुंचे और न ही पुलिस ने मदद की। साथ ही डॉक्टर व पुलिस पर अभद्र व्यवहार का आरोप भी लगाया गया है।

## आपसी भाईचारा व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है जनपद: शहर काजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाग़पत।** नगर के पुराना कस्बा स्थित मदरसा अशरफुल उलूम में सीओ हरीश सिंह भदौरिया ने शांति, एकता एवं राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर काज़ी बागपत कारी हबीबुर्रहमान के साथ बैठक की। इस अवसर पर शहर के बुद्धिजीवी, सामाजिक, धार्मिक व गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

सीओ हरीश सिंह भदौरिया ने कहा कि नगर में सौहार्द का माहौल बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफ़वाह या असामा. जिक तत्वों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है और ऐसे मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि हमारे शहर व देश के विकास के लिए आपसी एकता बहुत जरूरी है तथा एक-दूसरे की मदद करने तथा गंगा-जमनी तहज़ीब को बढ़ावा देने से क्षेत्र में खुशहाली का माहौल स्थापित होगा। पुलिस नगरवासियों की सुरक्षा और मदद के लिए सदैव तैयार है। शहर काज़ी कारी हबीबुर्रहमान ने कहा कि पुलिस प्रशासन और शहर के लोगों के बीच इस तरह की चर्चा से आपसी विश्वास और सहयोग मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि शहर के लोग देश के विकास और सुरक्षा के नाम पर एकजुट हैं। बागपत के लोगों ने हमेशा एकता, शांति और गंगा-जमनी तहज़ीब की मिसाल कायम की है, कभी भी माहौल खराब नहीं किया। हमें अफवाहों से दूर रहना चाहिए और किसी भी तरह की गलत सूचना फैलाने से पहले सच्चाई का पता लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश और समाज का विकास तभी संभव है, जब हम अपने दिलों में शांति और सद्भाव को जगह देंगे। इस अवसर पर एसओ दीक्षित त्यागी, समाज सेवी वसीम , मुफ्ती एहसान कासमी, अहमद मलिक, कारी मुजीबुर्रहमान, मास्टर फ़िरोज आदि उपस्थित रहे।



## 20 मई को महासभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होगा प्लेटिनम समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के रविदास छात्रावास में श्रीरविदास महासभा के मीडिया प्रभारी डा.सतेन्द्र कुमार ने बताया कि 20 मई को महासभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होगा प्लेटिनम समारोह। बताया कि समता मूलक समाज के समर्थक सन्तों में संन्त शिरोमणि सतगुरु रविदास जी के बेगमपुरा को लाने के लिए तथा उनकी एकसाखी को जैसे-ऐसा चाहू राज मैं, जहां मिले सभी को अन्न।

मीडिया प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उनकी इस साखी को पूरा करने के लिए राजनेता व सांसद नगीना चन्द्रशेखर, नगर पालिका परिषद बडौत की अध्यक्ष बबीता तोमर, अर्जुनदेव भारती अध्यक्ष सचिवालय संघ (लखनऊ), ब्रजपालसिंह बगरौली, विश्व प्रसिद्ध अधरंग (लकवा) रोग विशेषज्ञ मा राजबीर, महीपाल शामली मनचंगा कठौती में गंगा की गुरु सभा प्रविन्द्र धारिया आदि पधार रहे हैं। समारोह की तैयारियों के लिए स्थानीय स्तर पर समिति का गठन किया है।



## तेज रफ्तार कार विद्युत पोल से टकराई, सात घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित पाली गांव के निकट एक कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में कार में सवार सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोग एकत्रित हो गए और घायल लोगों को अनन-फनन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से घायलों की हालत गम्भीर देखते हुए उन्हे हायर सेन्टर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र में बागपत कस्बे के पाली और काठा गांव के निकट गोयल फैक्टरी के समीप एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया और कार विद्युत खंभे से टकरा गई। इस दुर्घटना में पुराना कस्बा निवासी चांद, खालिद, आसिफ, सुहेब, तमिल, वासिब और सावेज गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाला। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। हादसा तब हुआ जब बागपत से दिल्ली की तरफ जा रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। स्वास्थ्य कर्मी घायलों के उपचार में जुटे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।











## जल भराव निकासी कराएजाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जल भराव निकासी कराये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया और जल भराव की समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की है।

सोमवार को सिलाना गांव की ग्रामीणो ने जिलाधिकारी को शिकायत करते हुए बताया कि सिलाना गांव में जल निकासी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। गांव में स्थित छोटे तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य मार्ग पर फैल रहा है। इससे आवागमन में परेशानी हो रही है। गांव के बाहर एक बड़ा तालाब है। छोटे तालाब के पानी को बड़े तालाब तक पहुंचाने के लिए 10 फीट की नाली का निर्माण जरूरी है। ग्राम प्रधान आनंदपाल ने नाली निर्माण कार्य शुरू किया था, लेकिन गांव के कुछ लोगों ने इस कार्य को रोक दिया। जलभराव की वजह से धार्मिक स्थलों में आने-जाने वाले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। बरसात का मौसम नजदीक है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्राम प्रधान आनंदपाल के अनुसार 10 फीट की नाली बनने से समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से समस्या का समाधान जल्द कराये जाने की मांग की है।

## रात्रि के अंधकार में फल-फूल रहा मिट्टी माफियाओं का साम्राज्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र में एक ऐसा अवैध कारोबार अपनी जड़ें गहराता जा रहा है, जो न केवल कानून व्यवस्था की धज्जियाँ उड़ा रहा है, बल्कि क्षेत्र की शांति, पर्यावरण और आम जनजीवन के लिए एक गंभीर संकट बन चुका है। यह है अवैध मिट्टी खनन जो अब रात के अंधेरे में इतने संगठित और बेलगाम रूप में चल रहा है कि इसे देखकर आम जनता सहमी हुई है और पुलिस प्रशासन पर गुस्से से भर उठी है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छपरौली क्षेत्र के गांवों में दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ हर रात खेतों, से अवैध रूप से मिट्टी निकाल रही हैं।

**.रात होते ही ट्रैक्टर ट्रॉलियों का काल रथ बन जाता है सड़कों पर कहर का प्रतीक**

रात को जैसे ही अंधेरा घिरता है, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतारें सड़कों पर दौड़ने लगती हैं। ये वाहन इतने तेज गति से दौड़ते हैं कि कई बार दुर्घटनाएं होते-होते टल जाती हैं। जनकारी के अनुसार उनमे ज्यादातर ट्रैक्टर न तो पंजीकृत होते हैं न इनके चालकों के पास लाइसेंस होता है और न ही सुरक्षा उपकरण होता है। वे केवल एक ही उद्देश्य से दौड़ते हैं ज्यादा से ज्यादा मिट्टी उठाकर अधिक से अधिक पैसा कमाना।

**.पुलिस की भूमिका पर उठे रहे है सवालख़चुप्पी, सहमति या मिलीभगत?**

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब कुछ खुलेआम हो रहा है। पुलिस चौंकी से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली रोड पर दौड़ रही हैं, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। सवाल यह उठता है कि क्या पुलिस को इसकी खबर नहीं, क्या रात्री को पुलिस गश्त भी नही करती है,जो इनको यह अवैध रूप से चल रहा कार्य उनको नही दिखाई दे रहा या फिर पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है? कुछ स्थानीय लोगों ने तो यह भी दावा किया है कि खनन माफियो ने पुलिस के साथ सांठगांठ बना रखी है, जिसके बदले उन्हें खुली छूट मिल जाती है और खनन माफिया राजस्व विभाग को मिलीभगत के चलते चुना लगा रहे है। स्थानीय युवाओं और जागरूक नागरिकों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड की हैं, जिनमें साफ़ देखा जा सकता है कि कैसे रात के समय दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना किसी भय के दौड़ रही हैं। इसके बावजूद न तो खनन विभाग न पुलिस और न ही जिला प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया है। यह चुप्पी अब लोगों के बीच संदेह पैदा कर रही है। क्या प्रशासन भी इस अवैध धंधे का हिस्सा बन चुका है? पर्यावरण और भूगर्भीय खतरा मिट्टी की लूट से विनाश की ओर क्षेत्र खनन केवल कानून व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, यह क्षेत्र के भविष्य का सवाल है। मिट्टी की इस अंधाधुंध लूट के कारण ज़मीन की उर्वरता घट रही है, जलस्तर तेजी से नीचे गिर रहा है और कुछ स्थानों पर तो पूरे के पूरे खेत गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं, जो जानलेवा साबित हो सकते हैं। खनन इंस्पेक्टर का कहना है कि उनको इसकी जानकारी नही यदि ऐसा कुछ है तो उसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



## औषधि विभाग की बड़ी कार्रवाई, मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे औषधि जांच अभियान के तहत सोमवार को नगर की खत्री गढी में औषधि विभाग और ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने जबरदस्त कार्रवाई की। इस छापेमारी में तीन मेडिकल स्टोर्स को निशाना बनाया गया, जिन पर दवाइयां बिना बिल के बेचे जाने और लाइसेंस से संबंधित अनियमितताएं पाए जाने के आरोप हैं। इस कार्रवाई से पूरे शहर के मेडिकल कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

बड़ौत क्षेत्र के खत्री गली स्थित न्यू निक्की मेडिकल स्टोर, विज्ञान मेडिकल स्टोर तथा नॉर्मल होस्टल मार्केट स्थित तोमर मेडिकल स्टोर पर की गई। बागपत और बुलन्दशहर की औषधि विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से छापा मारकर वहां रखी दवाइयों की जांच की। अधिकारियों ने स्टोर संचालकों से दवाओं के बिल और स्टॉक की जानकारी मांगी, लेकिन मौके पर अधिकतर दवाओं का बिल नहीं दिखाया जा सका। बुलन्दशहर औषधि निरीक्षक अनिल आनन्द व बागपत से मोहित कुमार दीप अपनी टीम के साथ छापेमारी करने पहुँचे थे। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि बिना बिल की दवाइयों का विक्रय न सिर्फ गैरकानूनी है बल्कि यह आम जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ भी है। मौके से दवाइयों के सैंपल भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिन मेडिकल स्टोर्स पर नियमों का उल्लंघन पाया गया, उन्हें नोटिस जारी किया गया है और आवश्यक स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस छापेमारी अभियान से न केवल मेडिकल कारोबारियों में चिंता बढ़ी है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह सख्त संदेश भी गया है कि नियमों की अवहेलना करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग का कहना है कि ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने बैठक कर दिए बैंकों को कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संबंधित विभागों एवं बैंकों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृतियों एवं ऋण वितरण की विस्तृत समीक्षा करते हुए बैंकों के धीमे कार्य निष्पादन पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पात्र युवाओं को समय पर ऋण उपलब्ध कराना बैंकों की जिम्मेदारी है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत अब तक कुल 391 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 348 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए हैं। जबकि अब तक मात्र 65 आवेदन ही बैंक द्वारा स्वीख़्रत हुए हैं 40 आवे. दनों पर ऋण वितरण किया गया है, जिसमें 15.50 लाख मार्जिन मनी वितरित की गई है।इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए, जिसकी आयु 21 से 40 वर्ष के बीच हो तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण या समकक्ष और मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से कौशल संबंधित प्रमाणपत्र, डिप्लोमा या डिग्री होनी चाहिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग एवं बैंक समन्वय बनाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक युवाओं तक इन योजनाओं की जानकारी पहुँचे और वे लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही, उन्होंने बैंकों को चेतावनी दी कि यदि ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ,जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी सहित संबंधित बैंकों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय सैनिक परिषद की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** अखिल भारतीय सैनिक परिषद की एक बैठक सुभाष छिल्लर पटेल नगर बडौत के आवास पर संपन्न हुई। संचालन ओमकार राठी ने किया। सभा का उदेश्य परिषद् को मजबूत करने नौजवानो को देश प्रेम के लिए जाग्रत देश से बढ़कर कुछ नही। परिषद के अध्यक्ष भगवान की अनुपस्थि में सन1971 की लड़ाई मे पैर गवाने वाले चन्द्र पाल फौजी ने कहा कि हम आज भी मोर्चे पर जाकर दुश्मन को सबक सिखाने को तैयार है। हमारी बहादुर सेना ने जो किया हम उनके साहस को सलाम करते है महामंत्री राजेन्द्र सिंह सुरेन्द्र राठी ने हर गाँव में सभा करने नौजवानों को प्रेरित कर सेना में जाकर शोर्य साहस पराक्रम दिखाए। सचिव रमेश फौजी ने परिषद को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र राठी नरेश पाल देवेन्द्र वायु सेना रविन्द्र सिंह सुरेन्द्र सिंह ने अपने विचार रखे। इस मौके पर उपाध्यक्ष सुभाष छिल्लर दर्जन पर लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई कार्यक्रम में कुबेर शर्मा अरविन्द विपिन दीपक कुमार उदयवीर ओमवीर मान बिजेंद्र सिंह ओमकार राठी आदि मौजूद रहे।

### दो बस डिपो होने के बावजूद भी लगा रहता बसों का जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में हिंदू युवा वाहिनी कार्यालय पर एक बैठक की गई जिसमें दिल्ली सहारनपुर बस स्टैंड पर रोडवेज डिपो होने के बावजूद बसों द्वारा जाम लगा रहता है। बैठक में जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने कहा कि जनपद बागपत के बड़ौत में दो दो रोडवेज डिपो होने के बावजूद दिल्ली अड्डा बस स्टैंड पर बस रोककर जाम की स्थिति बनी रहती है। हिंदू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र चौहान ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि दिल्ली सहारनपुर बस स्टैंड पर यह स्थिति पैदा हो गई है कि वहां से निकलना भी मुश्किल हो गया है। बड़ौत में दो दो बस डिपो होने बावजूद बसों द्वारा जाम लगाया जाता है। इस पर प्रतिबंध लगाने के लिए दो दिन बाद ए आर एम बड़ौत का घेराव करेगी। हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत बैठक में राष्ट्रीय सनातन पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरण देव महाराज बड़ौत ब्लॉक अध्यक्ष मोहित उपाध्याय जिला कार्यालय प्रभारी राजीव कुमार जिला सहकार्यालय प्रभारी रवि कश्यप जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार बबलु पवार विजय कृष्ण कुमार सूद प्रमोद कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

### अहिल्या बाई का मनाया 300वां जन्मोत्सव

**बडौत।** विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति प्रकोष्ठ की जिला संयोजक मीनाक्षी सिसोदिया ने इंडियन पब्लिक इंटर कॉलेज देवनगर बावली रोड पर बालिकाओं द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन अहिल्याबाई होलकर के 300 जन्मोत्सव के श्रृंखला मे कराया जिसमें प्रतियोगिता रखी गई। मीनाक्षी सिसोदिया ने द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया कक्षा 11वीं 12वीं की बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर इंडियन पब्लिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजयानन्द ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा रानी अहिल्याबाई होल्कर महान वीरांगना थी। उन्होंने मुगलों द्वारा मंदिरों को शक्तिग्रस्त करने पर मंदिरों की पुनर्जीवन किया।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुआ जोरदार धमाका, बाल-बाल बचे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे में कुरैशीयान मौहल्ले में पानी टंकी के पास रविवार देर रात को कस्बे में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक दुकान में अचानक जोरदार धमाका हुआ। देखते ही देखते चारों ओर धुएं का गुबार फैल गया और अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार यह दुकान एक अवैध मिनी पटाखा फैक्ट्री के रूप में प्रयोग की जा रहा थी, जहां बिना किसी अनुमति के पटाखों का निर्माण किया जा रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक हुए धमाके से पूरा बस्ती दहल उठी। कई लोगों को लगा कि बड़ा हादसा हो गया है। गनीमत रही कि धमाके में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पास के मकानों की खिड़कियां और दीवारें तक हिल गईं। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बताया कि यह अवैध पटाखा फैक्ट्री लंबे समय से चुपचाप चल रही थी, जिसमें कस्बा निवासी एक व्यक्ति त्योहारी सीज़न और शादी-ब्याह में बेचने के लिए पटाखे बनाता था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन को इस अवैध गतिविधि की कोई भनक तक नहीं थी। अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह सब बिना मिलीभगत के संभव था? या फिर जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी इस अवैध कारोबार की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई थी? फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और विस्फोट के कारणों की पड़ताल की जा रही है। पूरे कस्बे में दहशत का माहौल है और लोग लगातार यही सवाल कर रहे हैं कि अगर यह धमाका थोड़ा और बड़ा होता तो आज एक बड़ा हादसा घट सकता था। बस्ती के लोगो ने बडी बहादूरी दिखाते हुए समय रहते आग पर काबू पाया नही तो बडी घटना हो सकती थी । स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार इस दुकान में संदिग्ध गतिविधियां देखी गई थीं लेकिन कभी किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब यह प्रशासन और पुलिस के लिए गंभीर जांच का विषय बन चुका है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले में कितनी गहराई से जांच करता है, या मामले को दबाया जाता है। इस मामले में छपरौली थाना प्रभारी देवेश कुमार शर्मा का कहना है कि उन्हें रात में आग लगने की सूचना मिली थी। उनका कहना है कि फैक्ट्री में गत्ते के कारण आग लगी है और पुलिस जांच कर रही है।



**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मोहित से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

राजबीर पुत्र सुरेश निवासी ग्राम सूजरा थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम गलती से DHARAMVIR SINGH व मेरी जन्म तिथि 1965 दर्ज हो गये है जोकि गलत है जबकि मेरे पैन कार्ड व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्रो मे नाम DHARAMBIR SINGH व मेरी जन्म तिथि 15.07.1965 दर्ज है जोकि सही है भविष्य में मेरे आधार कार्ड मे मेरा सही नाम DHARAMBIR SINGH व मेरी सही जन्म तिथि 15.07.1965 की जाए।

धर्मबीर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम बडका तहसील बडौत जनपद बागपत।

# रास्ते पर बनी पांच दुकानों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** सोमवार को प्रशासन ने अवैध कब्जेदारों पर बड़ी कार्रवाई की। गांव रेवड़ी कला में सरकारी रास्ते की जमीन कब्जा कर बनाई गई दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया गया। कार्रवाई के दौरान खलबली मची रही।

गांव रेवड़ी कला चौराहा पर गाटा संख्या 708 पर सरकारी रास्ते की जमीन कब्जाने के बाद यहां अवैध रूप से पांच दुकानों का निर्माण कर लिया गया था। इस मामले में धारा 67 बेदखली की तहसील प्रशासन की ओर से आदेश पारित किए गए थे,आदेश पारित के बाद तहसीलदार राकेश कुमार चंद्रा ने राजस्व टीम के साथ सोमवार को रास्ते पर बनी पांच दुकानों पर बुलडोजर चलाकर दुक. नों को ध्वस्त कराया गया।




जनपद रामपुर में जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह ने छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। वर्ष 1990 में तहसील मिलक के क्योरार में कुल 2.32 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर मिनी औद्योगिक आस्थान की स्थापना की गई थी। स्थानीय स्तर पर उद्यम शुरू करने के लिए इछुक उद्यमियों को वर्ष 2004 में भूखंड आवंटित किए गए। बाद में इस मिनी औद्योगिक आस्थान का लगभग 80 प्रतिशत भाग एनएचएआई द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया था। शेष बचे भूखंड को चिन्हित करते हुए 21वर्ष बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर अवंटियों को कब्जा दिला दिया गया है।

भूखण्डों पर कब्जा प्राप्त करने वाली कामिनी गुप्ता, सताक्षी गुप्ता और राजो देवी हैं। उन्होंने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया है कि वर्षों बाद इन्हें उद्योग स्थापना का अवसर प्राप्त हुआ है।

उपायुक्त उद्योग श्री मनीष पाठक ने बताया कि इस औद्योगिक आस्थान के जीर्णोद्धार हेतु शासन को संज्ञानित कर दिया गया है। यूपीएसआईसी द्वारा इसका सर्वेक्षण किया जाएगा एवं आवश्यक अवस्थापना सुविधा बिजली, पानी जैसी तमाम सुविधीयें उद्यमियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि मिनी औद्योगिक आस्थान में बेरोजगार युवाओं को भूमि आवंटित करके स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों की स्थापना को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि बेरोजगारी कम हो और स्वरोजगार को बढ़ावा मिले।

मिनी औद्योगिक आस्थान में विभिन्न उद्योगों को सुविधा और संसाधन प्रदान किए जाते हैं, जिससे कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी आमजनमानस की शिकायतें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जनपद रामपुर में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं।

वर्ष 1990 में तहसील मिलक के क्योरार में कुल 2.32 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर मिनी औद्योगिक आस्थान की स्थापना की गई थी। स्थानीय स्तर पर उद्यम शुरू करने के लिए इच्छुक उद्यमियों को वर्ष 2004 में भूखंड आवंटित किए गए। बाद में इस मिनी औद्योगिक आस्थान का लगभग 80 प्रतिशत भाग एनएचएआई द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया था। शेष बचे भूखंड को चिन्हित करते हुए 21वर्ष बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर अवंटियों को कब्जा दिला दिया गया है। भूखण्डों पर कब्जा प्राप्त करने वाली कामिनी गुप्ता, सताक्षी गुप्ता और राजो देवी हैं।

उन्होंने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया है कि वर्षों बाद इन्हें उद्योग स्थापना का अवसर प्राप्त हुआ है।

उपायुक्त उद्योग मनीष पाठक ने बताया कि इस औद्योगिक आस्थान के जीर्णोद्धार हेतु शासन को संज्ञानित कर दिया गया है। यूपीएसआईसी द्वारा इसका सर्वेक्षण किया जाएगा एवं आवश्यक अवस्थापना सुविधा बिजली, पानी जैसी तमाम सुविधीयें उद्यमियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि मिनी औद्योगिक आस्थान में बेरोजगार युवाओं को भूमि आवंटित करके स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों की स्थापना को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि बेरोजगारी कम हो और स्वरोजगार को बढ़ावा मिले।

मिनी औद्योगिक आस्थान में विभिन्न उद्योगों को सुविधा और संसाधन प्रदान किए जाते हैं, जिससे कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

# मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** मोटरसाइकिलो की भिड़ंत मे एक मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकी दूसरा मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया घायल युवक को काशीपुर के अस्पताल मे भरती कराया है। मोहम्मद शमी पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी धर्मपुर स्वार मे चिकित्सक की दुकान पर काम करता है सनीवार की रात लगभग आठ बजे के करीब दुकान से अपनी मोटरसाइकिल से घर वापस आ रहा था कि बाजपुर रामपुर मार्ग पर नरपतनगर के पास पुराने भट्टे के करीब सामने से तेज गती से आरहे मोटरसाइकिल चालक ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगते मोहम्मद शमी जमीन पर गिर गया दूसरा मोटरसाइकिल चालक मौका पाकर फरार हो गया। घटनास्थल पर आने जाने वालो की भीड़ लग गई सूचना पाकर परीवार वाले भी मौके पर पहुंच गए और घायल युवक को स्वार के अस्पताल मे भर्ती कराया लेकिन हालत नाजुक होने पर परिजनों ने घायल युवक को काशीपुर के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है जहा पर युवक की हालत मे सुधार बताया जाता है।

# कार के चारों तरफ उपले लगाकर कार में लगा दी आग

**( सतीश कुमार लोधी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** पटवाई थाना क्षेत्र के हरदासपुर गांव में रात्रि में किसी व्यक्ति ने गैरेज में खड़ी कार के चारों तरफ उपले लगाकर आग लगा दी। आग की चिंगारी देख गांव में अफरा तफरी मच गई। इसी थाना क्षेत्र के हरदासपुर गांव निवासी हरिओम सिंह रविवार को अपनी बहन की लगून लेकर गए। शाम को आकर अपनी कार अपने गैरेज में खड़ी कर दी थी। कार में कुछ कीमती सामान भी रखा हुआ था।

पीड़ित हरिओम सिंह की बहन की शादी थी इसलिए वह शादी की तैयारी में जुटे हुए थे। गैरेज से पीड़ित का घर 500 मीटर की दूरी पर है। रविवार रात्रि में किसी अज्ञात लोगों ने गैरेज का ताला तोड़कर पहले कार के चारों तरफ उपले लगाए गए। उसके बाद उसमें आग लगा दी गई। आग की चिंगारी देख। गांव में अफरा तफरी मच गई और आग को बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग बुझ नहीं रही थी। मौके पर पटवाई पुलिस और फायर ब्रिटिश का टैंक मौके पर पहुंचा और आग को काबू कर लिया।

पीड़ित हरिओम सिंह ने बताया कि रविवार को बहिन की लगून लेकर गए थे शाम को गैरेज में कार खड़ी कर दी थी। हम लोग शादी की तैयारी में जुट गए थे। किसी अज्ञात लोगों ने कार ब भूसे में आग लगा दी। जिससे पांच लाख तक का नुकसान हो गया।

सोमवार रात्रि को घर बारात आनी है।



# फेसबुक पर युवती का फोटो लोड करने पर हुई कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के नया ललवारा निवासी मटरू सैनी पुत्र भूरे सिंह ने आरोप लगाया है कि गांव के तोताराम पुत्र मेवाराम ने अपनी फेसबुक आईडी के स्टेटस पर पीड़ित की बेटी को बदनाम करने के लिए अपने साथ बेटी का फोटो लगाया है। सोमवार को पीड़ित को इस बात की जानकारी हुई तो प्रार्थी ने उक्त तोताराम से फोटो हटाने को कहा जिस पर तोताराम अपने पिता मेवाराम और चाचा डालचंद के साथ मिलकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। प्रार्थी ने नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# सैफनी में नाबालिग के साथ कुकर्म, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक 16 वर्षीय लड़के के साथ अज्ञात नकाब पोश बाइक सवारों द्वारा कुकर्म किए जाने का आरोप लगा है।

पीड़ित, जिसकी पहचान लोकेश (परिवर्तित नाम) के रूप में हुई है, बिलारी थाना क्षेत्र के गांव सिहाली नन्दा का निवासी है और सैफनी में एक दुकान पर काम करता है। पीड़ित की माँ, माया देवी पत्नी देशराज सिंह, ने थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि उनका बेटा लोकेश कल सुबह करीब 7:30 बजे पैदल अपने घर से दुकान पर काम करने के लिए आ रहा था। रास्ते में जब वह दनियापुर निवासी चौधरी के भट्टे के सामने पहुँचा, तो बाइक पर सवार दो नकाबपोश व्यक्तियों ने उसे जबरन अपनी बाइक पर बैठा लिया। आरोप के अनुसार, दोनों व्यक्ति लोकेश को पास के एक ईख के खेत में ले गए, जहाँ उन्होंने बारी-बारी से उसके साथ कुकर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद, उन्होंने लोकेश को किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी और उसके हाथ-पैर बांधकर खेत में ही छोड़कर फरार हो गए। माया देवी ने बताया कि उनका बेटा शाम 4:00 बजे तक खेत में ही बंधा पड़ा रहा। किसी तरह उसने अपने हाथ-पैर खोले और डर के मारे घर वापस आ गया। उसने डर के कारण अपने साथ हुई घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। आज सुबह, जब लो. केश फिर से काम पर आ रहा था, तो वही दोनों व्यक्ति उसे रास्ते में फिर से दिखाई दिए। उन्हें देखकर लोकेश डर के मारे तुरंत घर वापस लौट आया और तब उसने कल और आज अपने साथ हुई पूरी घटना की जानकारी अपनी माँ को दी।

पीड़ित की माँ ने बताया कि उनका बेटा काफी डरा और सहमा हुआ है। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। सैफनी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है। यह घटना क्षेत्र में चिंता का विषय बन गई है और लोगों ने आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# एसएचओ ने चेक किए सीसीटीवी कैमरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाल शाहाबाद ने भ्रमण कर लोगो से जानी उनकी समस्याएं। साथ ही साथ लोगो से शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की

सोमवार को कोतवाल पंकज पंत में नगर के मोहल्ला नालापार समेत कई नगर के वार्डो में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की साथ ही लोगो से बातचीत कर लोगो की समस्याओं को भी सुना और लोगो से शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की। इस दौरान कांस्टेबल अमित कुमार और मुकुल चौधरी कोतवाल पंकज पंत के साथ रहे।

# बजरंग बली की मूर्ति की स्थापना से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर के मोहल्ला चाउपुरा में बजरंग बली हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना ने पूर्व निकाली कलश यात्रा जगह-जगह कलश यात्रा का फूल बरसा कर स्वागत किया गया। वैदिक मंत्रोच्चर के बीच मूर्ति की स्थापना की गई और भंडारे का आयोजन किया गया। सोमवार को नगर के मोहल्ला चाउपुरा के हनुमान मंदिर पर बजरंग बली हनुमान की मूर्ति की वैदिक मंत्रोचार के बीच स्थापना की गई। स्थापना से पूर्व पाठ किया गया सोमवार को मूर्ति की स्थापना से पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा नगर के काशीपुर मार्ग सदर बाजार होती हुई चाउपुरा के हनुमान मंदिर पर पहुंची जहां भक्तों ने कलश यात्रा का फूल बरसा कर स्वागत किया और पूजा अर्चना कर मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया इसके बाद मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



# सेना के शौर्य पराक्रम और सम्मान में नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** नगर पालिका परिषद कार्यालय से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना के शौर्य पराक्रम और सम्मान में तिरंगा यात्रा पटवाई रोड, तीन बत्ती चौराहा, गुरुद्वारा, स्टेशन रोड से होती हुई तिरंगा यात्रा नगर पालिका परिषद कार्यालय पर आकर समापन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा एवं पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार,ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार,पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, भाजपा नेता कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, तिरंगा यात्रा संयोजक चंद्रभान मित्तल, प्रेम शंकर पांडे, ऋषि पांडे, नन्हे राम पांडे, डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा, सभासद गोपेश्वर गंग. वार, नगर अध्यक्ष ममता अत्रि,अजय बाबू गंगवार,बसंत कुमार एडवोकेट, सभासद अमरजीत सिंह माटा, भूकन शरन, साइया सक्सेना, तेजपाल, अमरीश बाबू, राजेंद्र रोहिल्ला, डॉ संजय रस्तोगी, दीपा, हेमा रानी, वीरपाल गंगवार, बृजेश गंगवार आदि रहे।



# आला अफसरों ने किया ई-मालखाना एवं अमृत वाटिका का उद्घाटन

**( सोनू शर्मा )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम/रामपुर।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ थाना मिलक खानम पर नवनिर्मित ई-मालखाना एवं अमृत वाटिका का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात थाना मिलकखानम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, आर्डर बुक, जनशिकायती रजिस्टर, मालमुकदमाती रजिस्टर, मिशन शक्ति रजिस्टर व अन्य अभिलेखों एवं थाना परिसर में बने थाना कार्यालय, जी.डी. कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, मैस व विवेचना कक्ष आदि का मुआयना कर साफ- सफाई को चौक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी स्वार भी मौजूद रहे। थानों में ई-मालखाना से सुरक्षित रहेंगे साक्ष्य।,ई-मालखाना मैनेजमेंट सिस्टम से बरामद माल की जानक. ारी का डाटा होगा तैयार।, मालखानों का रिकॉर्ड खंगालने में नहीं होगी समस्या।, मुकदमों से संबंधित हर माल की निगरानी में होगी आसानी।, बार कोड के जरिए पलभर में उपलब्ध हो जाएगी पूरी जानकारी।




# मिलक नगर में निकली गई तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** सोमवार को वार्ड नंबर 7 मोहल्ला नसीराबाद मिलक जिला रामपुर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जोकि रंगोली मंडप नवदिया चौराहे से प्रारम्भ होकर पुरे वार्ड मे घूमकर कर राम. सिंह की मढ़ी पर संपन्न हुई। इस यात्रा के संयोजक डॉक्टर प्रखर वशिष्ठ सभासद वार्ड नंबर 7 व डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा हिंदी सलाहकार अल्पसंख्यक आयोग रहे। इस यात्रा का मूल उद्देश्य भारत के वीर सैनिकों के पराक्रम को पहुंचना था जोकि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान से पहलगाओ मे हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए किया गया।

इस यात्रा में मिलक मंडल अध्यक्ष ममता अत्री, अरुण रोहिल्ला, चंद्रभान मित्तल, रवि रोहिल्ला, अभि तिवारी, परमानंद गंगवार, मुन्ने खां, जावेद, राजीव पांडे, जीतू ठाकुर, सचिन सक्सेना, यविंदर गंग. वार, विपिन यादव, ओमपाल गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर**

| | |
|---|---|
| अल्पकालीन ई-निविदा सूचना: 02/EDC(R)2025-26 **दिनांक:**17.05.2025 | |
| कार्य का नाम: विद्युत वितरण खण्ड-स्वार, रामपुर के क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण जमा योजना के सापेक्ष भविष्य में विभिन्न कार्यो को कराने का कार्य।(रनिंग टेण्डर) | |
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्क: रू. 3540.00 | धरोहर राशि: रू. 20.00 हजार |
| ई-निविदा की अंतिम तिथि:-03.06.2025 15:00 बजे | |
| विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी। | |

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विविम रामपुर**

# जीत के साथ खोया आत्मविश्वास हासिल करने उतरेगी सीएसके

● दोनों टीमें अब तक अपने अभियान में केवल तीन जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है

**नई दिल्ली, वार्ता।** करिश्मायी कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 62वें मुकाबले में मंगलवार को राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ़ जीत के साथ साथ खोया आत्मविश्वास हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

संजू सैमसन के कुशल नेतृत्व में राजस्थान रॉयल्स बेहतरीन बल्लेबाजी फॉर्म की बदौलतर हाल ही में सीएसके पर अपना दबदबा बनाने में सफल रही है और इस मुकाबले में भी उसका इरादा जीत का स्वाद चखने का होगा। दोनों टीमें अब तक अपने अभियान में केवल तीन जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। इस प्रकार आईपीएल 2025 का यह मुकाबला इस सीज़न को शानदार तरीके से खत्म करने और अपने चहेते कप्तान की साख को बरकरार रखने का होगा। चेन्नई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराकर अभियान की शुरूआत की थी, लेकिन उनका शीर्ष क्रम अस्थिर रहा। पंजाब किंग्स से दस रन से हारने के बावजूद आरआर ने अपने पिछले दो मैचों में 400 से अधिक रन बनाए हैं और अधिक संतुलित बल्लेबाजी इकाई के तौर पर स्पष्ट दिखाई दी है। दूसरी ओर राजस्थान ने चेन्नई के खिलाफ अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं। यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल जैसे प्रमुख खिलाड़ी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें तुषार देशपांडे और फजलहक फारुकी पर सफलता दिलाने की जिम्मेदारी है। सीएसके के लिए, युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और शेख रशीद से मजबूत शुरुआत की उम्मीद की जाएगी, जबकि अनुभवी रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस और खुद धोनी मध्य और निचले क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आयेंगे। टीम में गेंदबाजी आक्रमण खलील अहमद और अंशुल कंबोज पर निर्भर करेगा, जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और जडेजा से किसी भी टर्न का फायदा उठाने की उम्मीद है। दिल्ली का मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक बादल छाए रहने की उम्मीद है और सपाट पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों के अनुकूल है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 के आसपास का स्कोर बनाने की कोशिश करेगी, क्योंकि इस मैदान पर दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि रविवार के मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल के 200 रन के लक्ष्य को बिना विकेट खोये आसानी से हासिल कर लिया था। जब दोनों टीमों का सिर्फ सम्मान दांव पर लगा हो, तो सीएसके और आआर प्रशंसकों को एक आखिरी शो देने की कोशिश करेंगे और धोनी के के शानदार आईपीएल सफर का एक और अध्याय हो सकता है।

**सीएसकेः** एमएस धोनी (कप्तान-विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, शेख रशीद, जड़ेजा, डेवाल्ड, अश्विन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, शिवम (इम्पैक्ट प्लेयर)

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग, शिम्रोन हेटमायर, ध्रुव जुरेल, वानिंदु हसरंगा, क्वेना मफाका, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, फजलहक फारूकी, शुभम दुबे (इम्पैक्ट प्लेयर) के तौर पर रहेंगे।



## खेल समाचार

### 236 करोड़ से तैयार होगा उत्तर प्रदेश का चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236-40 करोड़ रुपए खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। प्रदेश में यह चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम होगा। प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निर्माणाधीन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। गोरखपुर में बनने वाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि 5 एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। यह स्टेडियम एयरपोर्ट से 23-6 किमी, राप्तीनगर बस अड्डे से 22 किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20-8 किमी की दूरी पर स्थित होगा तथा उत्तम कनेक्टिविटी को प्रशस्त करने के लिए इसे संपर्क मार्ग के जरिए गोखपुर-वाराणसी हाइवे (एनएच-24) से जोड़ने की तैयारी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इस 2 मंजिला क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें 7 मुख्य पिच व 4 प्रैक्टिस पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। यह स्टेडियम मल्टीपर्पज यूज मॉड्यूल पर बनेगा, यानी यहां इंटरनेशनल क्रिकेटिंग इवेंट्स के साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकेगा। गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को ईपीसी मोड पर बनाए जाने की तैयारी है। इसके अंतर्गत स्टेडियम परिसर में एंट्री गेट्स, सिक्योरिटी चेक प्वॉइंट्स, ईस्ट व वेस्ट स्टैंड तथा नॉर्थ व साउथ पवेलियन का निर्माण किया जाएगा। परिसर में 1500 गाड़ियों की पार्किंग की क्षमता भी होगी। ईस्ट स्टैंड में 14,490 तथा वेस्ट स्टैंड में 14,490 के दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी।

# द्रविड़ ने जुरेल का किया बचाव मैच में चूकने पर अफसोस जताया



● द्रविड़ ने टीम में शामिल युवा भारतीय बल्लेबाजों जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, पराग और संजू की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दबाव में धैर्य बनाए रखने के लिए युवा बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की प्रशंसा की और इस सीजन में टीम की करीबी हार के बावजूद कठिन परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का श्रेय उन्हें दिया।

रविवार को राजस्थान की हालिया करीबी हार के बाद द्रविड़ ने कहा कि हर एक मैच में वह 13-14 रन प्रति ओवर का पीछा करना आसान नहीं है। उसने वास्तव में अच्छा खेला, भले ही हमने बीच के ओवरों में कई विकेट खो दिए हों। उसने हमें लक्ष्य के करीब पहुंचाया। क्रम में मुश्किल स्थिति में जुरेल के स्वभाव की प्रशंसा करते हुए द्रविड़ ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वह सात रन प्रति ओवर की जरूरत के लिए मैदान में उतरा और असफल रहा। यह हमेशा 12-13 रन होता है, कभी-कभी इससे भी ज्यादा। मुझे लगता है कि जुरेल ने हमारे लिए नंबर 5 पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्थिति में बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल है। द्रविड़ ने टीम में शामिल युवा भारतीय बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग और संजू सैमसन की तारीफ की और कहा कि हमने प्रतिभा देखी है। आज फिर से, जायसवाल, वैभव, जुरेल, यहां तक कि संजू और रियान की बल्लेबाजी भी देखी। हमारे पास युवा भारतीय बल्लेबाजों का एक मजबूत समूह है। वे एक साल में और बेहतर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी और पराग जैसे खिलाड़ियों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मैचों के माध्यम से और अधिक अनुभव प्राप्त होगा। द्रविड़ ने कहा कि वैभव भारत अंडर-19 सेटअप की तरह बहुत अधिक क्रिकेट खेलेगा। रियान पराग भी। ये खिलाड़ी पूरे साल कठिन क्रिकेट खेलेंगे।

## बेन स्टोक्स ने चोट से उबरने के लिए शराब छोड़ी



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था और उन्हे उम्मीद है इससे उनकी चोट से उबरने में मदद मिलेगी। 33 वर्षीय स्टोक्स ने दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद अपने बाएं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवाई थी। शुरू में उन्हें कम से कम तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था, लेकिन अभी तक उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए नहीं खेला है। इंग्लैंड की अंतर्राष्ट्रीय गर्मियों की शुरुआत 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ होगी। ऑलराउंडर स्टोक्स को पिछली गर्मियों में द हंड्रेड के दौरान इसी तरह की चोट लगी थी। उन्होने कहा कि अपनी पहली बड़ी चोट के बाद, मुझे उसका सदमा याद है। मैंने सोचा हमने चार या पांच रात पहले थोड़ी शराब पी थी, क्या इससे कोई फर्क पड़ता। इससे कोई मदद नहीं मिलती। फिर मैंने सोचा ठीक है, मुझे जो करना है उसे बदलना होगा। नतीजतन, स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने जनवरी की शुरुआत से शराब नहीं पी है।

# अल्कराज के सिर सजा इटैलियन ओपन का ताज

● वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे एलएफान पर पहुंचे सिनर की 26 मैचों की जीता का सिलसिला टूटा

**नई दिल्ली, वार्ता।** कार्लोस अल्कराज इटालियन ओपन के फाइनल में जैनिक सिनर को 7-6 (7/5), 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। उनका यह इस सीजन का तीसरा खिताब है। इसके साथ ही वह वर्ल्ड रैंकिंग में सिनर के बाद दूसरे एलएफाान पर पहुंच जाएंगे। मोंटे कार्लो में जीत के बाद अल्कराज का यह इस साल का दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है।

अल्कराज का यह इस साल का दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है। सिनर के 26 मैचों की जीत का सिल. सिला टूटा सिनर की 26 मैचों की लगातार जीत का सिलसिला टूट गया, जिन्हें पिछली बार भी अल्कराज ने ही चाइना ओपन के फाइनल में हराया था। 2024 की शुरुआत से सिनर को टूर फाइनल में हराने वाले अल्कराज एकमात्र खिलाड़ी हैं। इटालियन ओपन से पहले जैनिक सिनर को अल्काराज ने ही 2024 के शुरुआत में हराया था। जैस्मीन पाओलिनी ने सिंगल्स और डबल्स जीतने वाली खिलाड़ी बनीं जैस्मीन पाओ. लिनी ने मोनिका सेलेस के बाद पहली बार इटालियन ओपन में सिंगल्स और डबल्स दोनों का खिताब जीते। उन्होंने सारा एरानी के साथ मिलकर युगल का खिताब जीता और सिंगल्स में कोको गाफ को हराकर 1985 के बाद रोम में सिगल्स खिताब जीतने वाली पहली इटालियन महिला खिलाड़ी बनीं।



## बरार ने पत्नी को समर्पित किया 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 22 रन देकर तीन लेने वाले पंजाब किंग्स के गेंदबाज हरप्रीत बरार ने अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार पत्नी को समर्पित किया है। यहां राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से शिकस्त देने के बाद प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंची पंजाब किंग्स के 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने हरप्रीत बरार ने कहा कि मैं बेहद खुश हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी पत्नी को समर्पित करना चाहता हूं क्योंकि यह शादी के बाद मेरा पहला पुरस्कार है। हमने बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए बहुत अभ्यास किया है और पोंटिंग सर ने भी हमें कहा था कि एक लेफ्टी, लेफ्टी को आउट कर सकता है। जिस तरह से विकेट खेल रही थी और वह बल्लेबाजी कर रहे थे, हमारी योजना यही थी कि हम उन्हें खराब गेंद ना करें। सुनील जोशी सर के साथ बहुत काम आया है और उन्हें मुझे क्रीज का इस्तेमाल करने और बल्लेबाज को रीड करने में मेरी बेहद मदद की है।

## आदिल राशिद ने इंग्लैंड के नए कप्तान के रूप में ब्रूक का किया समर्थन



■ हैरी ब्रूक विंडीज के खिलाफ पहली बार टीम की कमान संभालेंगे

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के वरिष्ठ स्पिनर आदिल राशिद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली सीरीज से पहले नए कप्तान हैरी ब्रूक का समर्थन किया है। इंग्लैंड के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में एक नया युग शुरू हो रहा है, हैरी ब्रूक 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान पहली बार कप्तानी संभालेंगे। इंग्लैंड की टीम हाल के वर्षों में एक बदलाव के दौर से गुजर रही है। 2019 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की जीत और 2022 टी20 विश्व कप की जीत के बाद, हाल ही में सफलता उनके हाथ नहीं लगी है। आईसीसी टूर्नामेंटों में उनके प्रदर्शन में उल्लेखनीय गिरावट आई है, 2023 क्रिकेट विश्व कप में वे सातवें स्थान पर रहे और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में वे जीत दर्ज नहीं कर पाए। जोस बटलर के पद छोड़ने के फैसले के बाद, 26 वर्षीय हैरी ब्रूक को इंग्लैंड के टेस्ट क्रिकेट का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सीनियर खिलाड़ी पूरी तरह से उनके साथ हैं, आदिल राशिद को पूरा भरोसा है कि ब्रूक टीम को आगे ले जाने के लिए सही व्यक्ति हैं। पीए न्यूज एजेंसी से बात करते हुए राशिद ने कहा, ह मुझे यकीन है कि वह तैयार हैं, लेकिन जब कोई कप्तानी संभालता है तो यह रातों-रात नहीं होता। उनके पास समय है, उन्होंने अब तक जो किया है, उसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे यकीन

# सीरीज कब्जाना बांग्लादेश का लक्ष्य



**शारजाह, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने अपनी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हुये कहा कि वह सोमवार को यूएई के खिलाफ सीरीज के दूसरे टी-20 मैच में सीरीज पर कब्जा करना चाहते हैं।

शनिवार को सीरीज के पहले मैच में यूएई पर 27 रन से जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश को मैच के अंत में कुछ चिंता. जनक पलों का सामना करना पड़ा था। युवा सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन के शानदार शतक और उनके गेंदबाजों के परिपक्व प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने सीरीज के पहले मैच में जीत दर्ज की, लेकिन दास चाहते हैं कि उनकी कप्तानी में उनकी टीम और भी आक्रामक हो और वे सोमवार को और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, दास ने कहा कि विकेट

■ लिटन दास चाहते हैं कि उनकी कप्तानी में टीम और भी आक्रामक होकर खेले

बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था और इमोन ने जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह शानदार थी लेकिन हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हम आखिरी तीन ओवरों में ज्यादा रन नहीं बना सके। मैं हमेशा जानता हूं कि मेरे गेंदबाज किसी भी समय वापसी कर सकते हैं, क्योंकि मुझे अपनी गेंदबाजी इकाई पर भरोसा है। इसके साथ ही, यूएई के बल्लेबाजों को भी श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने बीच के ओवरों में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और हमें इससे सीखने की जरूरत है। उन्होने कहा कि यह समझने के लिए कि इस पिच पर किस तरह की गेंदबाजी कारगर साबित होगी। जिस तरह से सभी गेंदबाजों ने गेंदबाजी की और संयम दिखाया, वह प्रभावशाली था। बीच के ओवरों में स्कोर 50-50 लग रहा था, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की।

श्रृंखला के पहले मैच में इमोन की पारी ने उस नई आक्रामकता को दर्शाया, जिसे दास चाहते हैं कि बांग्लादेश अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले खेले। 22 वर्षीय इमोन टी-20 प्रतियोगिता में शतक बनाने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इमोन ने यूएई के असहाय आक्रमण के खिलाफ पांच चौके और रिकॉर्ड तोड़ नौ छक्के लगाए। मैच के बाद उन्होंने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश के बल्लेबाजों के लिए एक विशेष क्लब में इकबाल के साथ शामिल होने के लिए रोमांचित हैं। इमोन ने 54 गेंदों की पारी के बाद कहा कि ष्मैं तमीम भाई के (रिकॉर्ड) से अच्छी तरह वाकिफ था, क्योंकि उन्होंने ओमान के खिलाफ (2016 टी-20 विश्व कप में) शतक बनाया था और मैं उनके सभी मैच देखने की कोशिश करता हूं। घर लौटने के बाद, मुझे याद आया कि तमीम भाई ने पहला शतक बनाया था। मैं खुश हूं क्योंकि बचपन में मैं तमीम के खेल देखता था और अब मेरा नाम उनके नाम के ठीक बगल में है।

# मेसी ने इंटर मियामी से किया एकजुटता का आह्वान

**फ्लोरिडा, वार्ता।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने खराब दौर से गुजर रही अपनी टीम इंटर मियामी से एकजुटता बनाये रहने की अपील की है। उनकी टीम का खराब प्रदर्शन एमएलएस में ऑरलैंडो सिटी से घरेलू मैदान पर 3-0 से हार के साथ जारी रहा। फ्लोरिडा डर्बी में हार मियामी की सभी प्रतियोगिताओं में सात मैचों में पांचवीं हार थी और वे ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में छठे स्थान पर खिसक गए हैं। अर्जेंटीना के फॉरवर्ड मेसी ने केवल दो शॉट टारगेट पर लगाए और एक फी-किक को खराब प्रदर्शन के दौरान गंवा दिया। मेस्सी ने कहा कि अब हम वास्तव में देखेंगे कि क्या हम मुश्किल समय में एक टीम हैं, क्योंकि जब सब कुछ ठीक चल रहा होता है तो यह बहुत आसान होता है। जब मुश्किल समय आता है, तो हमें पहले से कहीं अत्तिाक एकजुट होना चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑरलैंडो ने हाफ-टाइम से ठीक पहले लुइस मुरील के गोल से बढ़त हासिल की, उसके बाद दूसरे हाफ में मार्को पासालिक और डागुर डैन थोरहॉल्सन ने गोल किए। पिछले सीजन में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में शीर्ष पर रहने वाली मियामी ने अपने पिछले सात मैचों में 20 गोल खाए हैं, जिसमें से उनकी एकमात्र जीत न्यूयॉर्क रेड बुल्स के खिलाफ आई है। क्लब की फॉर्म में गिरावट अगले महीने संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले क्लब विश्व कप में उनकी उपस्थिति से पहले आई है। नवंबर में मियामी में पदभार संभालने वाले मुख्य कोच जेवियर मास्चेरानो ने कप्तान मेस्सी के शब्दों को दोहराया। उन्होने कहा कि जब आप इस गतिशील स्थिति में होते हैं, अगर हम में से प्रत्येक खुद को किनारे की ओर खींचना शुरू कर देता है, तो उस पल को पार करना असंभव हो जाएगा। यह स्पष्ट है कि हमें इस पर एक साथ काबू पाना होगा क्योंकि स्पष्ट रूप से इस टीम ने दिखाया है, खासकर सीज़न की शुरुआत में, कि वे क्या करने में सक्षम है।

# एशिया कप से हटने की खबरें सही नहीं: BCCI

■ बोर्ड ने एसीसी के आयोजन पर कोई बात नहीं की, हमारा फोकस आईपीएल पर है: सैकिया

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने भारत के एशिया कप से हटने की खबरों का खंडन किया है। सैकिया ने कहा कि एशिया कप से भारत के हटने की खबरें सही नहीं हैं। बोर्ड ने आगामी एसीसी आयोजनों पर न तो कोई चर्चा की है और न ही कोई कदम उठाया है। एसीसी को कुछ लिखना तो दूर की बात है। इस समय हमारा मुख्य ध्यान मौजूदा आईपीएल और उसके बाद होने वाली इंग्लैंड सीरीज, पुरुष और महिला दोनों पर है।श सोमवार सुबह कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप 2025 से हटने का मन बनाया है। दरअसल, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष हैं।

वे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन भी हैं। 22 अप्रैल को हुए पहलगांव में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की एिलएफाति है। 2023 में वनडे फार्मेट में खेले गए एशिया कप में भारत-पाकिस्तानी की टीमें कोलंबो में लीग मुकाबले में भिड़ी थीं। इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को 228 रन से हराया था। सितम्बर में भारत में होना है एशिया कप एशिया कप इस साल सितम्बर में भारत की मेजबानी में होना है। लेकिन, अगर भारत हटता है तो मुमकिन है कि पूरा टूर्नामेंट ही रद्द हो जाए। भारत के नहीं खेलने पर ब्राडकास्टर पीछे हट सकते हैं। इमर्जिंग वुमन एशिया कप से हटने की जानकारी दे दी गई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगले महीने श्रीलंका में होने वाले इमर्जिंग वुमन एशिया कप से हटने की जानकारी बीसीसीआई ने मौखिक रूप से दे दी है। 2023 में हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था एशिया कप 2023 में एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई थी। भारतीय टीम ने पाकिस्तान में जाकर खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था। इसके तहत भारत के मैच श्रीलंका में करवाए गए थे। फाइनल भी श्रीलंका में खेला गया था। पाकिस्तान की टीम फाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। भारत ने 10 विकेट से श्रीलंका को फाइनल में हराया था। इस साल फरवरी में हुए चैंपियंस ट्राफी में खेलने के लिए भी भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई थी। टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था। भारत के मैच दुबई में खेले गए थे। भारतीय टीम ने दुबई में चैंपियंस ट्राफी 2025 के खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था। 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत आई थी पाकिस्तानी टीम पाकिस्तान की टीम 2023 वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। भारत यह मैच 7 विकेट से जीता था।

# मोहम्मद शमी ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट

● शमी ने सीएम योगी को बुके भेंट किये



**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

शमी आज सुबह मुख्यमंत्री के पांच कालीद. स मार्ग स्थित सरकारी आवास पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी को बुके भेंट किया। योगी ने भारतीय तेज गेंदबाज को ओडीओपी के उत्पाद भेंट किये। शिष्टाचार मुलाकात के बाद शमी ने इसे प्रेरणादायक बताते हुए मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण और समर्पण की जमकर सराहना की। मोहम्मद शमी ने एक्स पर लिखा कि मैं सीएम योगी सर का दिल से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझसे मिलने के लिए समय निकाला। आपकी अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन अमूल्य है, और मैं हमारी चर्चाओं के प्रति आपकी प्रतिबद्त्राता की सराहना करता हूं। योगी ने भी शमी से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुये एक्स पर लिखा ह भारतीय क्रिकेट टीम के प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी जी से आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई। इस मुलाकात को दोनों पक्षों ने सकारात्मक और प्रेरक बताया।

# सम्पादकीय

मंगलवार , 20 मई 2025

## देश के 'जयचंद'

देश में पहलगाम हमले के बाद देश के गद्दारों को पता लगाया जा रहा है। ये जयचंद देश की महत्वपूर्ण सूचनाएं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करते थे। हैदराबाद में आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। इन पर बम धमाके की साजिश रचने का आरोप है। रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पुलिस ने दोनों को पकड़ा और बम ब्लास्ट होने से बचा लिया। संदिग्ध आतंकियों की पहचान सिराज-उर-रहमान और सैयद समीर के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि इन दोनों को सऊदी अरब में एक्टिव आईएसआईएस मॉड्यूल से निर्देश मिल रहे थे, जो हैदराबाद में हमला करवाना चाहता था। इससे पहले हरियाणा के हिसार से ज्योति मल्होत्रा और मुरादाबाद से शहजाद को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर पाक की एजेंसी के साथ मिला होने का आरोप है। पुरानी कहावत है कि जहां जयचंद हों, वहां तरक्की कैसे हो सकती है। रावण के घर में भी विभीषण हुआ था, जिसकी वजह से पूरी लंका नष्ट हो गई थी। यही हाल अब है। जब देश में जयचंद हैं, तो पड़ोसी क्यों डरेंगे, लेकिन जिस तरह से अब इनका पता लगाया जा रहा है और गिरफ्तारी की जा रही है, उससे हमारी खुफिया एजेंसी पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस के अनुसार ये लोग इतने लंबे समय आईएसआई के लिए काम करते रहे और किसी को भनक नहीं लगी। कहीं पुलवामा, बालाकोट और पहलगाम में हुए हमले इनकी वजह से ही तो नहीं हुए। अगर ये बात सामने आती है तो हमारी खुफिया एजेंसी को मंथन करने की जरूरत होगी। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हिरासत में ले लिया है। एनआईए की टीम सोमवार को ज्योति से पूछताछ करने हिसार पहुंची थी। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर चंडीगढ़ ले गई। भारत में पाकिस्तान के कई एजेंट पकड़े गए हैं, जो भारत से पाकिस्तान में जानकारी भेजते रहते हैं। अगर भारत में आए पाकिस्तानी जासूसों की बात करें तो भारत में हर साल औसत 10-12 जासूस पकड़े जाते हैं। लेकिन इनसे सचेत रहने की जरूरत है, क्योंकि ये अलग-अलग भेष बनाकर देश के अलग-अलग शहरों में रहते हैं। अगर समय रहते इनका पता लगा लिया होता और इन्हें गिरफ्तार कर लिया होता, तो शायद ये हमले नहीं होते। आखिर हमारे देश का प्रशासन हमलों के बाद ही सक्रिय क्यों होता है, इस बात पर मंथन करने की जरूरत है। क्योंकि पहलगाम हमले के बाद से ही यह कदम उठाया गया है। इससे पहले नहीं। क्यों नहीं हमारे खुफिया तंत्र को पहले से इनकी जानकारी नहीं होती या फिर खुफिया तंत्र किसी बड़े हादसे की इंतजार में रहता है। ये ही हमारे देश के जयचंद हैं, जो नमक खाते हैं हिन्दुस्तान का और काम करते हैं पाकिस्तान या अन्य देशों के लिए। ऐसा ही एक मामला हरियाणा के नूंह में सामने आया है, जहां जासूसों के नेटवर्क का अड्डा बताया जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की जांच एजेंसियां मामले की पड़ताल में जुटी हुई हैं। इस बीच देश के अंदर कुछ ऐसे लोग पकड़े गए हैं जो पाकिस्तान के लिए जासूसी का काम कर रहे थे। यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की तरह नोमान इलाही भी पाकिस्तान के लिए जासूसी किया करता था। उसे भी पिछले हफ्ते हरियाणा की एक फैक्ट्री से गिरफ्तार किया गया था। नोमान पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को गोपनीय जानकारी देने का आरोप हैं। साथ ही वह लगातार पाकिस्तान के साथ संपर्क में रहा।

### सरकार की कूटनीतिक विफलता



ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का बयान सरकार की कूटनीतिक विफलता है, युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीतिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं, सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम भूमिका हो जाती है, जो राजधानी में बैठे होते हैं, इन की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है, विदेश मंत्री ने खुद मीडिया को बताया है कि हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था, अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है, क्या विदेश मंत्री को भरोसा है कि पाक के कहने पर आतंकी चुपचाप बैठेंगे।

-पवन खेड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता

# ऑपरेशन सिंदूर और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का इतिहास लंबा और जटिल रहा है। दोनों देशों के बीच कश्मीर को लेकर दशकों से चला आ रहा विवाद समय-समय पर हिंसक संघर्षों का कारण बनता रहा है। हाल ही में अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया। इस हमले में 26 पर्यटकों की जान गई थी, जिसके लिए भारत ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इस घटनाक्रम ने दक्षिण एशिया में तनाव को और बढ़ा दिया। इस संदर्भ में, अमरीका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय की युद्ध मामलों की विशेषज्ञ प्रोफेसर क्रिस्टीन फेयर ने एक टीवी साक्षात्कार में इस संघर्ष के कारणों, परिणामों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

प्रोफेसर फेयर ने अपने साक्षात्कार में बताया कि पाकिस्तान की सेना और उसका खुफिया तंत्र लंबे समय से आतंकी संगठनों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा आदि को समर्थन देता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संगठन न केवल कश्मीर में सक्रिय हैं, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके अनुसार, पाकिस्तानी सेना इन संगठनों को रणनीतिक संपत्ति के रूप में देखती है, जो भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ने में उपयोगी हैं। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस ऑपरेशन को भारत ने अपनी आत्मरक्षा का अधिकार बताया, जबकि पाकिस्तान ने इसे अपनी संप्रभुता पर हमला करार दिया। प्रोफेसर फेयर ने इस ऑपरेशन को भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे कदम आतंकवाद को पूरी तरह खत्म नहीं कर सकते, क्योंकि पाकिस्तान की सेना के लिए भारत के खिलाफ संघर्ष अस्तित्वगत है। यह उनके वजूद का सवाल है। भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाकिस्तान अनेक देशों से आर्थिक मदद मांगता रहा है।

प्रोफेसर फेयर ने पाकिस्तानी सेना की भारत के प्रति कार्यशैली पर एक किताब भी लिखी है। इस साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की सेना अपने देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानती है और इस धारणा को बनाए रखने के लिए वह आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है। फेयर के अनुसार, उनकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तानी सेना के लिए कश्मीर विवाद केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह उनकी वैचारिक और रणनीतिक पहचान का हिस्सा है। फेयर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना तब तक आतंकवाद को समर्थन देती रहेगी, जब तक कि उसे भारत के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिलता रहेगा। भारत की हालिया सैन्य कार्रवाइयों, जैसे ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया है कि भारत अब पहले की तरह निष्क्रिय नहीं रहेगा।



**प्रोफेसर फेयर ने पाकिस्तानी सेना की भारत के प्रति कार्यशैली पर एक किताब भी लिखी है। इस साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की सेना अपने देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानती है और इस धारणा को बनाए रखने के लिए वह आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है। फेयर के अनुसार, उनकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तानी सेना के लिए कश्मीर विवाद केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह उनकी वैचारिक और रणनीतिक पहचान का हिस्सा है। फेयर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना तब तक आतंकवाद को समर्थन देती रहेगी, जब तक कि उसे भारत के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिलता रहेगा।**

साक्षात्कार में प्रोफेसर फेयर ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रणनीति की भी चर्चा की। उन्होंने डोभाल को एक ऐसे रणनीतिकार के रूप में वर्णित किया, जो भारत की सुरक्षा नीति को आक्रामक और सक्रिय दिशा में ले जा रहे हैं। फेयर ने कहा कि डोभाल की सक्रिय रक्षा की नीति ने भारत को पाकिस्तान के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर इस नीति का एक उदाहरण है, जिसमें भारत ने न केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि पाकिस्तान को कूटनीतिक और सैन्य रूप से भी जवाब दिया। हालांकि, फेयर ने यह भी चेतावनी दी कि इस तरह की आक्रामक नीति के अपने जोखिम भी हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान, दोनों ही परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं और किसी भी सैन्य टकराव का बढ़ना दक्षिण एशिया में व्यापक विनाश का कारण बन सकता है।

उनके अनुसार, भारत को अपनी रणनीति में संतुलन बनाए रखना होगा, ताकि वह आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए, लेकिन साथ ही स्थिति को पूर्ण युद्ध की ओर बढ़ने से रोके। 10 मई 2025 को भारत और पाकिस्तान ने एक युद्धविराम की घोषणा की, जिसे अमेरिका की मध्यस्थता से संभव माना गया। हालांकि, भारत ने इसे द्विपक्षीय समझौता बताया और अमेरिकी हस्तक्षेप को कमतर करने की कोशिश की। प्रोफेसर फेयर ने इस युद्धविराम को अस्थाई करार दिया। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तानी सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती, तब तक इस तरह के तनाव बार-बार सामने आएंगे। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि पाकिस्तान भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है, क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। फेयर के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका, इस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता हमेशा दोनों देशों को स्वीकार्य नहीं होती, खासकर भारत के लिए, जो कश्मीर को अपना आंतरिक मामला मानता है। प्रोफेसर क्रिस्टीन फेयर का टीवी साक्षात्कार भारत-पाकिस्तान संघर्ष की जटिलताओं को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

उनके विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि इसमें गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। पाकिस्तानी सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थाई शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। हालांकि, फेयर का यह भी मानना है कि दोनों देशों के बीच संवाद और कूटनीति के रास्ते अभी पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। यदि पाकिस्तान अपनी नीतियों में बदलाव लाता है और भारत संतुलित रुख अपनाता है, तो भविष्य में तनाव को कम करने की संभावना बनी रह सकती है, लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों को न केवल अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करना होगा, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ सहयोग भी करना होगा।



विनीत नारायण

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**तालाबों से निकाला जाता है ये सुपरफूड, खाने से शरीर को मिलती है इतनी ताकत मखाना वाटर लिली पौधो का बीज होता है, जिसे फॉक्स नट या लोटस सीड और प्लांट पॉप के नाम से भी जाना जाता है, रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया का 90 प्रतिशत मखाना भारत के बिहार राज्य में उपजाया जाता है, लेकिन अब यह साधारण सा दिखने वाला मखाना एक ग्लोबल सुपरफूड बन गया है, अनोखे स्वाद और टिकटॉक फैनडम के साथ इसे नया रूप मिल रहा है।**

# किडनी के मरीज संभलकर खाएं मखाना



मखाने में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनका सेवन शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या किडनी के मरीज मखाना खा सकते हैं या नहीं? हम अपनी डेली लाइफस्टाइल में कई चीजें शामिल करते हैं, जिससे हमारा स्वास्थ्य बना रहे। जैसे ड्राई फ्रूट्स में मखानों को भी शामिल किया जाता है। मखाना शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाने में उपयोगी होता है। मखाने में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनका सेवन शरीर के लिए आवश्यक होता है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या किडनी के मरीज मखाने का सेवन कर सकते हैं या नहीं? आइए जानते हैं मखाने की न्यूट्रिशनल वैल्यू और इसके किडनी स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में।

### मखाने की न्यूट्रिशनल वैल्यू

मखाने में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, विटामिन B2 और B6 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और ओमेगा-3 फैटी एसिड सूजन कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। यह पाचन, हड्डियों और मेटाबॉलिज्म के लिए भी फायदेमंद है।

### किडनी के मरीज मखाना खा सकते हैं

अगर आप भी किडनी के मरीज हैं, तो यह जानना आपके लिए महत्वपूर्ण है कि मखाने का सेवन किडनी के लिए फायदेमंद है या नहीं। अगर आप किडनी स्टोन या इससे जुड़ी अन्य समस्याओं से पीड़ित हैं, तो आपको मखाना खाने से बचना चाहिए, क्योंकि मखाने में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है और ऐसे में यदि किडनी से संबंधित समस्याओं से ग्रस्त व्यक्ति इसका सेवन करता है, तो यह पथरी के आकार को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, मखाने के सेवन से पेशाब में कैल्शियम की मात्रा भी बढ़ सकती है, जिससे किडनी से जुड़ी अन्य समस्याएं भी गंभीर हो सकती हैं। मखाने में प्रोटीन, पोटैशियम और फॉस्फोरस भी पाए जाते हैं, जो किडनी के मरीजों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं। इसलिए यदि आप मखाना खाना चाहते हैं, तो पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**डिसक्लेमर:** इस लेख में दी गई जानकारी का उद्देश्य केवल रोगों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता लाना है। यह किसी क्वालीफाइड मेडिकल ओपिनियन का विकल्प नहीं है। इसलिए पाठकों को सलाह दी जाती है कि वह कोई भी दवा, उपचार या नुस्खे को अपनी मर्जी से ना आजमाएं एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

### मखाने के स्वास्थ्य लाभ

- मखाने में प्रोटीन और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है।
- मखाने में फाइबर होता है, जो वजन कम करने में मदद करता है।
- मखाने में ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।
- मखाने में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं।
- मखाने में कैल्शियम व मैग्नीशियम होते हैं, हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

# 2025 का मानसून: समय से पहले देगा दस्तक

देशभर में इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है। उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक, लोग भीषण लू और चिलचिलाती धूप से बेहाल हैं। तापमान कई जगहों पर 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। इस बढ़ती गर्मी के बीच एक राहत की खबर आई है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने 2025 के दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर सकारात्मक और उत्साहजनक पूर्वानुमान जारी किया है। इस बार मानसून अपने सामान्य समय से पहले देश में दस्तक देगा, जिससे किसानों को भी फायदा होने की उम्मीद है।

### मानसून 2025 की विशेषताएं

मौसम विभाग के अनुसार, इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से पहले भारत पहुंचेगा। इसका मुख्य कारण वैश्विक और क्षेत्रीय जलवायु स्थितियों में बदलाव बताया जा रहा है। खासतौर पर ला नीना प्रभाव और हिंद महासागर में समुद्र सतह के तापमान में बदलाव का मानसून पर गहरा असर पड़ता है। ये दोनों कारक इस बार मानसून के जल्दी शुरू होने के पीछे माने जा रहे हैं। ला नीना एक समुद्री घटना है जिसमें प्रशांत महासागर के सतह के तापमान सामान्य से कम हो जाते हैं। इसका असर भारत के मानसून पर सकारात्मक होता है और सामान्य से अधिक बारिश की संभावना को जन्म देता है। वहीं हिंद महासागर डिपोल का सकारात्मक चरण भी बारिश को बढ़ावा देता है।

### अंडमान निकोबार में दस्तक

हर साल की तरह इस बार भी मानसून की शुरुआत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने पुष्टि की है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 13 मई 2025 को अंडमान और निकोबार द्वीपों में प्रवेश कर लिया है। इसके साथ ही इन द्वीपों में भारी बारिश भी दर्ज की गई है। यह संकेत है कि मानसून अपनी सामान्य दिशा और प्रवाह के अनुसार आगे बढ़ रहा है, बल्कि इस बार यह थोड़ी रफ्तार से भी बढ़ रहा है। अंडमान और निकोबार में मानसून की शुरुआत के बाद, यह तेजी से दक्षिण भारत की ओर बढ़ेगा और फिर मध्य तथा उत्तर भारत को कवर करेगा।

### केरल में 27 मई को पहुंचेगा मानसून

केरल को भारत में मॉनसून का प्रवेश द्वार माना जाता है। आमतौर पर मानसून यहां 1 जून को दस्तक देता है, लेकिन इस बार 27 मई को ही मानसून केरल तटों पर पहुंच जाएगा। यह सामान्य तिथि से चार दिन पहले है। यह बदलाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि 2009 के बाद यह पहला मौका है जब मानसून इतने जल्दी केरल में प्रवेश करेगा। यह न केवल मौसम वैज्ञानिकों के लिए अध्ययन का विषय है, बल्कि किसानों और जल प्रबंधन विभागों के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है।

### दक्षिण भारत में मानसून का विस्तार

केरल में दस्तक देने के बाद मानसून कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में तेजी से फैलेगा। भारतीय मौसम विभाग का अनुमान है कि 5 से 7 जून के बीच दक्षिण भारत के अधिकतर हिस्सों में मानसून सक्रिय हो जाएगा। इसका मतलब है कि कृषि गतिविधियों के लिए पानी की उपलब्धता जल्द सुनिश्चित हो सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आगमन से खरीफ की फसल की बुआई समय पर शुरू हो सकेगी और इससे उत्पादन बढ़ने की भी उम्मीद की जा सकती है।

### मध्य भारत की ओर बढ़ता मानसून

दक्षिण भारत को कवर करने के बाद मानसून मध्य भारत की ओर बढ़ेगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, और ओडिशा जैसे राज्यों में मानसून जून के दूसरे और तीसरे सप्ताह में दस्तक देगा। इस दौरान इन क्षेत्रों में भारी से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। मध्य भारत में मानसून का समय पर पहुंचना न केवल कृषि के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि तापमान में गिरावट लाकर जनजीवन को भी राहत देता है। कई हिस्सों में जलाशयों का स्तर भी मानसून के भरोसे होता है, जिससे जल संकट की समस्या हल हो सकती है।

### उत्तर भारत में मानसून की चाल

उत्तर भारत में विशेष रूप से दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में मानसून की राह पर सबकी निगाहें टिकी होती हैं। आमतौर पर दिल्ली में मानसून 25 जून के आसपास दस्तक देता है, लेकिन इस बार संभावना जताई जा रही है कि मानसून 20 जून से 29 जून के बीच दिल्ली पहुंच सकता है। हालांकि, मौसम विभाग ने अभी तक कोई निश्चित तारीख नहीं दी है क्योंकि उत्तर भारत में मौसम की अनिश्चितता अधिक रहती है। स्थानीय मौसम परिस्थितियां और वैश्विक जलवायु परिवर्तन मानसून की गति और दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। फिर भी उम्मीद की जा रही है कि मानसून समय से पहले या कम से कम समय पर दिल्ली और आसपास के इलाकों में पहुंचेगा, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

**दिल्ली एनसीआर में इस वर्ष 20 जून के आसपास लगाया जा रहा मानसून के आगमन का अनुमान।**



### पूर्वोत्तर भारत में मानसून की स्थिति

पूर्वोत्तर भारत में हर साल मानसून सबसे पहले दस्तक देता है। इस क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण बाढ़ और भूस्खलन जैसी समस्याएं अक्सर देखने को मिलती हैं। इस बार भी पूर्वोत्तर राज्यों जैसे असम, मेघालय, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में मानसून सामान्य समय से पहले या समय पर पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने यहां भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है, खासकर जून के दूसरे सप्ताह से लेकर जुलाई के पहले सप्ताह तक। प्रशासन को बाढ़ प्रबंधन और आपदा राहत कार्यों के लिए पहले से तैयार रहने की सलाह दी गई है।

### पश्चिम भारत और गुजरात में स्थिति

पश्चिम भारत के राज्यों राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ शुष्क हिस्सों में मानसून सामान्यतः देर से पहुंचता है। इस बार मौसम विभाग का अनुमान है कि गुजरात के अधिकांश हिस्सों में मानसून 10 से 15 जुलाई के बीच पहुंचेगा। गुजरात जैसे क्षेत्रों में मानसून का देर से आना सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन यहां की जलवायु और कृषि इस मानसून पर बहुत हद तक निर्भर करती है। जलाशयों, नदियों और सिंचाई स्रोतों की भरपाई मानसून की बारिश से ही होती है। भारतीय मौसम विभाग सैटेलाइट डेटा, मौसम मॉडल, समुद्री सतह के तापमान, वायुमंडलीय दबाव और पवन प्रवाह का विश्लेषण कर मानसून की स्थिति का पूर्वानुमान लगाता है। इसके अलावा वैश्विक जलवायु घटनाएं जैसे एल नीनो और ला नीना, हिंद महासागर डिपोल और Madden-Julian Oscillation जैसी जटिल प्रणालियों को भी असर देखा जाता है। इन सभी संकेतों का अध्ययन कर मौसम विभाग हर साल लॉन्ग रेंज फोरकास्ट यानी दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी करता है।

# बिना पायलट 10 मिनट तक उड़ती रही लुफ्थांसा फ्लाइट

## उड़ान का को-पायलट बेहोश हुआ था, 205 लोग मौजूद थे, 15 महीने बाद हुआ खुलासा



**स्पेन।** स्पेन जा रही एक फ्लाइट 205 लोगों के साथ करीब 10 मिनट तक बिना पायलट के उड़ान भरता रहा। दरअसल, विमान का पायलट टायलेट गया था, तभी अचानक को-पायलट की तबीयत खराब हो गई, और वह बेहोश हो गया था।

इसका खुलासा 15 महीने बाद स्पेन की दुर्घटना जांच एजेंसी सीआईएआईएसी की एक नई रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 17 फरवरी, 2024 को लुफ्थांसा के एयरबस ए321 में यह घटना हुई। फ्लाइट फ्रैंकफर्ट से सेविले, स्पेन जा रही थी। उस समय विमान में 199 यात्री और 6 क्रू मेंबर मौजूद थे। लुफ्थांसा दुनिया भर के 80 से ज्यादा देशों में 200 से अधिक डेस्टिनेशन तक सेवाएं देती है। पायलट बाथरूम से लौटा और काकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन अंदर से लॉक होने के कारण वह दरवाजा नही खोल पाए। क्रू मेंबर ने को-पायलट से बात करने की कोशिश में इंटरकाम पर काल भी किया। जवाब न मिलने पर कप्तान ने इमरजेंसी कोड का इस्तेमाल कर काकपिट के अंदर गए, और विमान को कंट्रोल किया। को-पायलट को क्रू और एक यात्री डाक्टर ने प्राथमिक उपचार दिया। जिससे को-पायलट को होश आया। जांच में पता चला कि को-पायलट को पहले से एक न्यूरोलाजिकल बीमारी थी, जिसके बारे में उसे पता नहीं था और यह उसके मेडिकल टेस्ट में भी नहीं

**■ लुफ्थांसा दुनिया में 80 से ज्यादा देशों में 200 से अधिक डेस्टिनेशन तक सेवाएं देती है**

पकड़ी गई थी। इसके बाद को-पायलट का मेडिकल सर्टिफिकेट रद्द कर दिया गया। लुफ्थांसा ने जर्मन समाचार एजेंसी को बताया कि वे इस घटना के बारे में जानते है, और उनकी उड़ान सुरक्षा टीम ने इसकी जांच भी की थी, लेकिन इसके परिणाम सार्वजनिक नहीं किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया कि उड़ान के दौरान पायलट के बेहोश होने या मृत्यु की घटनाएं रेयर होती हैं। यूरोपीय आयोग के 2019-2024 के डेटाबेस में 287 ऐसी घटनाएं दर्ज की गईं। अमेरिका की 2004 की एक रिपोर्ट में 1993 से 1998 के बीच 39 ऐसी घटनाएं अमेरिकी पायलटों के साथ हुईं।

## अमेरिका के साथ परमाणु समझौता संभव है: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका उसे भयभीत करने की प्रवृत्ति छोड़ दे तो दोनों देशों के बीच परमाणु समझौता संभव हो सकता है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रविवार शाम को ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी के साथ बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ईरान को 'डराना' बंद कर दे तो ईरान अमेरिका के साथ समझौता कर सकता है।



नीदरलैंड। हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

# बाइडन प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर अवस्था में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन को प्रोस्टेट कैंसर से ग्रसित हैं और यह उनकी हड्डियों तक फैल गया है। जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति का पद छोड़ने वाले बाइडन को शुक्रवार को बीमारी का पता चला, जब उन्होंने पिछले सप्ताह मूत्र संबंधी लक्षणों के लिए एक डॉक्टर को दिखाया था।

यह जानकारी उनके कार्यालय से एक बयान में दी। डॉक्यटरों के मुताबिक यह कैंसर रोग का ज्यादा आक्रामक रूप है, जिसका ग्लीसन स्कोर 10 में से 9 है। कैंसर रिसर्च यूके के अनुसार, इसका मतलब है कि उनकी बीमारी को 'हाई ग्रेड' में रखा गया है और कैंसर कोशिकाएं तेजी से फैल सकती हैं। जानकारी के अनुसार, बाइडन और



उनका परिवार उपचार के विकल्पों पर विचार कर रहा है। उनके कार्यालय ने कहा कि कैंसर हॉरमोन-संवेदनशील है, जिसका मतलब है कि इसे नियंत्रित किया जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार कि शुक्रवार को उनमें प्रोस्टेट कैंसर का निदान किया गया, जिसमें ग्लीसन स्कोर 9 (ग्रेड ग्रुप 5) था तथा हड्डी में मेटास्टेसिस था। हालांकि यह रोग का अधिक आक्रामक रूप है, कैंसर हार्मोन-संवेदनशील प्रतीत होता है, जिसके कारण इसका प्रभावी प्रबंधन संभव है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैं और मेलानिया बाइडन की बीमारी के सुनकर दुखी हैं। उन्होंने पूर्व प्रथम महिला जिल बाइडन का उल्लेख करते हुए कहा हम उनकी पत्नी और उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। हम बाइडन के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जिन्होंने बाइडन कार्यकाल में काम किया था, ने एक्स पर लिखा कि वह और उनके पति डग एमहॉफ बाइडन परिवार के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

# इजरायल ने किया इंडोनेशिया के अस्पताल का ध्वस्तिकरण शुरू

**यरूशलम।** इजरायली सैनिकों ने उत्तरी गाजा पट्टी में एक इंडोनेशियाई अस्पताल को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है जहां अभी कम से कम 55 लोग फंसे हुए हैं। अल जजीरा न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार यह उत्तरी गाजा में अंतिम चिकित्सा सुविधा है।

चैनल ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने अस्पताल के गेट पर हमला किया और बुलडोजर से अस्पताल की उत्तरी दीवार को ध्वस्त कर दिया। अल जजीरा की रिपोर्ट अनुसार इमारत में कम से कम 55 लोग फंसे हुए हैं, जिनमें चार डॉक्टर और आठ नर्स शामिल हैं। चैनल ने कहा कि अस्पताल के आसपास गोलीबारी की आवाजें सुनाई दे रही हैं। इजरायली रक्षा बलों ने 18 मार्च की रात को गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू किए। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन

**■ इजरायली रक्षा बलों ने 18 मार्च की रात को गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू किए**

नेतन्याहू ने कहा कि हमले जारी रहेंगे, क्योंकि फलस्तीनी आंदोलन हमास ने युद्धविराम को बढ़ाने और बंधकों को मुक्त करने की अमेरिकी योजना को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम आधिकारिक तौर पर 01 मार्च को समाप्त हो गया था, लेकिन मध्यस्थों द्वारा दोनों पक्षों के साथ गाजा में एक समझौते पर बातचीत जारी रखने के प्रयासों के कारण लड़ाई फिर से शुरू नहीं हुई है। हालांकि, इजरायल ने पट्टी में एक विलवणीकरण संयंत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी है तथा पट्टी में मानवीय सहायता ले जाने वाले ट्रकों का प्रवेश बंद कर दिया है।


# एशिया में तेजी से फैल रहा कोरोना वैरिएंट

## सिंगापुर में 14 हजार नए मामले आए सामने, चीन, हांगकांग, थाइलैंड आदि देश अलर्ट पर

**सिंगापुर, वार्ता**

**एशिया** के कई देशों में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। सिंगापुर, हांगकांग, चीन और थाईलैंड जैसे देशों में नए मामलों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वेरिएंट्स एलएफ7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है।

सिंगापुर में मई की शुरुआत में 14000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते में यह संख्या करीब 11100 थी। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, रोजाना अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ी है, लेकिन



**रोजाना अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30% तक बढ़ गई है**

गंभीर मरीजों की संख्या कम हुई है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वेरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के कोविड संक्रमित होने से मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोरोना वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शाट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फार डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है। वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं। जेएन1, ओमिक्रान के बीए2.86 का एक स्ट्रेन है। जिसे अगस्त 2023 में पहली बार देखा गया था। दिसम्बर 2023 में विश्व स्वाएलएफय संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया। इसमें करीब 30 म्यूटेशन्स हैं, जो इम्यूनिटी को कमजोर करते हैं। अमेरिका के जान्स हापकिंस यूनिवर्सिटी के अनुसार जेएन1 पहले के वैरिएंट्स की तुलना में ज्यादा आसानी से फैलता है, लेकिन यह बहुत गंभीर नहीं है। यह दुनिया के कई हिस्सों में सबसे आम वेरिएंट बना हुआ है। कोविड-19 जेएन1 के लक्षण कुछ दिनों से लेकर हफ्तों तक कहीं भी रह सकते हैं। अगर आपके लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं, तो हो सकता है कि आपको लान्ग-कोविड हो। यह एक ऐसी एिलएफाति है जिसमें कोविड-19 के कुछ लक्षण ठीक होने के बाद भी बने रहते हैं।

# गाजा में फूड सप्लाई को तैयार हुए नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी।

टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की वार कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे। आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'आक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है। पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य



**■ दो महीने से रुकी हुई थी सप्लाई इजरायली मंत्री बोले: यह फैसला हमास को ऑक्सीजन देने जैसा**

भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है। इस वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजरायल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरूरी मदद फिर से शुरू करने का आदेश दिया।

# पुर्तगाल में भारतीय दूतावास के बाहर पाकिस्तानियों का हंगामा

**लिस्बन।** पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में पाकिस्तानियों ने भारतीय दूतावास के सामने हंगामा किया। इसका जवाब देते हुए भारतीय अधिकारियों ने दूतावास के बाहर ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगा दिया। इस पर लिखा था-ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बैनर की तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही लिखा है कि पाकिस्तानियों के कायरतापूर्ण विरोध प्रदर्शन का




**■ जवाब में भारतीय एंबेसी ने ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगाया लिखा: यह अभी खत्म नहीं हुआ**

जवाब ऑपरेशन सिंदूर के बैनर के साथ दिया गया। हम दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुर्तगाल सरकार और उसके पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। इन तस्वीरों में भारतीय अधिकारी भी बैनर के साथ नजर आए। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर लान्च किया था। इस दौरान भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

# हूतियों ने इजरायली हवाई अड्डों को निशाना बनाने की दी धमकी

**अदन यमन।** यमन के हूती समूह ने घोषणा की कि वह गाजा में इज़रायल के हमलों में वृद्धि और यमन पर हाल ही में किए गए हमलों के जवाब में कुछ घंटों के भीतर बेन गुरियन हवाई अड्डे और अन्य अनिर्दिष्ट इज़रायली हवाई अड्डों के खिलाफ सैन्य अभियान चलाएगा। यह घोषणा हूती के मीडिया प्राधिकरण के उप प्रमुख नसरुद्दीन आमेर ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर एक बयान में की। आमेर ने इज़रायली हवाई अड्डों पर वर्तमान में परिचालन करने वाली सभी एयरलाइनों से तुरंत प्रस्थान करने का आग्रह किया और सभी यात्रियों को योजनाबद्ध हूती अभियानों से पहले बाहर निकलने की चेतावनी दी। इससे पहले इज़रायली सेना ने कहा कि उसने यमन से मध्य इज़रायल की ओर लॉन्च की गई एक मिसाइल को रोक दिया।

# अमेरिका से गाजा में तत्काल युद्धविराम कराने का आग्रह

**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्ताह अल-सीसी ने गाजा पट्टी में तुरंत युद्धविराम कराने का आग्रह किया और वहां मानवीय सहायता पहुंचाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

यह बयान उन्होंने एक दौरे पर आए अमेरिकी अधिकारी से मुलाकात के दौरान दिया। काहिरा में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्ताह अल-सीसी ने अमेरिका के वरिष्ठ सलाहकार मासाद बुलोस से मुलाकात के दौरान गाजा में तुरंत युद्धविराम की अपील की। दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने के उपायों पर चर्चा की। सीसी ने गाजा में युद्धविराम के लिए मिस्र, अमेरिका और कतर की संयुक्त मध्यस्थता प्रयासों की सराहना की और कहा कि मिस्र इस समन्वय को जारी रखेगा। अमेरिका के सलाहकार मासाद बुलोस ने मिस्र के साथ मिलकर मध्य पूर्व में शांति बहाल करने के संयुक्त प्रयासों में अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बैठक उस समय हुई जब इजरायल और हमास के बीच शनिवार को दोहा में परोक्ष वार्ता का नया दौर शुरू हुआ।

**दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने के उपायों पर भी चर्चा की**

# विश्व की जेलों में कैद हैं 23 हजार पाकिस्तानी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के 23 हजार से ज्यादा नागरिक इस समय दुनिया के कई देशों की जेलों में बंद है। इन्हें रेप, मर्डर और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया गया है। पाकिस्तानी अखबार डान के मुताबिक विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी संसद में दी है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में प्रश्नकाल के दौरान इससे जुड़ा सवाल पूछा गया था, जिसका मंत्रालय ने लिखित जवाब दिया। अपने लिखित जबाव में मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के कुल 23456 पाकिस्तानी नागरिक विदेशों की जेल में बंद हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 12156 सऊदी अरब में कैद है।

सऊदी के बाद दूसरे नंबर पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) है, जहां 5292 पाकिस्तानी जेल की सजा काट रहे हैं। चीन की जेलों में भी 400 पाकिस्तानी बंद हैं। इनमें से ज्यादातर ड्रग तस्करी, बलात्कार, डकैती और हत्या जैसे गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए हैं। डान की रिपोर्ट के मुताबिक बहरीन में बंद 450 पाकिस्तानी नागरिकों को ड्रग तस्करी, नशीले पदार्थों के कब्जे और धोखाधड़ी के आरोपों में सजा हुई है। वहीं अफगानिस्तान ने 88 पाकिस्तानी नागरिकों को ओवरस्टे और सुरक्षा से जुड़े अपराधों में दोषी ठहराया है। इस्लामिक देशों में भी पाकिस्तानी नागरिकों का रिकॉर्ड खराब है। कतर में 338, ओमान में 309, मलेशिया ने 255 पाकिस्तानी अलग-अलग अपराधों में



**■ रेप, मर्डर और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया गया है, पाक विदेश मंत्रालय ने संसद में दी जानकारी**

सजा काट रहे हैं। यूरोप के भी कई देशों में पाकिस्तानी अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। फ्रांस में 168 और जर्मनी में 94 पाकिस्तानी जेल में बंद हैं। आस्ट्रिया में भी पाकिस्तानियों को अवैध घुसपैठ, मानव और ड्रग तस्करी, हत्या और यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में दोषी ठहराया गया है, हालांकि संख्या नहीं बताई है। नार्वे में 3, फिनलैंड में 2, कनाडा में 9 डेनमार्क में 27 पाकिस्तानी दोषी ठहराए गए हैं। साल 2022 में एक रिपोर्ट जारी हुई थी। इसमें बताया गया था कि इंग्लैंड के रादरहैम, कार्नवाल, डर्बीशायर, रोशडेल और ब्रिस्टल शहर में साल 1997 से 2013 के बीच कम से कम 1400 नाबालिग बच्चियां यौन शोषण की शिकार बनीं थीं। आरोपियों में सबसे ज्यादा पाकिस्तानी मूल के लोग थे।

# पाक ने शाहीन मिसाइल इस्तेमाल नहीं की

**■ विदेश मंत्रालय ने कहा: इस मामले में किए जा रहे दावे झूठे, ये मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम, पाक आर्मी बोली: भारत के आगे नहीं झुकेंगे**

**इस्लामबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन बनयानुन मार्सूस के दौरान शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया।

उन्होंने कहा कि इस मिसाइल के इस्तेमाल को लेकर भारतीय मीडिया की तरफ से किए जा रहे दावे झूठे और बेबुनियाद हैं। बात दें शाहीन मिसाइल परमाणु और पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है। पाकिस्तान ने कहा कि बिना जांच के भड़काऊ और गलत खबरें फैलाना क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान पहुंचाता है और यह आधिकारिक संस्थानों की पेशेवर छवि को भी कमजोर करता है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने 12 मई 2025 को जारी अपने बयान में बताया था कि उसने भारतीय सेना के खिलाफ ऑपरेशन में फतह सीरीज (एफ1 और एफ2) की लंबी दूरी की मिसाइलों, लंबी दूरी के ड्रोन और तोपों का इस्तेमाल किया था।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान, कभी भी भारत के आगे नहीं झुकेगा। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका या इजराइल नहीं है और पाकिस्तान, अफगानिस्तान या फिलिस्तीन नहीं है। अनादोलु एजेंसी को दिए इंटरव्यू में सेना के प्रवक्ता ने दावा किया कि सीजफायर की अपील पहले भारत ने की थी, इसके बाद ही वे इसके लिए राजी हुए। प्रवक्ता चौधरी ने भारत को चेतावनी दी है कि अगर उसने पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने की कोशिश की, तो भारत को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे जो दशकों तक महसूस किए जाएंगे।

Recruitment For Teaching Staff
Required:
Faculty For BA/BBA/BCA/B.Ed
B.A - Subjects: Political Science, Urdu
BBA/BCA/B.Ed: All Subjects
Qualification: As per University/UGC Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor